

जबलपुर

बुधवार 22 अप्रैल 2026

वैशाख मास शुक्ल पक्ष –05

वर्ष : 20, अंक : 351

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम

अधि. 39

न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

पृथ्वी दिवस आज



haribhoomi.com


**गर्मी अब पूछ रही पता**

छिंदवाड़ा, सीधी, रतलाम सहित आधा दर्जन जिलों में आज से बढ़ेगी गर्मी

# नर्मदापुरम, खजुराहो, नौगांव और सीधी में पारा 43 डिग्री पर, आज चलेगी 'लू'



**भोपाल में दशमलव 4 डिग्री बढ़कर 40.2 डिग्री रहा पारा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अब गर्मी का सितल बढ़ेगा। दो दिन बदले रहे मौसम के बाद बुधवार से कुछ जिलों में लू का असर होगा, जबकि कुछ जगह बादलों के साथ मामूली बौछारें भी पड़ेंगी। इस बीच मंगलवार को 4 जिलों में पारा 43 डिग्री तक पहुंच गया। इससे यहां भीषण गर्मी महसूस की गई। भोपाल में दशमलव 4 डिग्री बढ़कर 40.2 डिग्री रहा। बादल छंटते ही प्रदेशभर में रात के तापमान में तेजी से कमी आई।



कलेक्टोरेट ऑफिस, दोपहर 1:45 बजे का दृश्य

**तेज हवाओं के साथ बौछारें भी पड़ेंगी**

बुधवार तक सिंगरौली, सीधी, अनुपपुर, शहडोल, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट जिलों में कुछ जगह बौछारें पड़ सकती हैं। इसके अलावा अधिकांश जिलों में आसमान साफ रहने से गर्मी बढ़ेगी।

### हीटवेव का असर रहेगा

बुधवार को छिंदवाड़ा, सीधी, रतलाम सहित पूर्वी और उत्तर पूर्वी हिस्सों के आधा दर्जन जिलों में गर्मी ज्यादा तेजी से बढ़ेगी। इस बीच कुछ जिलों में हीटवेव का असर भी रहेगा। भोपाल में भी गर्मी का पारा एक डिग्री तक बढ़ सकता है। मंगलवार को करीब आठ जिलों में पारा 41 से 42 डिग्री के बीच रहा, जबकि प्रदेश का औसत अधिकतम पारा 40 डिग्री रहा। रात में औसतन 3 डिग्री की कमी आने से कुछ राहत महसूस की गई।



फूलों से सजे मंदिर के बाहर भक्तों की भारी भीड़

**आज खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट**

## 10 क्विंटल फूलों से सजाया धाम, मंदिर में मोबाइल फोन पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी ⏭ रुद्रप्रयाग

पांचवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के कपाट खोलने की तैयारियां पूरी हो गई हैं। धाम की 10 क्विंटल फूलों से भव्य सजावट की गई है। कपाट बुधवार सुबह आठ बजे खोले जाएंगे। बाबा के प्रथम दर्शन के लिए लगभग 10 हजार यात्री धाम पहुंच चुके हैं और मुख्य पड़ावों पर भी 10 से 12 हजार यात्री ठहरे हुए हैं। वहीं, बाबा की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली भी मंगलवार को गौरीकुंड से केदारनाथ धाम पहुंच गई। बुधवार को ही सुबह 11 बजे तृतीय केदार तुंगनाथ धाम के कपाट भी खोले जाते हैं।

*प्रथम दर्शन के लिए लगभग 10 हजार यात्री धाम पहुंचे*

**फोटो-वीडियो और रील बनाने पर सख्ती**

केदारनाथ मंदिर समिति ने सख्ती बरतते हुए परिसर के भीतर मोबाइल फोन के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब कोई भी श्रद्धालु मंदिर परिसर के अंदर मोबाइल फोन लेकर नहीं जा सकेगा।


inh

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला

एलएसजी आरआर

शाम 7.30 बजे से


**शांति वार्ता पर सस्पेंस खत्म:** आज ईरान का प्रतिनिधिमंडल आएगा, जेडी वेंस भी पहुंचेंगे

# शांति वार्ता से वीसी के जरिए जुड़ेंगे डोनाल्ड ट्रंप, समझौते की बढ़ी उम्मीद

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका एक ऐसे समझौते की तलाश में है जिससे तेल की कीमत में स्थिरता आए और होर्मुज स्ट्रेट फिर से पूरी तरह खुल सके

अमेरिका और ईरान के बीच इस्लामाबाद में संभावित युद्धविराम वार्ता की तैयारी के संकेत मिले हैं। मुख्य वार्ताकार देश बुधवार सुबह इस्लामाबाद पहुंचेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालिबाफ अपनी-अपनी टीमों का नेतृत्व करेंगे। यह बातचीत ऐसे समय में हो रही है जब दो हफ्ते का युद्धविराम मंगलवार को खत्म हो गया है।

इधर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के साथ शांति वार्ता में वीसी के जरिए जुड़ेंगे। दूसरे राउंड की युद्धविराम वार्ता से उम्मीद अब काफी बढ़ गई है। पाकिस्तानी सूत्रों ने संकेत दिया है कि अगर ईरान के साथ कोई समझौता हो जाता है तो या तो खुद डोनाल्ड ट्रंप पाकिस्तान आ सकते हैं या फिर ऑनलाइन माध्यम से इसमें शामिल हो सकते हैं। यूनाइटेड स्टेट्स ने भरोसा जताया है कि सीजफायर का समय खत्म होने के बावजूद दुश्मनी खत्म करने के मकसद से बातचीत आगे बढ़ सकती है। अमेरिका एक ऐसे समझौते की तलाश में है जिससे तेल की कीमत में स्थिरता आए और होर्मुज स्ट्रेट फिर से पूरी तरह खुल सके। इसके अलावा ट्रंप ने कहा है कि किसी भी समझौते में यह सुनिश्चित होना चाहिए कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने के साधन न मिलें। हालांकि, ट्रंप ने युद्धविराम खत्म होने के बाद फिर से बमबारी शुरू करने की धमकी दी है।

**ट्रंप ने कहा है कि वे सीजफायर को आगे नहीं बढ़ाएंगे मंगलवार को मियाद खत्म**



डोनाल्ड ट्रंप | मोहम्मद गालिबाफ

***ईरान ने कहा है कि अमेरिका सम्मान के साथ बात करे धमकियां देकर नहीं***

***व्हाइट हाउस ने कहा कि ट्रंप धमकी देते हैं तो उस पर अमल भी करते हैं***

### ट्रंप बोले- ईरान के साथ जल्द बड़ी डील

ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका जल्द ही ईरान के साथ एक बड़ी डील कर सकता है। इससे कई हफ्तों से चल रहा युद्ध खत्म हो सकता है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि मुझे लगता है कि हम एक बड़ी डील करेंगे, उनके पास कोई विकल्प नहीं है। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान की नेवी, एयरफोर्स और उसके नेताओं को खत्म कर दिया है, जिससे उसकी सैन्य ताकत काफी कमजोर हो गई है। यह भी दावा किया कि ईरान में रिजीम चेंज हो चुका है। उन्होंने कहा कि मैंने कहा नहीं था कि मैं यह करूंगा, लेकिन मैंने इसे अप्रत्यक्ष रूप से कर दिया है। ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान के साथ चल रहे सीजफायर को आगे नहीं बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारे पास इतना समय नहीं है।

**ईरान का ट्रंप को जवाब**

**हम बात करेंगे पर 'आत्मसमर्पण' नहीं**

वहीं, ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद गालिबाफ ने इन धमकियों का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह बातचीत की मेज को आत्मसमर्पण की मेज में बदलना चाहता है। गालिबाफ ने साफ किया कि ईरान धमकियों के साए में बातचीत स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि पिछले दो हफ्तों में ईरान ने युद्ध के मैदान में नए पत्ते खोलने की पूरी तैयारी कर ली है।


**ईरान की घरेलू उड़ानें होंगी आज से बहाल**

ईरान एयर ने घोषणा की है कि वह बुधवार से देश के भीतर उड़ान सेवाएं फिर से शुरू करेगा। यह फैसला करीब 50 दिनों के लंबे विराम के बाद लिया गया है, जो युद्ध की वजह से लागू था। रिपोर्ट के अनुसार, सबसे पहले तेहरान से मशहद के बीच उड़ान सेवा शुरू की जाएगी।

**नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा होगी**

## मप्र विधानसभा का एक दिनी विशेष सत्र 27 अप्रैल को, अधिसूचना जारी

कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव होगा पारित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र की सोलहवीं विधानसभा का एक दिनी विशेष सत्र सोमवार 27 अप्रैल को होने जा रहा है। इस सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा होगी। सत्र के दौरान सत्तापक्ष भाजपा विधानसभा में प्रमुख विपक्षी कांग्रेस व अन्यों के प्रति निंदा प्रस्ताव पारित कराएगी। सत्र इस दिन सुबह 11 बजे से आहूत किया गया है। भाजपा ने इस सत्र को लेकर सभी तरह की तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा की ओर से विधानसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर बोलने के लिए प्रमुख वक्ताओं की सूची तैयार की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

### अश्वगंधा की पत्तियों के इस्तेमाल पर रोक

**नई दिल्ली।** फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) ने अश्वगंधा की पत्तियों के इस्तेमाल पर सीधी रोक लगाई है।



कहा गया है कि अश्वगंधा का इस्तेमाल सिर्फ उसकी जड़ और एक्सट्रैक्ट तक ही सीमित रखा जाए। पत्तियों में रिएक्टिव विथानोलाइड्स की मात्रा ज्यादा होती है, जो शरीर के लिए टॉक्सिक माने जाता है। इसका सेवन करने से लिवर, पेट और नसों से जुड़ी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

### ट्रक में जा घुसी बाइक 3 युवकों की मौके पर मौत

**छिंदवाड़ा।** उमरेठ थाना क्षेत्र में सोमवार रात तेज रफ्तार बाइक पीछे से ट्रक से जा टकराई। जेठू जमुनिया गांव में के पास हुए इस हादसे में बाइक सवार तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा



इतना भयावह था कि टक्कर के बाद तीनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवक तेज रफ्तार में थे और बाइक पर नियंत्रण नहीं रख पाए जिससे जोरदार टक्कर हुई थी। टक्कर के कारण बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा**

## पत्नी-बच्चों का खर्च नहीं उठा सकते तो शादी न करें





**खराब आर्थिक हालत का बहाना नहीं चलेगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अगर कोई शख्स परिवार का खर्चा नहीं उठा सकता है तो उसे शादी का ख्याल छोड़ देना चाहिए। अगर किसी ने पुरूष शादी की है तो उसे परिवार का खर्च उठाना ही पड़ेगा, वह पत्नी और बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी से बचने के लिए अपनी खराब आर्थिक हालत का बहाना नहीं बना सकता।

**जनसुनवाई में दो तरह की घटनाएं**

## सूदखोरों से परेशान महिला ने फंदे से लगाई सांकेतिक फांसी



**10 लाख की जगह 60 लाख वसूले जा चुके**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर कलेक्टोरेट में मंगलवार को एक महिला ने सूदखोरों की प्रताड़ना से परेशान होकर आम के पेड़ पर फंदा डालकर सांकेतिक रूप से फांसी लगाने की कोशिश की। समय रहते सुरक्षाकर्मियों ने हस्तक्षेप कर महिला को बचा लिया। गंगा आश्रम निवासी ज्योति बेस का आरोप है कि फॉरेस्ट कॉलोनी के सूदखोरों ने उनके पति रुद्रप्रताप को कर्ज के जाल में फंसा दिया।

**इंदौर पीडब्ल्यूडी कार्यालय में छापा**

## रिश्वत लेते 3 अधिकारियों को लोकायुक्त टीम ने दबोच लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

यहां लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के तीन



टीके जैन | अंशु दुबे | जयदेव गौतम

अधिकारी मंगलवार को रिश्वत लेते हुए दबोचे गए। पकड़े गए अधिकारियों के नाम जयदेव गौतम (कार्यपालन यंत्री, संभाग-1, इंदौर), टीके जैन (अनुविभागीय अधिकारी, पीडब्ल्यूडी संभाग-1) और अंशु दुबे (उपयंत्री, संभाग-1, इंदौर) हैं।

**बिल भुगतान के एवज में मांगे थे 3.50 लाख रुपए**

**बड़वानी में भीषण सड़क हादसा**

## बारातियों से भरी कार को टैंकर ने मारी टक्कर... पांच की मौत

तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वानी

जिले में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 5 लोगों की जान चली गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा जुलवानिया टोल प्लाजा के पास खंडवा-बड़ौदा हाईवे पर हुआ, जहां एक तेज रफ्तार टैंकर ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। कार में कुल 7 लोग सवार थे, जो एक बारात में शामिल होने जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि 3 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।



दुर्घटना के बाद पहुंची पुलिस

**फोन केस**

पाठक हाईकोर्ट में हुए पेश

## पेशी से छूट की मांग खारिज 14 मई को कोर्ट में हाजिर रहें

***मुकुल रोहतगी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े***

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

हाईकोर्ट जस्टिस को फोन करने के मामले पर भाजपा विधायक संजय पाठक मंगलवार को हाईकोर्ट में पेश हुए। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने व्हिसलब्लोअर आशुतोष दीक्षित को इस मामले में कोर्ट की सहायता करने की अनुमति दी है। साथ ही अगली सुनवाई की



संजय पाठक

तारीख 14 मई तय की गई है। सुनवाई के दौरान संजय पाठक ने अगली पेशी से छूट की मांग की, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। अब उन्हें 14 मई को भी कोर्ट में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। हाईकोर्ट के नोटिस के जवाब में विधायक संजय पाठक ने हलफनामा दाखिल कर कहा कि उनसे गलती से जस्टिस विशाल मिश्रा का नंबर डायल हो गया था और एक घंटी बजते ही कॉल काट दिया गया। हालांकि, कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब तक विधायक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं होते, तब तक इस हलफनामे पर विचार नहीं किया जाएगा। सुनवाई के दौरान संजय पाठक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से और वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल खरे के साथ वे डिवीजन बेंच के समक्ष उपस्थित हुए।

**भाजपा विधायक प्रीतम लोधी द्वारा आईपीएस डॉ. जाखड़ को धमकाने का मामला**

विधायक बेटे पर पुलिस कार्रवाई से जुड़ा है विवाद

## आईपीएस एसोसिएशन मिलेगी सीएम से, कहा- 'अमर्यादित' भाषा पर ऐसी सख्त कार्रवाई हो, ताकि इसकी पुनरावृत्ति न हो

**भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने भी लोधी को किया तलब, पार्टी भी ले सकती है एक्शन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा आईपीएस अफसर एसडीओपी डॉ. आयुष जाखड़



चंचल शेखर

को धमकाने व उनके खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने का मामला अब तूल पकड़ गया है। मप्र आईपीएस एसोसिएशन लोधी के आचरण के खिलाफ मैदान में आ गई है। आईपीएस एसोसिएशन के अध्यक्ष चंचल शेखर ने कहा है कि इस मामले में उचित और सख्त कार्रवाई की जाए।



प्रीतम सिंह लोधी | डॉ. आयुष जाखड़

**सिविल सर्विस डे के दिन लिखा पत्र**

यह घटना अभी एक दिन पहले ही है। इत्तफाकन मंगलवार को सिविल सर्विस डे था। ऐसे मौके पर एसोसिएशन ने कड़ा विरोध जताया है। दरअसल, इस दिन प्रशासनिक सेवाओं के योगदान को सम्मानित किया जाता है, ऐसे में इस तरह की टिप्पणी को लेकर अफसरों में खासा आक्रोश है। पत्र में कहा गया कि अमर्यादित भाषा व धमकी लोकतांत्रिक व्यवस्था में स्वीकार्य नहीं है।

**अधिकारी व परिवार पर टिप्पणी बेहद आपत्तिजनक**

*मप्र आईपीएस एसोसिएशन ने इस मामले में कड़ा विरोध जताते हुए प्रेस नोट जारी किया है। एसोसिएशन ने अपने बयान में कहा कि विधायक लोधी की भाषा अत्यंत अमर्यादित और निंदनीय है। इस तरह की भाषा किसी भी जनप्रतिनिधि को शोभा नहीं देती। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारियों के साथ-साथ उनके परिवार पर टिप्पणी करना बेहद आपत्तिजनक है।*

# कभी लौह अयस्क का केंद्र रहा कुल्टी आज बदहाली से जूझ रहा, घुसपैठ के चक्कर में विकास ठप, ममता और स्टालिन सरकार ने अर्थव्यवस्था को 'गर्त' में डाल दिया



## भाजपा सत्ता में आई तो घुसपैठियों को बाहर करेंगे

शाह ने टीएमसी सरकार पर जुबानी हमला बोला। हम 'आयरन सिटी' का दर्जा एक बार फिर बहाल करने के लिए काम करेंगे। अवैध खनन को रोका जाएगा। उन्होंने कहा कि बंगाल का चुनाव बंगाल को घुसपैठिया मुक्त बनाने का चुनाव है। बंगाल से एक-एक घुसपैठियों को निकालने का काम करेंगे।

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में चुनाव प्रचार चरम पर पहुंचा, कुल्टी में गृहमंत्री शाह ने ललकारा




केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रैली के दौरान लोगों का अभिवादन करते हुए

एजेंसी ▶▶ कुल्टी

पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल तेज हो चुका है और दार्जिलिंग के बाद अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल की कुल्टी विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा के दौरान राज्य की ममता बेनर्जी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कभी कुल्टी देश में लौह अयस्क उत्पादन का बड़ा केंद्र हुआ करता था, लेकिन मौजूदा सरकार की नीतियों के कारण यह क्षेत्र अब बंद होने की कगार पर पहुंच गया है।राज्य में औद्योगिक विकास की अनदेखी की गई है, जिससे कई पारंपरिक उद्योगों पर संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सही नीतियां अपनाई जातीं, तो कुल्टी जैसे क्षेत्र आज भी देश की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभा सकते थे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव पूरे बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त कराना है। शाह ने जनता से अपील करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार बनाएं। भाजपा सरकार में हर घुसपैठिए की पहचान कर उसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

### दार्जिलिंग की रैली में बोले — दीदी को हटाने का समय आ गया

दार्जिलिंग में जनसभा के दौरान शाह ने राज्य की राजनीतिक स्थिति पर तीखा बयान दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में बदलाव की मांग अब तेज हो रही है और जनता परिवर्तन की दिशा में सोच रही है। शाह ने गोरखा समुदाय से जुड़े मुद्दों पर बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनती है, तो गोरखा बहनों और भाइयों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

### ममता ने गोरखाओं के नाम काट दिए

शाह ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में ममता दीदी और उनके प्रशासन ने कुछ गोरखाओं के नाम भी काट दिए हैं। कोई बात नहीं। सीटें तो वैसे भी हमारे पास ही आ रही हैं। जैसे ही चुनाव खत्म होंगे, भाजपा धीरे-धीरे हर एक गोरखा को वापस मतदाता सूची में शामिल कर लेगी।

#### सभी वर्गों के लिए सुविधाएं देंगे

उन्होंने कहा कि चाय बागानों में स्कूल खोलना, चाय बागान श्रमिकों को उनकी जमीन का मालिकाना हक देना, आवास पट्टे उपलब्ध कराना, 2 वर्ष के भीतर चाय बागान श्रमिकों की मजदूरी में 500 रुपए से अधिक की वृद्धि होगी। सभी लाभान्वित होंगे।

#### यह अन्याय अब नहीं चलेगा

### मदरसों के लिए 5800 करोड़, उत्तर बंगाल के लिए सिर्फ 2000 करोड़

शाह ने कहा कि बंगाल के सरकारी खजाने का बड़ा हिस्सा एक खास वर्ग के लिए लुटाया जा रहा है। ममता ने उत्तर बंगाल के विकास, जनजातीय क्षेत्रों और पहाड़ों के लिए कुल मिलाकर केवल 2000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं.वहीं मुस्लिमों और मदरसों के लिए बजट का प्रावधान 5800 करोड़ रुपए रखा गया है।

#### बारानगर में बोले केंद्रीय मंत्री प्रधान

### बंगाल की कानून व्यवस्था ठीक करने बदलनी होगी सरकार



बंगाल चुनाव को लेकर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बारानगर से भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने भरोसा जताया कि बंगाल का माहौल भाजपा के पक्ष में है और बंगाल की कानून व्यवस्था को ठीक करने के लिए सरकार बदलनी होगी। बंगाल में चुनाव निष्पक्ष तरीके से होने चाहिए क्योंकि ममता के पैरों तले से जमीन खिसक गई है।

#### खरगे ने प्रधानमंत्री को बताया आतंकवादी

### फिर दी सफाई और बोले पीएम मोदी डरा रहे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक रैली में पहले पीएम मोदी की तुलना आतंकवादी से की, फिर बचाव किया है। खरगे ने अन्ना द्रमुक पर कहा कि ऐसे लोगों के साथ हाथ मिलाना लोकतंत्र को कमजोर करने जैसा है। खरगे ने कहा कि मेरे कहने का मतलब यह था वेलोगों और राजनीतिक दलों को डराने-धमकाने का काम करते हैं।

### भाजपा का पलटवार: कांग्रेस की हताशा दिखी



खरगे के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि खरगे ने प्रधानमंत्री के लिए जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है, उन्हें आतंकवादी कहकर बुलाया है। यह न केवल निंदनीय है, अपितु कांग्रेस की मानसिकता हैै। यह जानबूझ कर किया गया कांग्रेस का षडयंत्र है। इसमें कांग्रेस की हार की हताशा दिखाई दे रही है।

#### हल्दिया में गरजीं सीएम ममता

### बंगाल में फिर बनेगी टीएमसी सरकार



सीएम ममता बनर्जी ने हल्दिया में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि टीएमसी लगातार चौथी बार सत्ता में वापसी करेगी। कोई भी भाजपा की सरकार नहीं चाहता है। उन्होंने कहा कि केंद्र से एनडीए सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। 2026 में भाजपा को दिल्ली की सत्ता से भी बाहर कर देंगे।

#### स्टालिन का केंद्र पर हमला

### तमिलनाडु से 'बैर' करने वालों के लिए 'खतरा'...



**चेन्नई।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि जो तमिलनाडु के साथ विश्वासघात करेंगे और इसके विकास में बाधा डालना चाहते हैं, उनके लिए वे हमेशा 'खतरा'है।

#### बंगाल में बाइक रैली पर बैन

### चुनाव आयोग बोला पीछे भी बैठे तो खैर नहीं



बंगाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करने राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी ने बाइक के उपयोग पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। मतदान से 48 घंटे पहले किसी भी प्रकार की बाइक रैली न करें।

## खबर संक्षेप

### फ्रॉड में बैंक के 3 अफसर समेत 20 गिरफ्तार



**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में 2500 करोड़ रके साइबर फ्रॉड का भंडाफोड़ हुआ है। इसके साथ ही कुल गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 20 हो गई है। यस बैंक के पर्सनल मैनेजर मौलिक कामानी, एक्सिस बैंक के मैनेजर कल्पेश डांगरिया और एचडीएफसी बैंक के पर्सनल बैंकर अनुराग बाल्धा अरेस्ट हुए हैं।

### श्रवण बने जेडीयू विधायक दल के नेता



**पटना।** बिहार में अहम घटनाक्रम में श्रवण कुमार को विधानसभा में जदयू विधायक दल का नेता चुना गया है। अधिसूचना भी जारी कर दी गई। यह निर्णय नीतीश कुमार द्वारा लिया गया। वे पूर्व मुख्यमंत्री के बेहद करीबी माने जाते हैं और पूर्व सरकार में कई अहम मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

### महिलाओं पर पप्पू यादव का बयान, नोटिस जारी



**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने महिलाओं के संबंध में कहा कि महिलाओं को राजनीति में आने के लिए कंप्रोमाइज करना पड़ता है। बिहार राज्य महिला आयोग ने यादव को नोटिस जारी किया है। आयोग ने महिलाओं के खिलाफ ऐसी टिप्पणी करने को लेकर जवाब मांगें हैं।

### डॉ. भागवत के खिलाफ हाईकोर्ट में अर्जी खारिज



**मुंबई।** उच्च न्यायालय की नागपुर खंडपीठ ने संघ प्रमुख मोहन भागवत को दी जा रही जेड प्लस वीआईपी सुरक्षा कवच का खर्च सरसंचालक मोहन भागवत के जरिए वसूलने की मांग खारिज कर दी। याचिका मे यह मांग की गई थी कि उनकी सुरक्षा पर खर्च स्वयं सरसंघचालक से वसूला जाए।

#### पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच देश के लिए खुशखबर

# क्रूड में उतार-चढ़ाव के बीच देशभर में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति सामान्य

क्रूड बास्केट का औसत मूल्य 116 डॉलर प्रति बैरल दर्ज किया गया

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई। अप्रैल में इसकी कीमतों ने दुनिया को मुश्किल में डाला

### पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता ने दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि जनवरी में भारतीय क्रूड बास्केट की कीमत करीब 63 डॉलर प्रति बैरल थी, जो मार्च में 113 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई। अप्रैल में इसका औसत मूल्य लगभग 116 डॉलर प्रति बैरल दर्ज किया गया है। वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद सरकार ने कहा कि देश में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें पड़ोसी देशों की तुलना में अब भी सबसे कम स्तरों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता सामान्य है और किसी भी वितरक के यहां कमी की शिकायत नहीं मिली है। वर्तमान में गैस सिलेंडर डिलीवरी दक्षता 93 प्रतिशत है। ऑनलाइन बुकिंग में गिरावट है। यह फिलहाल 45 से 46 लाख प्रतिदिन के दायरे में है। कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह बहाल हो चुकी है।

■ कच्चे तेल के लिए विश्व में हाहाकार

#### छोटे सिलेंडरों की उपलब्धता बढ़ाई

सरकार ने प्रवासी आबादी को राहत देने के लिए पांच किलो वाले छोटे सिलेंडरों की उपलब्धता भी बढ़ाई है। 3 अप्रैल से अब तक 7,400 जागरूकता शिविर लगाए गए हैं और 1.07 लाख से अधिक छोटे सिलेंडर बेचे जा चुके हैं।



पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता

#### देश में फिलहाल सबसे कम कीमतें

शर्मा ने एक अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में कहा कि अगर आप देखें तो जनवरी में हमारा इंडियन क्रूड बास्केट लगभग 63 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल था. जो मार्च में बढ़कर 113 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया और अप्रैल में औसतन लगभग 116 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल है। वैश्विक कीमतों में तेज बढ़ोतरी और अस्थिरता के बावजूद भारत पड़ोसी देशों की तुलना में अभी भी अपेक्षाकृत कम ईंधन कीमत बनाए हुए है।


### आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित बनाने सभी कदम उठा रहे

पशुपालन एवं डेयरी विभाग की निदेशक पूजा रुस्तगी ने अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में बताया कि डेयरी क्षेत्र को ईंधन, गैस और प्लास्टिक पैकेजिंग सामग्री की आपूर्ति से जुड़ी कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्पादन, परिवहन और वितरण व्यवस्था सामान्य रूप से जारी है। सरकार ने स्पष्ट किया कि पश्चिम एशिया संकट के असर पर लगातार नजर रखी जा रही है और घरेलू ऊर्जा आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

#### प्राकृतिक गैस की आपूर्ति आसान

प्राकृतिक गैस आपूर्ति को लेकर भी सरकार ने स्थिति सामान्य बताई है। घरेलू पीएनजी और सीएनजी परिवहन की आपूर्ति 100 प्रतिशत बनाए रखी गई है। अब तक 5.68 लाख नए उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं, जबकि 39,400 से अधिक उपभोक्ताओं ने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर पीएनजी अपनाया है। देशभर के पेट्रोल पंपों पर किसी भी उत्पाद की कमी नहीं है। रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। अनियमितताओं को रोकने 2,200 से अधिक औचक निरीक्षण और छापेमारी भी की गई।

#### पेट्रोल की टेंशन जल्द होगी खत्म



### 85 प्रतिशत इथेनॉल से चलने वाली गाड़ियां दौड़ेंगी

दुनिया भर में जियोपॉलिटिकल तनाव और कच्चे तेल की लगातार बदलती कीमतों का सीधा असर हमारी जेब पर पड़ता है। अब इस बढ़ती अनिश्चितता को जड़ से खत्म करने और महंगे विदेशी तेल पर देश की भारी निर्भरता को घटाने के लिए सरकार एक दूरगामी दांव चलने जा रही है। भारत में अब 'फ्लेक्स-फ्यूल'से चलने वाले अत्याधुनिक वाहनों को तेजी से सड़कों पर उतारने की बड़ी तैयारी हो रही है। यह वो गाड़ियां होंगी जो ई-85 (ई85) ईंधन पर दौड़ सकेंगी, जिसमें 85 प्रतिशत इथेनॉल और केवल 15 प्रतिशत पेट्रोल का मिला होगा।

#### बाजार में डर कायम

युद्धविराम समझौते के चलते कीमतों में थोड़ी नरमी है, लेकिन सप्लाई चेन के रुकने का डर अभी भी पूरे बाजार में बना हुआ है। 'हर्मुज 'ने इस ऊर्जा चिंता को और ज्यादा गहरा कर दिया है।

#### वेणुगोपाल ने बिरला को लिखा पत्र

## पीएम मोदी के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

विपक्ष की आलोचना पर भड़के वेणुगोपाल स्पीकर से की मांग





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को विशेषाधिकार हनन (प्रिविलेज नोटिस) दिया है। अपने पत्र में वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने 18 अप्रैल 2026 को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में लोकसभा के सदस्यों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की और उनके इरादों पर सवाल उठाए। कांग्रेस का कहना है कि यह संसद की गरिमा और सांसदों के अधिकारों का उल्लंघन है।पीएम मोदी का यह संबोधन उस समय हुआ जब लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 पारित नहीं हो सका था। कांग्रेस का आरोप है कि इस भाषण में प्रधानमंत्री ने विपक्षी सांसदों के मतदान और उनकी मंशा को लेकर सीधे तौर पर टिप्पणियां कीं।

#### संसद और लोकतंत्र की गरिमा से जुड़ा मामला

पीएम मोदी के खिलाफ लिखे इस पत्र में वेणुगोपाल ने पूरे मामले को बेहद गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है क्योंकि यह सिर्फ किसी व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि संसद और लोकतंत्र की गरिमा से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

इसके साथ ही कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि सांसदों के अधिकारों की रक्षा और संसद की गरिमा बनाए रखना जरूरी है, ताकि भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी इस मुद्दे पर कहा कि प्रधानमंत्री का यह संबोधन पहले से तय परंपराओं के खिलाफ था और इसमें विपक्ष पर कई राजनीतिक हमले किए गए।

#### प्रधानमंत्री ने विपक्ष की आलोचना की थी

केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण से जुड़े 3 विधेयकों को पास कराने के लिए 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुलाया था, जिस पर लंबी बहस हुई। शुक्रवार को शाम 5 बजे के बाद हुए मतदान में इसे जरूरी 2 तिहाई वोट नहीं मिल सके और यह प्रस्ताव गिर गया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने 18 अप्रैल को रात साढ़े 8 बजे दूरदर्शन पर 'राष्ट्र के नाम संबोधन' किया, जिसमें विपक्षी सांसदों की आलोचना की थी।

#### केरलम के त्रिशूर में पटाखा गोदाम में आग

### 13 लोगों की मौत, कई की हालत गंभीर, प्रधानमंत्री ने दुख जताया

एजेंसी ▶▶ त्रिशूर



केरलम के त्रिशूर जिले में वडक्कनचेरी नगर पालिका के तहत मुंडाथिकोड गांव में पटाखा गोदाम में आग लग गई। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार घटनास्थल से कई लोगों को बचाया गया है। घायलों में से 5 लोगों का क्रिटिकल केयर में इलाज चल रहा है। 2 घायलों को वार्ड में भर्ती किया गया है, जबकि 17 अन्य को मामूली चोटें आई हैं। केरलम में यह घटना मथलप्पिल्ली तालुक के मुंडाथिकोड गांव में हुई है। हादसे के वक्त 40 लोग काम कर रहे थे। इस पर पीएम मोदी ने दुख जताया है।

#### सुप्रीम कोर्ट में केरल के सबरीमाला मंदिर के मामले में सुनवाई

# भक्त को देव मूर्ति छूने से रोका तो संविधान करेगा रक्षा?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट में केरल के सबरीमाला मंदिर समेत विभिन्न धर्मों और धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ कथित भेदभाव से जुड़े मामलों पर सुनवाई जारी है। कोर्ट ने 9 न्यायाधीशों की संविधान पीठ का गठन किया है, जो 2018 के फैसले के खिलाफ दायर समीक्षा याचिकाओं पर विचार कर रही है।

### 9 न्यायाधीशों की संविधान पीठ कर रही विचार

#### समय का सख्ती से पालन हो



सुनवाई के पहले दिन संविधान पीठ ने स्पष्ट किया कि सभी पक्षकारों को तय समयसीमा के भीतर ही अपनी दलीलें प्रस्तुत करनी होंगी। अदालत ने कहा कि अन्य अहम मामले भी लंबित हैं, इसलिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। सभी वकीलों को अपने तर्क और दस्तावेज समय पर पेश करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### केंद्र सरकार समीक्षा याचिकाओं की समर्थक

बोर्ड ने धर्म की समुदाय-केंद्रित व्याख्या अपनाने की अपील की है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि केंद्र सरकार इन समीक्षा याचिकाओं का समर्थन करती है।

#### धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े व्यापक सवाल उठे

सबरीमाला मामले के साथ-अदालत अनुच्छेद 25 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े कई अहम मुद्दों की भी जांच कर रही है। इनमें मस्जिदों और दरगाहों में मुस्लिम महिलाओं के प्रवेश, अंतरधार्मिक विवाह के बाद पारसी महिलाओं के अग्नि मंदिर में प्रवेश का अधिकार, बहिष्कार की प्रथाओं की वैधता पर भी सवाल उठे हैं।

### ईरान युद्ध के बीच साजिश या हादसा, उठे सवाल

# 45 दिनों में भारत सहित दुनिया के 6 देशों की तेल रिफाइनरियों में लगी आग

*कई विशेषज्ञ इसे तेल आपूर्ति बाधित करने का एक जानबूझकर बनाया गया पैटर्न बता रहे हैं। उनका मानना है कि दुश्मन देश किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने के लिए उसकी तेल रिफाइनरियों को निशाना बना सकते हैं*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल और ईरान के युद्ध के बीच पूरे विश्व में जब कच्चे तेल को लेकर संकट मंडरा रहा है तब बीते 45 दिनों में 6 देशों की तेल रिफाइनरियों में आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, मैक्सिको, इक्वाडोर, म्यांमार और रूस में एक के बाद एक कच्चे तेल की रिफाइनरी प्लांट में आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। रूस का मामला थोड़ा अलग है क्योंकि उसके तेल संयंत्र पर यूक्रेन ने सीधे ड्रोन हमले किए गए हैं। ताजा मामला भारत के राजस्थान में बालोतरा के पचपदरा में स्थित भारत की पहली ग्रीनफील्ड इंटीग्रेटेड रिफाइनरी-कम-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में भीषण आग लगने का है। लेकिन युद्ध क्षेत्र से बाहर स्थित इन महत्वपूर्ण तेल संपत्तियों का एक के बाद एक धू-धू कर जलना कई गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। क्या यह महज एक संयोग है, या फिर तेल आपूर्ति को बाधित करने के लिए रची गई कोई सोची-समझी वैश्विक साजिश?

### दावा रिफाइनरियों में आग, हाइब्रिड वॉरफेयर का हिस्सा


राजस्थान में बालोतरा के पचपदरा में लगी आग

### 'ग्लोबल पैटर्न' और उठते सवाल

भले ही इन घटनाओं को 'तकनीकी खराबी' या 'हादसा' कहा जा रहा हो, लेकिन एक के बाद एक हो रहे इन हादसों ने एक स्पष्ट पैटर्न उकेर दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई विशेषज्ञ इसे तेल आपूर्ति बाधित करने का एक जानबूझकर बनाया गया पैटर्न बता रहे हैं। उनका मानना है कि दुश्मन देश किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने के लिए उसकी तेल रिफाइनरियों को निशाना बना सकते हैं। तेल की कीमतें बढ़ाने और विरोधी देशों की अर्थव्यवस्था को पटरी से उतारने के लिए रिफाइनरियों को जलाना एक हाइब्रिड वॉरफेयर का हिस्सा हो सकता है।

### वेनेजुएला के पास दुनिया का सबसे तेल भंडार

*वेनेजुएला के पास दुनिया का सबसे बड़ा प्रमाणित तेल भंडार (303.2 बिलियन बैरल) है, और राजनीतिक उथल-पुथल के बाद अब इस पर अमेरिकी प्रभाव देखा जा रहा है। दूसरी ओर, ईरान के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल भंडार (208.6 बिलियन बैरल) मौजूद है। ऐसे में जब वैश्विक स्तर पर रिफाइंड तेल की आपूर्ति बाधित होती है और कई देशों की रिफाइनरियां काम करना बंद कर देती हैं, तो कच्चे तेल के बाजार में एकाधिकार रखने वाले देशों की ताकत कई गुना बढ़ जाती है।*


### कब-कहां लगी आग?

- **इक्वाडोर (1 मार्च):** शुरुआत दक्षिण अमेरिकी देश इक्वाडोर से शुरू हुई। पेट्रोइक्वाडोर की एस्मेराल्डास तेल रिफाइनरी, जो देश की सबसे बड़ी रिफाइनरी है, वहां आग लगने के बाद संचालन रोकना पड़ा। 110,000 बैरल प्रतिदिन की क्षमता वाले इस प्लांट के चार्ज पंप में भीषण आग लग गई थी।
- **मेक्सिको (17 मार्च):** मेक्सिको की नई ओल्मेका तेल रिफाइनरी में भयंकर आग लग गई। इस आग की चपेट में आने से पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। 2024 में शुरू हुई यह रिफाइनरी मैक्सिको के सबसे बड़े रिफाइनिंग इंस्टॉलेशन का एक प्रमुख हिस्सा है।
- **अमेरिका (23 मार्च और 10 अप्रैल):** अमेरिका में दो बड़ी घटनाएं हुईं। 23 मार्च को टेक्सास के वालियरो पोर्ट आर्थर एनर्जी में एक हाइड्रोट्रीटर में आग लगने से भारी विस्फोट हुआ। शुरुआत में इसके पीछे ईरान का हाथ होने की अटकलें लगाई गईं, हालांकि आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई। इसके कुछ दिन बाद, 10 अप्रैल को टेक्सास में ही मैराथन की अल पासो रिफाइनरी में तकनीकी समस्याओं के कारण आग लग गई।
- **ऑस्ट्रेलिया (16 अप्रैल):** ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न के पास जिलॉन्ग स्थित 'विवा की कोरियो ऑयल रिफाइनरी' में भयंकर आग लग गई। विक्टोरिया प्रांत का 50% ईंधन पैदा करने वाली यह रिफाइनरी इस घटना के बाद से बुरी तरह प्रभावित हुई है।
- **म्यांमार (20 अप्रैल):** म्यांमार के सागिंग क्षेत्र में हमावबी नदी बंदरगाह पर एक शक्तिशाली विस्फोट हुआ। इस विस्फोट के बाद 10 ईंधन टैंकर और जहाज धू-धू कर जलने लगे। आग इतनी भयंकर थी कि कई दिनों तक आपातकालीन दल इस पर काबू नहीं पा सके।
- **भारत (20 अप्रैल):** राजस्थान में बालोतरा के पचपदरा में स्थित भारत की पहली ग्रीनफील्ड इंटीग्रेटेड रिफाइनरी-कम-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में भीषण आग लगी जिस पर काबू पा लिया गया है। इससे पहले 4 अप्रैल को ओएनजीसी के मुंबई हाई (ऑफशोर प्लेटफॉर्म) पर भी आग लगी थी। इसमें करीब 10 कर्मचारी हल्के घायल हुए थे।

## खबर संक्षेप

### मेक्सिको में कनाडाई पर्यटक की हत्या

**नई दिल्ली।** मेक्सिको के टियाटिहुआकन में स्थित 'पिरामिड ऑफ द मून' पर सोमवार को सुबह



साढ़े ग्यारह बजे एक हमलावर ने अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें एक कनाडाई पर्यटक की जान चली गई और 13 अन्य घायल हो गए। हमलावर ने बाद में खुद को भी गोली मार ली। यह हमला मेक्सिको की पर्यटन सुरक्षा के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि गोलीबारी की घटना की जांच की जाएगी और वह कनाडाई दूतावास के संपर्क में हैं।

### जर्मनी के गुरुद्वारे में झड़प में 4 घायल, जांच शुरू

**लंदन।** जर्मनी के मोर्स शहर में एक गुरुद्वारे में दो गुटों के बीच झड़प में चार लोग घायल हो गए, जिसके



बाद विशेष बलों सहित सुरक्षा बल को बड़े पैमाने पर तैनात किया गया। वेसेल जिला पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 2:20 बजे सिख सामुदायिक केंद्र में प्रार्थना के समय तब हुई, जब वहां मौजूद दो समूहों के बीच कहासुनी हुई। चार लोगों को मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद विशेष बलों को बुलाया गया। कुछ समय के लिए पुलिस हेलीकॉप्टर भी तैनात किया गया था।

### घातक आर्म्स के निर्यात पर लगा बैन हटाया

**टोक्यो।** जापान ने मंगलवार को घातक हथियारों के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटाने का समर्थन



किया क्योंकि देश अपने हथियार उद्योग को मजबूत करना चाहता है और रक्षा भागीदारों के साथ सहयोग को गहरा करना चाहता है। इसे जापान की युद्धोत्तर शांतिवादी नीति में एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है। पीएम साने ताकाइची के मंत्रिमंडल की ओर से नए दिशा-निर्देशों को मंजूरी मिलने के साथ ही जापान के युद्धोत्तर हथियार निर्यात के रास्ते में मौजूद अंतिम बाधाएं भी दूर हो गईं।

### 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत सैन्य सामग्री के संयुक्त विकास और उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर

### जर्मनी के रक्षा मंत्री के साथ होगी अहम द्विपक्षीय वार्ता

# तीन दिवसीय दौरे पर खास एयरबस से म्यूनिख से बर्लिन पहुंचे रक्षा मंत्री सिंह

*राजनाथ सिंह पहले म्यूनिख पहुंचे थे, जहां से उनकी आधिकारिक यात्रा की शुरुआत हुई। यह यात्रा 21 से 23 अप्रैल तक चलेगी और इसमें कई उच्च स्तरीय बैठकों का कार्यक्रम तय किया गया है। इस दौरान रक्षा मंत्री जर्मनी के रक्षा मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को बर्लिन पहुंचे, जहां वह जर्मनी की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। उनकी इस यात्रा को सामरिक और द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज़ से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रक्षा मंत्री म्यूनिख से जर्मन वायुसेना के विशेष विमान एयरबस ए400एम एटलस के जरिए बर्लिन पहुंचे। उनके विमान को जर्मन लड़ाकू विमानों द्वारा एस्कॉर्ट किया गया।

बर्लिन पहुंचने पर राजनाथ सिंह को औपचारिक सैन्य सम्मान के साथ स्वागत किया गया, जो दोनों देशों के बीच मजबूत रक्षा सहयोग और आपसी विश्वास का प्रतीक है। बर्लिन पहुंचने के बाद रक्षा मंत्री ने कहा कि वह जर्मनी के अपने समकक्ष के साथ सार्थक बातचीत और जर्मन रक्षा उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ संवाद को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत संयुक्त विकास और सह-उत्पादन को बढ़ावा देना है, ताकि भारत की रक्षा क्षमताओं को और मजबूत किया जा सके।

### जर्मनी के रक्षा उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधियों से बातचीत



बर्लिन पहुंचने पर रक्षा मंत्री का सैन्य सम्मान के साथ स्वागत

#### पहले पहुंचे म्यूनिख

राजनाथ सिंह पहले म्यूनिख पहुंचे थे, जहां से उनकी आधिकारिक यात्रा की शुरुआत हुई। यह यात्रा 21 से 23 अप्रैल तक चलेगी और इसमें कई उच्च स्तरीय बैठकों का कार्यक्रम तय किया गया है। इस दौरान रक्षा मंत्री जर्मनी के रक्षा मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इन वार्ताओं में भारत-जर्मनी रक्षा सहयोग को और मजबूती देने, तकनीकी साझेदारी बढ़ाने और रक्षा निर्माण के क्षेत्र में नई संभावनाओं पर चर्चा होने की उम्मीद है।

#### वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात

रक्षा मंत्री जर्मनी में अन्य वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार, यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। भारत अपने रक्षा साझेदारों के साथ संबंधों को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय है। जर्मनी के साथ बढ़ता सहयोग भारत के लिए उन्नत तकनीक, रक्षा उत्पादन और आत्मनिर्भरता के लक्ष्यों को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

#### साइबर सुरक्षा, एआई पर ध्यान

जर्मनी में दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच होने वाली इस वार्ता का मुख्य उद्देश्य रक्षा उद्योग में सहयोग बढ़ाना व सैन्य संबंधों को मजबूत करना है। इसके अलावा साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ड्रोन जैसे उभरते क्षेत्रों में अवसरों की खोज पर भी फोकस किया जाएगा। दोनों रक्षा मंत्रियों की उपस्थिति में रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप और संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा अभियानों के प्रशिक्षण में सहयोग हेतु कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर होने की भी संभावना है।

### सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी का हवाई दौरा

## भारत-अमेरिका रक्षा संबंध और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता पर जोर



**हवाई।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अमेरिका के होनोलूलू में यूनाइटेड स्टेट्स आर्मी पैसिफिक के कमांडिंग जनरल, जनरल रोनाल्ड पी. क्लार्क और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग मजबूत करने और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए एक साझा दृष्टिकोण आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। जनरल द्विवेदी का हवाई स्थित यूएस मिलिट्री बेस पहुंचने पर फोर्ट शैफ्टर में उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया और उन्होंने ओहू द्वीप का हवाई दौरा भी किया। भारतीय सेना के अतिरिक्त जन सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

#### सेना के वरिष्ठ अधिकारों से की चर्चा

जनरल द्विवेदी ने अमेरिकी आर्मी पैसिफिक के कमांडिंग जनरल, जनरल रोनाल्ड पी. क्लार्क और अन्य वरिष्ठों के साथ बातचीत की। इस दौरान भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग मजबूत करने और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए एक साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने पर जोर रहा। सीओएएस ने ओहू द्वीप का हवाई दौरा भी किया, जिससे उन्हें ट्रेनिंग इकोसिस्टम और बहु-क्षेत्रीय परिचालन तत्परता की जानकारी मिली।

### ट्रंप पर बिफरे फ्रांस के राष्ट्रपति

## बोले- होर्मुज की नाकाबंदी एक रणनीतिक भूल, ईरान भी गलत


डोनाल्ड ट्रंप व इमैनुएल मैक्रों

*तनाव कम कर कूटनीति की ओर लौटें दोनों देश*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है और इसे एक रणनीतिक भूल करार दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी नौसेना की नाकाबंदी और ईरान की ओर से की गई प्रतिक्रिया, दोनों ही 'गलत' हैं। राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा है कि गलती दोनों तरफ से है। पोलैंड में पोलैंड में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मैक्रों ने कहा कि यह दोनों तरफ (अमेरिका और ईरान) की गलती है।

उन्होंने अमेरिकी फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि होर्मुज पर लक्षित नाकाबंदी बनाए रखने से स्थिति और बिगड़ी है। अमेरिकी नाकाबंदी के कारण ही ईरानी अधिकारियों ने अपना शुरुआती रुख बदला और 'ओपन स्ट्रेट' (खुले जलमार्ग) की नीति से पीछे हट गए। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने तनाव कम करने और कूटनीति की ओर लौटने का आह्वान किया है ताकि जलमार्ग को फिर से सुरक्षित किया जा सके। इससे पहले उन्होंने होर्मुज को जबरदस्ती खोलने की अमेरिकी योजना को 'अवास्तविक बताया था।

#### 57% लोग ट्रंप के कामकाज से नाखुश

*अप्रैल 2026 में जारी नवीनतम सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अस्वीकृति रेटिंग और नापसंदगी काफी अधिक है, हालांकि 22 प्रतिशत का आंकड़ा विशेष रूप से धार्मिक विश्वासों से जुड़ा है। एक प्रमुख सर्वे के अनुसार, लगभग 57 प्रतिशत से अधिक अमेरिकी नागरिक ट्रंप के काम करने के तरीके को नापसंद करते हैं। प्यू रिसर्च सेंटर के एक सर्वेक्षण (अप्रैल 6-12, 2026) में पाया गया कि लगभग 22% अमेरिकी वयस्क का मानना है कि ट्रंप उनके धार्मिक विश्वासों का पुरजोर समर्थन करते हैं, जबकि 47% का मानना है कि वे उनके विश्वासों के लिए बहुत कम या बिल्कुल नहीं खड़े होते हैं। ईरान के साथ चल रहे संघर्ष को लेकर असंतोष के चलते राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप की अप्रूवल रेटिंग गिरकर 39% या उससे कम (36%-37%) तक पहुंच गई है, जो उनके दूसरे कार्यकाल का सबसे निचला स्तर है।*

#### हंगरी आने पर नेतन्याहू होंगे गिरफ्तार



हंगरी के नए पीएम पीटर माग्यार ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा है कि यदि इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू हंगरी की यात्रा पर आते हैं, तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट के नियमों के तहत होगी, क्योंकि नेतन्याहू के खिलाफ पहले से गिरफ्तारी वारंट जारी है। मैग्यार ने कहा कि जिन व्यक्तियों के खिलाफ आईसीसी का वारंट मौजूद है, यदि वे हंगरी की सीमा में प्रवेश करते हैं, तो उन्हें हिरासत में लिया जाएगा।

### नेपाल का भारत पर कस्टम शुल्क मामला

## बालेन के नए नियम का किया विरोध कहा- खतरे में 'रोटी-बेटी' का रिश्ता

एजेंसी ⏭ काठमांडू

जेन जी आंदोलन से उभरे बालेन शाह और रवि लामीछाने की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के सत्ता में आने के बाद कई बदलाव देखने को मिले हैं। पीएम बालेन्द्र शाह सरकार के नए नियमों के अनुसार, 100 रुपए से अधिक का सामान लेकर नेपाल में प्रवेश करने पर कस्टम शुल्क देना अनिवार्य होगा। शुल्क न देने की स्थिति में सामान ज़ब्त कर लिया जाएगा। भारत से 100 से अधिक के सामान पर भंसार शुल्क के खिलाफ बिहार-नेपाल सीमा की पहचान शंकराचार्य गेट वीरगंज बॉर्डर पर



जनअधिकार पार्टी का जोरदार प्रदर्शन हुआ। पार्टी अध्यक्ष डॉ. शरद सिंह यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर धरना दिया, जिससे सीमा पर आवागमन बाधित हुआ। धरना स्थल पर मौजूद जनसमूह को संबोधित करते हुए डॉ. शरद सिंह यादव ने कहा कि महज राजस्व वसूली के नाम पर नेपाल और भारत के बीच सदियों पुराने प्रगाढ़ 'रोटी-बेटी' के सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों को बिगाड़ा जा रहा है।

### यूएनएससी में भारत की दो टूक

## ग्लोबल साउथ देशों को मिले अधिक प्रतिनिधित्व, निष्पक्ष प्रणाली की मांग

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की स्थायी सदस्यता में अधिक प्रतिनिधित्व (विशेष रूप से 'ग्लोबल साउथ' के देशों के प्रतिनिधित्व) की आवश्यकता पर बल दिया है और एक निष्पक्ष और समावेशी वैश्विक वित्तीय प्रणाली की मांग की है।

विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने यहां महत्वपूर्ण बैठकों में भारत की ओर से बयान दिए। विदेश मंत्रालय ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधारों पर अंतर-सरकारी वार्ता की



बैठक में उन्होंने 'ग्लोबल साउथ' के अधिक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता, विशेष रूप से स्थायी श्रेणी के तहत, पर प्रकाश डाला। जॉर्ज ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों के प्रति भारत के दृष्टिकोण और अफ्रीकी मॉडल के बीच समानता पर भी जोर दिया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में विकास के लिए वित्तपोषण पर 2026 आर्थिक और सामाजिक परिषद फोरम की आम बहस में भारत की ओर से राष्ट्रीय वक्तव्य दिया।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने ट्राइबल म्यूजियम का उद्घाटन किया




**राउरकेला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को ओडिशा के राउरकेला में आयोजित सार्वजनिक समारोह में प्लेनेटेरियम एवं साइंस सेंटर, निर्मल मुंडा परिवेश पथ, ट्राइबल म्यूजियम और इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का भी उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने कहा कि रोजगार और आजीविका के लिए देश के विभिन्न हिस्सों, विशेषकर ओडिशा से लोग राउरकेला में निवास करते हैं। यह शहर एक बहुसांस्कृतिक केंद्र के रूप में उभरकर ओडिशा की कला, साहित्य, जनजातीय परंपराओं और खेलों को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### ब्रिटेन दौरे पर रक्षा प्रमुख चौहान

## साइबर, खुफिया और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर


ब्रिटेन के रक्षा मंत्री पोलार्ड से मुलाकात करते सीडीएस चौहान

एजेंसी ⏭ लंदन

भारत के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने इस सप्ताह लंदन में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संघर्ष की बदलती प्रकृति और उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए सैन्य समकक्षों और मंत्रियों के साथ उच्च स्तरीय चर्चाएं कीं। जनरल चौहान ने ब्रिटेन के रक्षा एवं उद्योग मंत्री ल्यूक पोलार्ड और हिंद-प्रशांत मंत्री सीमा मल्होत्रा से मुलाकात की। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। जनरल चौहान की इस यात्रा को एक 'ऐतिहासिक' यात्रा बताया जा रहा है।

#### भारत-ब्रिटेन की साझेदारी बढ़ेगी

*रक्षा मुख्यालय ने बताया कि इन बैठकों का उद्देश्य भारत-ब्रिटेन साझेदारी को आगे बढ़ाना था, जिसमें द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक रूपरेखा और प्रौद्योगिकी एवं सुरक्षा योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। मुख्यालय ने एक बयान में बताया कि चर्चा, संघर्ष के बदलते स्वरूप और सैन्य सहयोग को गहरा करने पर केंद्रित रही।*

#### सूचना सुरक्षा साझा करेंगे दोनों देश

*रक्षा मुख्यालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने साइबर, खुफिया और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया, जिसमें सूचना सुरक्षा का आदान-प्रदान शामिल है। इस आदान-प्रदान ने भविष्य के लिए तैयार मजबूत सेनाओं और भारत-ब्रिटेन की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस मुलाकात में लचीली, भविष्य के लिए तैयार सेनाओं और मजबूत भारत-ब्रिटेन रणनीतिक साझेदारी के प्रति साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई।*

### युद्धक्षेत्र में टैंकों और सैन्य वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित होगी

# रक्षा मंत्रालय ने किया 975 करोड़ रुपए के रक्षा सौदे पर हस्ताक्षर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना की बारूदी सुरंग भेदने की क्षमता को मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। मंत्रालय ने भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड और इलेक्ट्रो न्यूमेटिक्स एंड हाइड्रोलिक्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के साथ लगभग 975 करोड़ रुपए के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। यह अनुबंध 21 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया। यह समझौता टी-72 और टी-90 टैंकों के लिए ट्रॉल असेंबली की खरीद से जुड़ा है।

**डील टी-72 और टी-90 टैंकों के लिए ट्रॉल असेंबली की खरीद से जुड़ी**




#### डीआरडीओ की तकनीक से बढ़ेगी ताकत

*टी-72/टी-90 टैंकों के लिए ट्रॉल असेंबली रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा विकसित एक महत्वपूर्ण उपकरण है। यह प्रणाली बारूदी सुरंगों को निष्क्रिय करने और उनके बीच सुरक्षित रास्ता बनाने में मदद करेगी, खासकर प्रॉक्सिमिटी मैग्नेटिक फ्यूज वाली एंटी-टैंक माइंस के खिलाफ। इस उपकरण के शामिल होने से भारतीय सेना की ऑपरेशनल क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।*

#### स्वदेशी उद्योगों को मिलेगी मजबूती

*इससे युद्धक्षेत्र में टैंकों और अन्य सैन्य वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सकेगी। यह परियोजना 'बाय (इंडियन-आईडीडीएम)' श्रेणी के तहत आती है, जो स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करती है। इससे देश की रक्षा अवसंरचना के आधुनिकीकरण के साथ-साथ स्वदेशी उद्योगों को मजबूती मिलेगी। इस प्रोजेक्ट के जरिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सेक्टर को भी बढ़ावा मिलेगा। कंपोनेंट निर्माणके माध्यम से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन की व्यापक संभावनाएं पैदा होंगी।*

# ये भाषण का विषय नहीं, आक्रोश को देश के सामने लाने का समय

## विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर करेंगे निंदा प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के एमवीएम कॉलेज ग्राउंड से निकली भाजपा की जन आक्रोश महिला पद यात्रा रोशनपुरा चौराहे पर समाप्त हुई। यहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल व अन्य नेताओं ने काले गुब्बारे उड़ाकर रैली का समापन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना माताओं के आशीर्वाद कैसे मिल सकता है? ये भाषण का विषय नहीं, हमारे अंदर के आक्रोश को देश के सामने लाने का समय है। अक्षय तृतीया जैसे त्योहार के बावजूद बहनें आक्रोश व्यक्त करने के लिए बड़ी संख्या में यहां आई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी अपने जिले, नगर पालिका, नगर परिषद में भी विरोध वयक्त करेंगे।

बहनों के अधिकार को कुचलने के खिलाफ विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर निंदा प्रस्ताव पारित करेंगे। भाजपा नेताओं ने कहा कि बहनों के हक पर डाका डालने के खिलाफ वे भोपाल की सड़कों पर लड़ने आई हैं। हमारा इतिहास है कि बहनों के लिए भाइयों ने हमेशा लड़ाई लड़ी।

राजा राममोहन राय ने सती प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ी, डॉ. आंबेडकर ने बहनों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। महात्मा गांधी के बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने उनको सम्मान-अधिकार के लिए जीवन दे दिया। नारी सब भूल सकती है लेकिन अपना अपमान कभी नहीं भूलती। उन्होंने कहा कि संसद में हमारे पास दो तिहाई आंकड़ा भले न हो लेकिन हमारे पास इच्छाशक्ति की कमी नहीं है।



जन आक्रोश महिला पद यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन के साथ मंत्री, विधायक, सांसद व भाजपा महिला पदाधिकारी।

### ◆ जन आक्रोश महिला पदयात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुईं 'महिलाएं', जताया विरोध



जन आक्रोश महिला पद यात्रा के दौरान नारे बुलंद करतीं बड़ी संख्या में महिलाएं।

### महिलाओं के हक पर विपक्ष ने डाला डाका

*भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि माता, बहनों के हक पर जो डाका डाला है, उसकी नजीर विपक्ष ने पेश की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते थे कि देश की बहनों को उनका हक मिले। लेकिन जब फैसला लागू करने का समय आया तो विपक्ष ने इसमें रोड़ा अटकाने का काम किया। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को ग्राम पंचायत, नगरीय निकायों में 50% आरक्षण दिया। वे चाहते थे कि संसद और विधानसभा में भी हमारी 33% बहनें बैठें। इसके लिए हमारी तरफ से सारी तैयारी थी लेकिन हमारी पार्टी और सरकार की सोच पर विपक्ष ने कुठाराघात किया।*



पदयात्रा में शामिल भाजपा के वरिष्ठ नेता-नेत्रियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता।



### प्रदेश सरकार महिला हितैषी

भाजपा नेत्री व सांसद लता वानखेड़े ने कहा- मोहन सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। मैं आज एक महिला के रूप में करोड़ों बहनों की आवाज बनकर खड़ी हूं। आज का दिन महिला अधिकार और सम्मान की लड़ाई का दिन है। ये केवल बिल नहीं बल्कि महिलाओं को पंचायत से पार्लियामेंट तक पहुंचने का दरवाजा था, जिसे कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने बंद कर दिया।

### एमवीएम कॉलेज मैदान को आधे घंटे में बनाया जीरो वेस्ट



लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन बिल पास नहीं हो पाने के विरोध में बीजेपी द्वारा जन आक्रोश महिला पद यात्रा के लिए कार्यक्रम स्थल एमवीएम मैदान को आधे घंटे में निगम के स्वास्थ्य अमले ने जीरो वेस्ट कार्यक्रम स्थल बना दिया। कार्यक्रम के समाप्त होते ही झाड़ू लगवाई गई और पीने के पानी के लिए रखे गए डिस्पोजल ग्लास हटाए गए। उक्त स्थल पर अधिक वेस्ट मटेरियल नहीं निकला।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय के सामने लगे होर्डिंग को फाड़ा



राजधानी भोपाल में प्रदेश भाजपा कार्यालय के सामने भाजपा की ओर से एक होर्डिंग लगाया गया था। इस होर्डिंग में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ विपक्षी गठबंधन के अन्य प्रमुख चेहरों की तस्वीरें लगाई गई थीं। होर्डिंग पर लिखा गया था कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोक दिया, इन परजीवियों ने मिलकर महिलाओं का हक छीन लिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने होर्डिंग को फाड़कर फेक दिया।

### अधिनियम पारित नहीं होने पर है यह आक्रोश

मप्र महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परांजपे ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित नहीं होने देने का जो कुत्सित प्रयास कांग्रेस और विरोधी दलों ने किया है, उसके खिलाफ ये जन आक्रोश यात्रा है। कांग्रेस के नेताओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम गिराकर जश्न मनाया। यह महिलाओं के अपमान का प्रतीक था। मातृ शक्ति इस अपमान का जवाब देगी। उन्होंने कहा कि इस रैली के माध्यम से उन लोगों को हम यह बताना चाहते हैं कि अब याचना नहीं, रण होगा। जीवन या कि मरण होगा। जन आक्रोश महिला पद यात्रा के मंच पर कवियत्री अनामिका जैन अम्बर भी शामिल हुई। उन्होंने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर कार्यक्रम को प्रदेश प्रवक्ता पूर्व मंत्री व विधायक अर्चना चिटनीस, सांसद कविता पाटीदार व अन्य नेत्रियां बड़ी संख्या में मौजूद थीं। जबकि प्रदेश शासन के मंत्री करण सिंह वर्मा, संपतिया उइके, निर्मला भूरिया, मंत्री विश्वास सारंग, चेतन्य काश्यप, कृष्णा गौर, नारायण सिंह पंवार, प्रतिमा बागरी, राधा सिंह, सुमित्रा वाल्मिक, माया नारोलिया, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वाणी आहलुवालिया सहित पार्टी पदाधिकारी एवं प्रदेशभर से बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाजपा की जन आक्रोश पदयात्रा में शामिल होकर नाराजगी जताई।

---

फिरोजिया ट्रॉफी का मैच देखा, खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

# प्रदेश में खेल सुविधाओं में हो रहा निरंतर विस्तार, फिरोजिया ट्रॉफी विजेताओं के लिए अतिरिक्त पुरस्कार की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में खेल सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। शासन का प्रयास है कि खिलाड़ियों को हर स्तर पर आधुनिक खेल संरचना, प्रशिक्षण और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों। शासन के इन प्रयासों से मप्र की खेल प्रतिभाएं विश्व स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उज्जैन में भी विभिन्न खेल मैदानों में खेल व्यवस्थाओं का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। उज्जैन के क्षीर सागर मैदान को भी नगर निगम और खेल विभाग की ओर से विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को देर रात उज्जैन में फिरोजिया ट्रॉफी का फाइनल मैच देखा और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



फिरोजिया ट्रॉफी मैच के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### 12-19 तक चला मैच

फिरोजिया ट्रॉफी की विजेता टीम को रुपए एक लाख और उप विजेता टीम को 51 हजार रुपए के अतिरिक्त नगद पुरस्कार की घोषणा भी की। फिरोजिया ट्रॉफी का आयोजन 12 अप्रैल से 19 अप्रैल तक उज्जैन के क्षीर सागर मैदान पर किया गया। फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिला, जिससे दर्शक अंत तक मैच का आनंद लेते रहे। सांसद अनिल फिरोजिया ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का फिरोजिया ट्रॉफी में प्रत्येक वर्ष पधारने और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पर आभार व्यक्त किया। फिरोजिया ट्रॉफी सांसद फिरोजिया के पिता स्व. भूरेलाल फिरोजिया की स्मृति में विगत 21 वर्षों से हर वर्ष आयोजित की जा रही है।

---

सूचना मिलते ही समय पर पहुंचे, वक्त रहते मिला इलाज

# गर्भवती महिला को सीआरपीएफ के जवानों ने समय पर पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

जिले के ग्राम सालेपाल गांव में मंगलवार सुबह सीआरपीएफ के जवानों ने मानवता की मिसाल पेश की। उन्होंने लेबर पेन से जूझ रही एक गर्भवती महिला को तत्काल एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया। जवानों की त्वरित और संवेदनशील मदद से महिला को समय पर चिकित्सा उपचार मिल सका। सालेपाल गांव में रहने वाली एक महिला को मंगलवार सुबह अचानक से लेबर पेन शुरू हो गया। उसे अस्पताल तक ले जाने के लिए गांव में एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। इस गंभीर स्थिति की जानकारी सीआरपीएफ के जवानों को मिली।



सूचना मिलते ही जवान बिना समय गंवाए तुरंत महिला की मदद के लिए गांव पहुंचे। उन्होंने गर्भवती महिला को पूरी सावधानी और सुरक्षित तरीके से एम्बुलेंस में बैठाया। इसके बाद एम्बुलेंस को आराम से चलाते हुए बारसूर के अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने महिला की हालत को देखते हुए तुरंत उसका उपचार शुरू कर दिया। वर्तमान में महिला की स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

### समय-समय पर ग्रामीणों की करते हैं मदद

महिला के परिजनों ने जवानों द्वारा की गई इस त्वरित और मानवीय मदद के लिए उनका हृदय से धन्यवाद किया। उन्होंने जवानों के इस नेक कार्य की मुक्त कंठ से सराहना की। ग्रामीणों का कहना था कि सीआरपीएफ के जवान समय-समय पर उनकी सहायता के लिए हमेशा आगे आते रहते हैं। उन्होंने जवानों की इस निःस्वार्थ सेवा और सहायता के लिए उनके प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। जवानों ने सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई की और बिना देरी किए महिला को अस्पताल पहुंचाया। उनकी तत्परता और संवेदनशीलता से एक गर्भवती महिला को समय पर चिकित्सा सहायता मिली।

---

फायरब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने पाया आग पर काबू, किसी प्रकार की जनहानि की खबर नहीं

# राइस मिल में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, मिल पूरी तरह खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम कुलगांव में मंगलवार को एक राइस मिल में भीषण आग लग गई। यह आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिससे मिल पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना में लाखों रुपये का भारी नुकसान होने का अनुमान है, हालांकि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। सुबह अचानक राइस मिल से धुआं निकलता देख आसपास के लोगों में डर का माहौल बन गया।

स्थानीय लोगों ने जब राइस मिल को खोला, तो देखा कि आग अंदर रखे बोरों में लग चुकी थी। धीरे-धीरे आग तेजी से फैलने लगी और उसने देखते ही देखते भयानक रूप ले लिया। तत्काल दमकल विभाग और पुलिस टीम को इस घटना की सूचना दी गई।



### धान और अन्य बोरियों का नुकसान

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां तत्काल मौके के लिए रवाना की गईं। आग पर काबू पाने में दमकल कर्मियों को करीब एक घंटे से अधिक का समय लगा। फायर टीम के सदस्यों ने निरंतर पानी की बौछार कर आग को पूरी तरह से बुझाने में सफलता प्राप्त की। लेकिन तब तक राइस मिल में रखा धान और अन्य बोरियां पूरी तरह से जलकर राख हो चुके थे। कोतवाली थाना प्रभारी ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कुलगांव स्थित राइस मिल में मंगलवार की सुबह अचानक धुआं देखा गया था। लोगों ने जब मिल खोला तो आग अंदर रखे बोरों में लगी हुई थी, जो तेजी से फैल रही थी।

### नुकसान का सटीक आंकलन जारी

आसपास के लोगों ने तुरंत इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड और कोतवाली थाना प्रभारी को दी। पुलिस टीम भी सूचना मिलते ही तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। आग लगने का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। राहत की बात यह रही कि इस भीषण अग्निकांड में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई है। राइस मिल के कर्मचारियों से भी घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। अभी तक आग से हुए नुकसान का सटीक आंकलन नहीं किया जा सका है। हालांकि, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, करीब लाख रुपये के लगभग का भारी नुकसान हुआ है। पुलिस इस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

---

शिक्षक की मौके पर ही मौत, अन्य साइकिल सवार भी घायल

# जनगणना प्रशिक्षण से लौट रहे शिक्षक को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में जनगणना प्रशिक्षण से बीती शाम घर लौट रहे एक शिक्षक की तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं एक सायकल सवार भी इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला खरसिया थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार हेमसागर कमलवंशी मिडिल स्कूल कन्या आश्रम तेन्दुमुड़ी में शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। करम सिंह ने बताया कि



उसका भाई जनगणना प्रशिक्षण के लिए मदनपुर हायर सेकेण्ड्री स्कूल अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 13 एएस 4778 से गया था।

---


भाजपा नेताओं में कानून का भय पूरी तरह समाप्त हो चुकाः कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

# क्या भाजपा विधायक और उनके परिजन कानून से ऊपर हैं?: पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र (जीतू) पटवारी ने भाजपा सरकार पर तीखा और सीधा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश में अब कानून का राज नहीं, बल्कि मोहन राज के नाम पर सत्ता का खुला दुरुपयोग और अराजकता चल रही है।

पटवारी ने कहा कि हाल ही में हुए सड़क हादसे में विधायक प्रीतम लोधी के पुत्र द्वारा निर्दोष लोगों को थार वाहन से कुचलने की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। लेकिन उससे भी अधिक चिंताजनक और शर्मनाक तथ्य यह है कि जब कानून ने अपना काम करना शुरू किया, तो स्वयं विधायक पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी जैसे वरिष्ठ अधिकारियों को खुलेआम धमकाने और उनकी औकात बताने पर उतर आए। उन्होंने कहा कि विधायक का यह बयान कि मेरा बेटा करेरा आएगा, चुनाव भी लड़ेगा, तेरे डैडी में दम हो तो रोक



लेना, अपना इतिहास देख लेना, अपनी औकात में रहो यह दर्शाता है कि भाजपा नेताओं में कानून का भय पूरी तरह समाप्त हो चुका है। यह केवल एक व्यक्ति का अहंकार नहीं, बल्कि पूरे शासन तंत्र की विफलता और संरक्षण का परिणाम है।

### जनता आज अपने ही राज्य में असुरक्षित

पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सीधा सवाल करते हुए कहा कि क्या भाजपा विधायक और उनके परिजन कानून से ऊपर हैं? यदि अधिकारी भ्रष्ट हैं, जैसा कि विधायक दावा कर रहे हैं, तो फिर आपकी सरकार ने अब तक क्या कार्रवाई की? उन्होंने कहा कि जब तक मामला शांत रहता है, तब तक सत्ता पक्ष चुप रहता है, लेकिन जैसे ही कानून का शिकंजा कसता है, भाजपा के नेता अपनी सत्ता का दुरुपयोग कर प्रशासन पर दबाव बनाने लगते हैं। यह लोकतंत्र और संविधान दोनों का खुला अपमान है ये कोई पहली बार नहीं भाजपा के नेता लगातार सत्ता के नशे में इस प्रकार के कृत्य करते आ रहे हैं। पटवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए भारत के दावों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह वही नया भारत है, जहां सत्ता के नशे में चूर नेता आम जनता को कुचलते भी हैं और फिर कानून को धमकाते भी हैं। उन्होंने कहा कि 20 वर्षों से भाजपा को सत्ता सौंपने वाली प्रदेश की जनता आज अपने ही राज्य में असुरक्षित महसूस कर रही है। यह केवल एक घटना नहीं, बल्कि भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरा का जीवंत उदाहरण है, जहां सत्ता का घमंड जनता की सुरक्षा पर भारी पड़ रहा है।

### कांग्रेस की प्रमुख मांगें

विधायक प्रीतम लोधी के खिलाफ पुलिस अधिकारियों को धमकाने और अभद्र भाषा के प्रयोग पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उनके पुत्र द्वारा किए गए सड़क हादसे की समयबद्ध और न्यायिक जांच कर कठोर सजा दी जाए। मुख्यमंत्री स्वयं इस मामले पर सार्वजनिक रूप से जवाब दें और स्पष्ट करें कि क्या भाजपा नेताओं को कानून से ऊपर संरक्षण दिया जा रहा है। संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों पर किसी भी प्रकार का राजनीतिक दबाव न डाला जाए और उन्हें निष्पक्ष कार्रवाई करने की स्वतंत्रता सुनिश्चित की जाए। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश की जनता के सम्मान, सुरक्षा और न्याय के लिए प्रतिबद्ध है और इस मुद्दे पर सड़क से सदन तक निर्णायक संघर्ष करेगी।

---

कोरबा के नक्तिखार के पास की घटना

# भारी वाहन की टक्कर से पति-पत्नी की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

नक्तिखार के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में बालको नगर निवासी बहरुराम रात्रे और उनकी पत्नी की मौत हो गई। दंपति एक परिचित के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। बहरुराम रात्रे बालको नगर के अल्युमिनियम सिटी क्षेत्र में रहते थे। वे अपनी पत्नी के साथ कोरबा जिले के गोढ़ी गांव जा रहे थे। वहां एक रिश्तेदार के निधन के बाद दशगात्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कचंदा नाला के पास पीछे से आ रहे एक भारी वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बहरुराम की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पत्नी को गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत 108 संजीवनी एंबुलेंस को सूचना दी। लेकिन एंबुलेंस के पहुंचने से पहले ही घायल महिला ने भी दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया। पुलिस को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

प्रारंभिक जांच में तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाना हादसे का कारण माना जा रहा है।

**वसुंधरा राजे के पत्र को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का मामला, हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर**

## कांग्रेस आईटी सेल कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

हरिभूमि जबलपुर।

राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के एक कथित पत्र को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में मप्र कांग्रेस आईटी सेल के 3 कार्यकर्ताओं को भोपाल की सायबर पुलिस ने हिरासत में लिया है। इनमें निखिल, बिलाल और इनाम शामिल हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विवेक तन्खा ने इसे गैरकानूनी बताया है। अब यह मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गई है। मामले पर बुधवार को सुनवाई होगी।



दरअसल, बीते दिनों भाजपा की एक नेता का पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसे कांग्रेस की आईटी सेल के कार्यकर्ताओं ने साझा किया था। इसे फेक पत्र बताया जा रहा है। इस मामले में तीन कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विवेक तन्खा ने कहा कि पिछले 30 घंटों से अधिक समय से भोपाल की साइबर पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस की आईटी सेल के तीन कार्यकर्ताओं को बिना किसी वाजिब कारण के हिरासत में रखा है। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य और निराशा का विषय है। उन्होंने आगे कहा है कि वसुंधरा राजे की तथाकथित ट्वीट जो लाखों लोगों ने देखी है और शेयर की है। विगत 15-16 अप्रैल को लाखों लोगों के बीच पब्लिक सर्कुलेशन में थी। बाद में 18 अप्रैल शाम लगभग आठ बजे उन्होंने फर्जी पत्र बताकर पोस्ट किया। इस आधार पर कार्यकर्ताओं का यह डिटेंशन उचित नहीं है।

**हाईकोर्ट का निर्देश**

## मल्टी लेवल पार्किंग प्रोजेक्ट के बजट स्वीकृति पर अंतिम निर्णय लेकर दो जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के गेट नंबर 4 के सामने एडवोकेट चेंबर और मल्टी लेवल पार्किंग प्रोजेक्ट के मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई। शासन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उक्त प्रोजेक्ट के लिए वित्त विभाग की स्वीकृति मिल गई है, अब केवल मंत्रिमंडल की औपचारिक अनुमति शेष है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने अगली सुनवाई 29 अप्रैल के पहले स्वीकृति पर अंतिम निर्णय लेकर जवाब पेश करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि प्रोजेक्ट का शिलान्यास हुए एक वर्ष हो रहा है। मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि बार एसोसिएशन भवन का शिलान्यास 4 मई, 2025 को हुआ था। हाई कोर्ट के गेट नंबर-चार के सामने करीब 117 करोड़ रुपये से आधुनिक लायर्स चेम्बर और बहुस्तरीय पार्किंग बनना है। इसका भूमि पूजन मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेके माहेश्वरी, जस्टिस एसी शर्मा, जस्टिस सूर्यकांत शर्मा और तत्कालीन चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत की मौजूदगी में हुआ था। इसे लेकर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने लगातार राज्य सरकार से पत्राचार किया।



**जन सुनवाई में 95 शिकायतें, पुलिस कप्तान ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

## समयसीमा में हो निराकरण लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

हरिभूमि, जबलपुर।

आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जन सुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे। पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने स्वयं उपस्थित रहकर शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जन सुनवाई में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 95 शिकायतें दर्ज कराई गईं। इनमें अधिकांश मामले पति-पत्नी एवं पारिवारिक विवाद, जमीन संबंधी झगड़े, मारपीट और साइबर अपराध से जुड़े रहे। कई मामलों में फरियादियों ने स्थानीय स्तर पर सुनवाई में देरी और कार्रवाई न होने की शिकायत भी रखी।

**जल्द होगा निराकरण-** कप्तान उपाध्याय ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निराकरण निर्धारित समयसीमा में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को त्वरित न्याय मिल सके। उन्होंने शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई होगी। जन सुनवाई के दौरान एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा उपाध्याय भी मौजूद रहे।

## जनप्रतिनिधि द्वारा अमर्यादित भाषा लोकतंत्र में अस्वीकार्यः श्रमजीवी पत्रकार परिषद

**जबलपुर।** श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने जनप्रतिनिधि द्वारा प्रशासनिक अधिकारी के खिलाफ अमर्यादित भाषा के प्रयोग पर कड़ी आपत्ति जताई है। परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत बाजपेयी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी ने मध्यप्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक से मामले में कानून सम्मत कार्रवाई की मांग की है। परिषद ने आरोप लगाया कि विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा करैरा एसडीओपी आयुष धाकड़ के खिलाफ दिए गए बयान से लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन हुआ है। संगठन ने कहा कि ऐसे मामलों पर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कानून व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। बताया गया कि इस मुद्दे को लेकर प्रदेश में सोशल व प्रिंट मीडिया में चर्चा जारी है, वहीं आईपीएस एसोसिएशन मध्यप्रदेश ने भी घटना की निंदा की है। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो लीगल सेल के प्रदेश प्रभारी एडवोकेट विवेक तिवारी के माध्यम से मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा।



## अवैध रेत उत्खनन पर सख्त कार्रवाई, 136 प्रकरण दर्ज

**जबलपुर।** जिले में रेत खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत अब तक कुल 136 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जानकारी के अनुसार नर्मदा नदी के विभिन्न घाटों जैसे भड़पुरा, सगड़ा झपनी, कोनीकला घाट, शीतलपुर एवं ललपुर में अवैध रूप से रखी गई रेत को जब्त कर विनष्टीकरण की कार्रवाई की गई है। वहीं हिरन नदी क्षेत्र में अवैध उत्खनन में उपयोग की जा रही नावों को नष्ट किया गया तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त कर प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिला खनिज अधिकारी ए.के. राय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 136 प्रकरणों में लगभग 1.48 करोड़ रुपये का अर्थदंड वसूला गया है तथा 42 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। 20 अप्रैल को विशेष अभियान के तहत नर्मदा एवं हिरन नदी के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया गया, जिसमें अधिकांश स्थानों पर अवैध उत्खनन नहीं पाया गया। हालांकि खिरहनी क्षेत्र में लगभग 84 घनमीटर रेत जब्त की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन पर कार्रवाई आगे भी इसी तरह सख्ती से जारी रहेगी।

## यातायात नियमों की अनदेखी : 273 ई-रिक्शा आपे के काटे चालान

**जबलपुर।** पुलिस यातायात नियमों को रौंदने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगातार शिकंजा कस रही है। यातायात पुलिस ने ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। जिसके तहत अप्रेल में 273 ई रिक्शा आटो आपे के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इन 36 हजार 500 रुपये समन शुल्क वसूला गया। इसी तरह नो पार्किंग में खड़े 134 वाहन चालकों के विरुद्ध व्हील लॉकिंग की कार्रवाई कर 67 हजार रुपये समन वसूला गया। इस दौरान पुलिस ने नो पार्किंग में खड़े वाहनों के चालकों को सख्त हिदायत दी कि वे निर्धारित स्थान पर ही वाहन खड़ा करें एवं यातायात नियमों का पालन करें।

**नशेड़ी चालकों पर शिकंजा-** शहर के यातायात थानों मालवीय चौक, गढ़ा, घमापुर के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम मे 10 वाहन चालकों के विरुद्ध 185 मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

## जनसुनवाईः 141 आवेदन में कलेक्टर ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

**जबलपुर।** राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान कुल 141 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 56 पुनः प्रस्तुत आवेदन शामिल थे। जनसुनवाई में छात्रवृत्ति, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रिकॉर्ड सुधार, अतिक्रमण, अवैध कब्जा, आर्थिक सहायता, पीएम आवास, संबल योजना, धोखाधड़ी एवं अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें सामने आईं। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों का समयबद्ध एवं त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और प्रकरणों की सुनवाई की गई।



## कुशवाहा समाज के सामूहिक विवाह व परिचय सम्मेलन ने दिया सामाजिक एकजुटता का संदेश

**जबलपुर।** जबलपुर संभागीय कुशवाहा समाज द्वारा सोमवार को भव्य सामूहिक आदर्श विवाह एवं परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्वारीघाट स्थित कुशवाहा धाम, श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, पार्षद शारदा कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ एवं अध्यक्ष हरगोपाल कुशवाहा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। सुबह श्री पंचमुखी हनुमान जी के पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसके बाद परिचय सत्र, बारात आगमन, द्वार पूजा, जयमाला और सामूहिक भोज जैसे आयोजन संपन्न हुए। अंत में नवविवाहित जोड़ों की विदाई की गई। पदाधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य फिजूलखर्ची को रोकना और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान करना है। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हर्षोल्लासपूर्वक किया गया।

## उद्योग, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए अहम निर्देश

**जबलपुर।** राघवेंद्र सिंह ने कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में उद्योग विभाग, रोजगार एवं कौशल विकास से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने नये औद्योगिक क्षेत्रों के लिए चिन्हित भूमि के आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने स्टार्टअप्स एवं एमएसएमई उत्पादों की मार्केटिंग के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने तथा आईटीआई प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, निवेश प्रोत्साहन और कौशल विकास से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न तहसीलों में औद्योगिक क्षेत्रों के लिए भूमि चिन्हांकन एवं आवंटन की प्रक्रिया प्रगति पर है। कलेक्टर ने खाद्य प्रसंस्करण क्लस्टर, सिंघाड़ा प्रसंस्करण इकाई तथा निवेशकों से प्राप्त प्रस्तावों को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विनीत रजक, रोजगार अधिकारी एम.एस. मरकाम एवं आईटीआई प्राचार्य अर्पित शुक्ला उपस्थित रहे। कलेक्टर ने जल्द ही व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए, जिसमें विभिन्न स्वरोजगार एवं तकनीकी संस्थानों को शामिल किया जाएगा।






## जबलपुर स्मार्ट सिटी के नए मुख्य वित्त अधिकारी अशफाक परवेज कुरैशी को मिला अतिरिक्त प्रभार

**जबलपुर।** जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड में वित्तीय प्रबंधन को सुदृढ़ करने हेतु नई प्रशासनिक नियुक्ति की गई है। कार्यपालिक निदेशक एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार द्वारा जारी आदेश के अनुसार नगर निगम के अपर आयुक्त वित्त अशफाक परवेज कुरैशी को अपने वर्तमान दायित्वों के साथ स्मार्ट सिटी के मुख्य वित्त अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह नियुक्ति प्रशांत गोटिया के स्थानांतरण के पश्चात रिक्त हुए पद को भरने के लिए की गई है। अनुभवी अधिकारी के रूप में कुरैशी अब स्मार्ट सिटी की विभिन्न परियोजनाओं के वित्तीय कार्यों का पर्यवेक्षण करेंगे। इस निर्णय से स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के बजट प्रबंधन, पारदर्शिता और कार्यों के क्रियान्वयन में और अधिक दक्षता आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## जनगणना 2027 प्रशिक्षण में प्रगणकों का दिखा उत्साह निगमायुक्त ने दिए सरल फार्मूले

**जबलपुर।** जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत नगर निगम द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रगणकों ने देश की उन्नति के लिए पूरे उत्साह के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण स्थल पर नगर निगम की व्यवस्थाओं और प्रशिक्षण की गुणवत्ता की जमकर सराहना की गई। कार्यक्रम में निगमायुक्त एवं मुख्य जनगणना अधिकारी रामप्रकाश अहिरवार ने प्रगणकों से संवाद करते हुए जनगणना कार्य को सरल बनाने के लिए व्यावहारिक “फॉर्मूले” साझा किए, जिससे प्रतिभागियों का आत्मविश्वास बढ़ा। प्रगणकों और मास्टर ट्रेनर्स ने कहा कि नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाएं और मार्गदर्शन अत्यंत प्रभावी रहे, जिससे कार्य की समझ और सटीकता में सुधार होगा। प्रशिक्षण के दौरान अपर आयुक्त एवं जनगणना अधिकारी मनोज श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रथम चरण का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जबकि अगला प्रशिक्षण 23 से 25 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। निगमायुक्त ने भोजन शाला का निरीक्षण कर गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। प्रगणकों ने संकल्प लिया कि वे पूर्ण निष्ठा और उत्साह के साथ जनगणना कार्य को सफल बनाएंगे।



# मझगवां रेलवे फाटक को बंद करने के आदेश से क्षेत्र में आक्रोश

## दस हजार में अधिक लोग होंगे प्रभावित विरोध में क्षेत्रीय जन का फाटक में धरना 23 को

**सिहोरा।** रेल प्रशासन द्वारा रेलवे फाटक संपर्क फाटक 336 / 12 29/ 22- 24 को दिनांक 23.4. 26 समय 5:00 बजे से यातायात हेतु बंद करने का पत्र जारी किया गया है ।नगर पालिका क्षेत्र अन्तर्गत फाटक के उस पार वार्ड क्रमांक 16 ,17 एवं 18 की सघन बसाहट है इसके अलावा हायर सेकण्डरी स्कूल एंव नगर का एक मात्र महाविद्यालय के अलावा सी एम राइज विद्यालय भी निर्माणाधीन है। लगभग 10 हजार की बसाहट के लोगों को बाजार आने जाने हेतु भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा ।इसके अतिरिक्त छोटे बच्चे पैदल तथा साइकल से दोनो तरफ से स्कूल आते जाते हैं और पैदल ही फाटक को क्रॉस करते हैं उन्हें भी अधिक परेशानी होगी।क्योंकी नवनिर्मित आर ओ वी से जाने में लगभग 3 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाकर बाजार स्कूल आना पड़ेगा जिसमें समय समय अधिक लगेने के साथ साथ भारी वाहनो के आवागमन के



कारण दुर्घटना की संभावना भी बनेगी।

### उपेक्षा का दंश

स्थानीय लोगों का कहना है की जाम से निजात दिलाने वर्षों प्रयास करने के बाद ओवर ब्रिज की सौगात तो मिली लेकिन राजनैतिक उपेक्षा के चलते बगैर प्रकाश व्यवस्था के न केवल ब्रिज का निर्माण किया गया वरन लोकार्पित भी कर दिया गया।आधी अधूरी सौगात पर स्थानीय लोगों की समस्या को दर किनार करते हुऐ रेल्वे ने तुगलकी फरमान जारी कर लोगों को परेशानी में डाल दिया।

### वैकल्पिक मार्ग निर्माण की मांग

खितौला बस्ती में निवासरत लोगों का कहना है की जब तक वैकल्पिक व्यवस्था अथवा वैकल्पिक मार्ग का निर्माण नहीं हो जाता तब तक रेलवे फाटक को बंद ना किया जावे । विदित हो कछपुरा फ्लाईओवर बनने के बाद भी कछुपुरा रेलवे फाटक चालू है। वैकल्पिक व्यवस्था हेतु अंडर ब्रिज का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है। जब तक अंडर ब्रिज का निर्माण नहीं कर दिया जाता तब तक इस फाटक को बंद ना किया जावे इसके अतिरिक्त यदि बड़े वाहनों को फाटक से निकलने प्रतिबंध लगाना है तो गार्डर पुल कमानिया को नीचे कर दिया जाए ।पहले अंडर ब्रिज का निर्माण किया जाए उसके बाद समपार फाटक को बंद किया जाए।

### धरना प्रदर्शन की तैयारी

खितौला बस्ती के लोगों का कहना है क्षेत्र की भोगौलिक परिस्थिती का आंकलन किये वगैर फाटक बन्द करने के आदेश जारी किये गये है वाकिंग डिस्टेंस की जगह 3 किमी का चक्कर लगाने विवश किया जा रहा है।

## रादुविवि में हस्तशिल्प एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम देगा महिलाओं को नई उड़ानः वाल्मीकी

**जबलपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि करोड़ों महिलाओं के सपनों को नई उड़ान देने का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सशक्त नारी, सशक्त भारत के अभियान को गति प्रदान की है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत (एक-तिहाई) सीटें आरक्षित करने का एक ऐतिहासिक कानून है। सितंबर 2023 में पारित यह कानून संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर जेंडर समानता सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखता है। यह कानून भारत के विधायी इतिहास में महिला नेतृत्व वाले विकास की ओर एक बड़ा कदम है। ये विचार राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकी ने मंगलवार को नारी शक्ति वंदन



आधारित त्रिदिवसीय हस्तशिल्प एवं कला प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये।

'कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास - नारी शक्ति वंदन आधारित हस्तशिल्प एवं कला प्रदर्शनी' का आयोजन रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान, के द्वारा किया जा रहा है। इसके शुभारंभ कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विवि छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं कौशल विकास संस्थान निदेशक प्रो सुरेंद्र सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन पाखवाड़ा के अंतर्गत राज्य शासन के द्वारा जारी समस्त बिन्दुओं पर विश्वविद्यालय द्वारा सकारात्मक प्रयास किए जा रहे है।



# वेयर हाउस में शुरू हुई गेहूं की खरीदी

**बरेला।** शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर महगमा रोड स्थित राय वेयरहाउस में गेहूं खरीदी केंद्र बनाया गया है जिस पर सहकारी समिति बरेला द्वारा किसानों से गेहूं की खरीदी प्रारंभ की गई।शुरुआती दिन लगभग 13 किसानों से 1100 क्विंटल गेहूं खरीद की गई।इस अवसर पर समिति प्रबंधक दिनेश साहू,शाखा प्रबंधक श्रीमती धुर्वे,सोनू पांडे सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर समिति प्रबंधक दिनेश साहू ने सभी किसानों से कहा है कि वह साफ सुथरी करके गेहूं लाए एवं शासन द्वारा निर्धारित मापदंड पर स्लॉट बुक करके ही खरीदी केंद्र में गेहूं लाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो।

# युवती का मोबाईल झपट कर भागे बदमाश

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत दमोहनाका में फोन पर बात कर जा रही एक युवती का मोबाइल एक्टिवा सवार दो लड़के झपटकर ले भागे। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार उचेहरा गांव बगदरा जिला सतना की रहने वाली 23 वर्षीय प्रांजली मिश्रा वर्तमान में बाई का बगीचा घमापुर में रहती है और अपोलो अस्पताल में काम करती है। गत रात लगभग 8.30 बजे अपने काम से घर घमापुर जा रही थी रास्ते में जैसे ही दमोहनाका पहुंची तथा अपने घर फोन लगाकर बात कर रही थी, तभी एक्टिवा में 2 लड़के आये और उसके हाथ से उसका सेमसंग कम्पनी का मोबाइल झपटकर ले गए। मोबाइल की कीमत लगभग 10 हजार रूपये बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 304(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# सिहोरा नगर पालिका की अतिक्रमण कारियों के खिलाफ कार्रवाई

### हटाये दर्जनों अतिक्रमण, दी हिदायत

**सिहोरा।** नगर क्षेत्रांतर्गत राजस्व विभाग,नगरीय निकाय एवं पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से प्रमुख मार्ग बाजार,स्कूल कॉलेज,बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन, सिविल कोर्ट चौराहा,ज्वाला माई रोड,कुर्रे रोड एवं अन्य प्रमुख स्थलों पर स्थाई तथा अस्थाई रूप से किये गये अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई. जिनमें पोस्ट ऑफिस तिराहा से खितौला मोड़ तक, खितौला मोड़ से खितौला बस स्टेण्ड तक, मृगनयनी रोड होते हुये काल भैरव चौक तक, गौरी तिराहा से मझौली बायपास तक, कालभैरव चौक होते हुये आजाद चौक तक,आजाद चौक से नये बस स्टेण्ड तक,जगमोहन पार्क से रेल्वे स्टेशन तक,नये बस स्टेण्ड से पुराने बस स्टेण्ड तक, सब्जी मण्डी रोड से अस्पताल तिराहा होते हुये बाबाताल के सामने तक के शामिल थे। विदित हो यातायात में बाधक बन रहे ।उपरोक्तानुसार मार्ग एवं स्थल पर स्थाई तथा अस्थाई रूप से स्थापित अतिक्रमण कारियों से पूर्व में अपील करने के साथ नोटिस भी दिए गए थे। कि अपने किये गये अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण को स्वतः ही हटाकर निम्नानुसार स्थलों पर स्थानांतरित हो जावें साथ ही मुख्य मार्गों पर बसो, तथा आटो का ठहराव मात्र 2 मिनट का रहेगा एवं दो पहिया वाहनों को मुख्य मार्गों के किनारे अव्यवस्थित रूप से पाये जाने पर वाहनों को जप्त करते हुये पुलिस थाने भेज दिया जावेगा तथा वाहन मालिकों पर रू. 5000/- जुर्माना अधिरोपित किया जावेगा। अतः चार पहिया, तीन पहिया, चार पहिया एवं समस्त प्रकार के वाहन मार्ग पर खड़े न करें। इस कार्रवाई के दौरान नगर पालिका के अमले के साथ पुलिस बल भी बड़ी संख्या में मौजूद रहा।

# एसी का कॉपर वायर चोरी कर भागते चोर को पुलिस के हवाले किया

**जबलपुर।** ओमती थाना अतंर्गत भंवरताल गार्डन के पास सुनील होजरी के बाजू गली में स्थित एक आफिस में लगे एसी का तार चोरी कर ले जा रहे आरोपी को पिता पुत्र ने पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। ओमती पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार होटल प्रिंसविराज के पास एकता चौक विजयनगर निवासी 38 वर्षीय आशीष कोटवानी गत दिवस अपने बेटे शिवाक्ष के साथ भंवरताल गार्डन के पास स्थित आफिस में काम कर रहा था। उसी दौरान शाम लगभग 4.15 बजे उसके आफिस के कमरे में लगे एसी के पीछे वाली सकरी गली में कुछ आवाज आने पर जाकर देखा तो आफिस के बाहर लगे एसी के ब्लोअर का कॉपर वायर एक युवक 5 हजार रूपये का चोरी कर भाग रहा था। पिता पुत्र ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी ने चाकू से मारने का प्रयास किया तथा थाने में रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी। पिता पुत्र ने आरोपी को पकड़ा, पुलिस पूछताछ में आरोपी की शिनाख्त विक्टोरिया अस्पताल के पास निवासी सौरभ अरोरा के रुप में हुई। पुलिस के मुताबिक इसके पहले भी आरोपी सौरभ कई बार आसपास के स्थान पर चोरी करते पकड़ा गया एवं पहले भी उसके एसी का तार चोरी किया है। पुलिस ने आरोपी से एसी का कॉपर वायर, चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 351(2), 303(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# देवरी में गहराया जल संकट, तीन-चार दिन में एक बार मिल रहा पानी

**बरेला।** गर्मी बढ़ते ही ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट गहराने लगा है। करोड़ रूपयो की योजना भी लोगों को रोज पानी नहीं दिला पा रही है जिसकी वजह से लोगों को पेयजल के लिए निजी स्त्रोतों और हेड पंप का ही सहारा लेना पड़ रहा है। इसका प्रत्यक्ष नजारा जबलपुर निवास मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत देवरी पटपरा में देखा जा सकता है जहां पर ग्राम के बाहर स्थित हैंडपंप पर सुबह से लेकर देर रात तक पानी के लिए लाइन लगी रहती है। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत देवरी पटपरा में जल जीवन मिशन के तहत लगभग 1 करोड रुपए की लागत से पाइपलाइन बिछाई गई हैं तथा संपबेल का निर्माण भी कराया गया है किंतु इसके बावजूद भी ग्रामीणों को चार-पांच दिन में एक बार ही पानी मिल पा रहा है ।बताया जाता है कि गांव के जल स्त्रोत सूख गए हैं तथा उनसे मुश्किल ही टंकी लोड हो पा रही है जिसकी वजह से ग्रामीणों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।



स्थानीय निवासी प्रेम साहू ने बताया कि ग्राम में करोड़ों रुपए की लागत से जल जीवन मिशन योजना संचालित है किंतु ग्राम में बोर न होने के कारण पानी की सप्लाई कुएं से की गई है किंतु वर्तमान में कुआं भी सूख रहा है इसकी वजह से ग्राम में जल संकट गहराता जा रहा है। साहू मोहल्ला निवासी विष्णु साहू ने बताया कि उनके मोहल्ले में एक बोर संचालित था किंतु वह भी वर्तमान में बंद हो गया है जिसकी वजह से पानी के लिए दो-दो किलोमीटर दूर तक जाना पड़ रहा है तथा पानी के लिए ही पानी की व्यवस्था में ही अधिकांश समय बर्बाद हो रहा है ।अन्य ग्रामीण नितिन पटेल ,विनोद पटेलका कहना है कि शासन द्वारा नल जल योजना तो संचालित की जा रही है किंतु जल स्त्रोतों की व्यवस्था न करने के कारण यह योजना भी लोगों को रोज पानी नहीं दे पा रही है फिलहाल ग्रामीणों को ग्राम के बाहर एक किलोमीटर दूर स्थित कुटी स्थित हेड पंप से ही पानी लाना पड़ रहा है। यहां पर पानी के लिए हेडंपप में भी लंबी-लंबी लाइन लग रही है तथा लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पीएचई विभाग की अनदेखी की वजह से ग्रामीणों को हर गर्मी में पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। पीएच विभाग के अधिकारी केवल गर्मी में ही गांव की ओर देखने आते हैं उसके पश्चात उनका कोई अता पता नहीं रहता है जिसकी वजह से गांव में पेयजल का स्थाई स्त्रोत नहीं बन पा रहा है और उनकी अनदेखी का नुकसान ग्रामीणों को पेयजल संकट के रूप में उठाना पड़ रहा है ।इस संबंध में सरपंच श्रीमती अनीता झारिया का कहना है कि गांव में पानी की समस्या है कुएं में पानी के स्तर घट गया है।

# ट्रेन से उतारे गये बच्चों के समर्थन में सामने आया मुस्लिम परिषद

## बच्चे घर या वापस मदरसे भेजे जाए

**जबलपुर।** पिछले दिनों कटनी स्टेशन पर 167 मुस्लिम बच्चों और उनके 8 शिक्षकों को मानव तस्करी के संदेह में ट्रेन से उतारे जाने का मामला अब सामाजिक और राजनीतिक मोड़ पर आ गया है। इस घटना को लेकर मुस्लिम समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुरहट कांग्रेस विधायक राहुल सिंह से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए बच्चों की तत्काल ससम्मान घर वापसी या मदरसे भेजने की मांग की है।

यह घटना 11 अप्रैल 2026 को हुई थी। पटना-पुणे एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 17609) के स्लीपर कोच (एस2, एस3, एस4) में 6 से 15 वर्ष की आयु के लगभग 167 बच्चे अपने शिक्षकों के साथ यात्रा कर रहे थे। शाम करीब 6:30 बजे कटनी जंक्शन पर पुलिस ने मानव तस्करी के संदेह में इन सभी को ट्रेन से उतार लिया। मुस्लिम परिषद का आरोप है कि पुलिस ने बिना किसी ठोस साक्ष्य या प्रारंभिक जांच के तुरंत एफआईआर दर्ज कर ली। इसके बाद बच्चों को कटनी और जबलपुर के बाल कल्याण समिति केंद्रों में भेज दिया गया। परिषद ने ज्ञापन में आरोप लगाया है कि यह पूरी कार्यवाही गलत सूचनाओं के आधार पर की गई है और यह एक साजिश का हिस्सा है। परिषद के अनुसार, शंभू रजत नामक व्यक्ति ने इन बच्चों को पहले पटना, मिर्जापुर और सतना स्टेशनों पर भी रोकने की कोशिश की थी, लेकिन वहां के अधिकारियों ने दस्तावेजों की सत्यता पाए जाने पर उन्हें यात्रा जारी रखने दी थी। सभी 167 बच्चों के पास वैध आरक्षित टिकट थे और वे परिजनों की लिखित सहमति से शिक्षा प्राप्त करने के लिए लातूर (महाराष्ट्र) जा रहे थे।

# रंगदारी वसूलने ज्वेलर्स पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर तीन बदमाशों ने एक ज्वेलर्स व्यापारी पर रॉड से हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुसली निवासी 26 वर्षीय ज्वेलर्स व्यापारी अनुज सोनी गत दिवस अपने दोस्त सम्यक जैन की कार से दोस्त यशवंत लोधी के लगुन कार्यक्रम में गए थे। कार्यक्रम के बाद यशवंत लोधी के मकान के पास खड़ी कार को लेने सम्यक जैन गया था तभी कुसली निवासी दुर्गेश उर्फ भूरा, सुनाचर निवासी देवी सिंह लोधी और अरुण ठाकुर आए और उससे शराब पीने के लिए एक हजार रुपए की मांग करने लगे, मना करने पर तीनों गालीगलौज करते हुए उस पर रॉड से हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 118(2), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# शादी में डांस के दौरान विवाद, चाकू चले, 1 घायल

**जबलपुर।** पाटन थाना अतंर्गत ग्राम बिनैकी में डीजे में नाचते समय विवाद होने पर समझाने गए एक युवक पर लड़के पक्ष से आए तीन बदमाशों ने मारपीट कर चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार करमेता माढ़ोताल निवासी 36 वर्षीय बलराम विश्वकर्मा गत रात 11.45 बजे ग्राम बिनैकी में प्रमोद विश्वकर्मा की बेटी की शादी में शामिल होने आया था। डीजे मे नाचते समय लडके पक्ष से आये सुभाष विश्वकर्मा एवं दो अन्य साथियो का विवाद हो गया था और तीनों के बीच मारपीट होने लगी, वह बीच बचाव करने गया तो रामू एवं उसके दो साथी गालीगीलौज करने लगे, मना करने पर रामू ने जान से मारने की नीयत से उस पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296( बी), 115(2), 109(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# दीवार में सेंध लगाकर सोने चांदी के जेवर चोरी

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अतंर्गत सगड़ा महगवां में मकान के बाहर बनी ईंट की दीवाल को खोदकर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। शहपुरा जानकारी के अनुसार 63 वर्षीय लखनलाल अहिरवार गत रात लगभग 11 बजे अपनी पत्नी के साथ खाना खाकर दहलान में सो गया था। सुबह लगभग 6 बजे पत्नी राधा बाई उठी एवं बाहर तरफ निस्तार को गयी तो उसके होश उड़ गए, मकान के बाहर तरफ की बनी ईंट की दीवाल को खोदकर आगे बनी कमरे की कच्ची मिट्टी की दीवाल को खोदकर घर के अंदर घुसकर अज्ञात चोर अंदर रखी पेटी से चांदी के 2 कड़े, संतान सातें की चूड़ी, करधन, 2 जोड़ी पायल, तथा अनाज रखने वाली चौकोर टंकी में रखा गले का सोने का हार, चैन, 2 अंगूठी, लॉक पट्टी, एवं नगदी कुल कीमती लगभग 75 हजार रूपये के चोरी कर ले गया है। अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




**सुश्री सरस्वती पिल्लई-** गली नं. 14, सदर निवासी श्री माणिक्कम पिल्लई की पुत्री सुश्री सरस्वती पिल्लई (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**कु. प्रियका यादव-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री राम गोपाल यादव की पुत्री कु. प्रियंका यादव (22) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**कु. साक्षी ठाकुर-** फेस 1 तिलहरी खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री मुन्ना ठाकुर की पुत्री कु. साक्षी ठाकुर (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुनीता कोरी-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री भूरामल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता कोरी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हिमांशु महोबिया-** ग्राम घाना खमरिया निवासी श्री कल्लू महोबिया के पुत्र श्री हिमांशु महोबिया (23) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रेम प्रकाश मैनी-** आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री प्रेरम प्रकाश मैनी (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अमीर सिंह-** तिलहरी पटेल बाबा के पीछे निवासी श्री अमीर सिंह (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती निरूपमा झा-** द्वारका नगर कांचघर रोड निवासी श्री हुकुमचंद झा की धर्मपत्नी श्रीमती निरूपमा झा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ओम प्रकाश मेहतो-** परसवाड़ा जमतरा गौर निवासी श्री ओम प्रकाश मेहतो (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटे लाल ठाकुर-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री छोटे लाल ठाकुर (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री धर्मेंद्र गौतम-** सिद्धबाबा वार्ड लालमाटी निवासी श्री त्रिवेणी प्रसाद गौतम के पुत्र श्री धर्मेंद्र गौतम का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनोद गोंटिया-** नई बस्ती कांचघर चौधरी मोहल्ला निवासी श्री विनोद गोंटिया (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी मेहतो-** मानेगांव गांधी चौक रांझी निवासी श्री कैलाश मेहतो की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी मेहतो (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आसनदास नाथानी-** खटीक मोहल्ला तिलक वार्ड निवासी श्री आसनदास नाथानी (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सीताराम ताम्रकार-** मौलाना गली मिलौनीगंज कोतवाली निवासी श्री सीताराम ताम्रकार (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
संपर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362100

# 15 साल बाद बदल रहा एप्पल का सीईओ, कुक की जगह जॉन संभालेंगे कमान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी एप्पल ने आखिरकार अपने नए सीईओ के नाम का खुलासा कर ही दिया। बीते 4-5 साल से यह खबर उड़ती रहती है कि एप्पल टिम कुक की जगह नया सीईओ बना रही है। लेकिन, इन अफवाहों के बीच कुक ने अपने 15 साल बतौर सीईओ पूरे भी कर लिए और अब जाकर कंपनी ने जॉन टर्नस को अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी यानी सीईओ चुन लिया है। टिम कुक लगातार 15 साल तक एप्पल के सीईओ रहे, जो कंपनी के किसी भी अन्य सीईओ के मुकाबले सबसे ज्यादा अवधि है। अब 1 सितंबर, 2026 से उनकी जगह जॉन संभालेंगे। इससे पहले तक जॉन का नाम नहीं सुना हो तो उनके बारे में यह जान लीजिए कि एप्पल को आज सबसे मूल्यवान कंपनी बनाने का श्रेय जॉन को भी उतना ही जाता है, जितना कुक के नाम है। टर्नस ने साल 2001 में एप्पल की प्रोडक्ट डिजाइन टीम को ज्वाइन किया था, जहां शुरुआत में उन्होंने एप्पल सिनेमा डिस्प्ले पर काम किया। उनकी काबिलियत को देखते हुए कंपनी ने साल 2013 में ही हार्डवेयर इंजीनियरिंग विभाग का वाइस प्रेसिडेंट बना दिया। टर्नस सीधे टिम कुक को रिपोर्ट करते थे। साल 2020 में उन्होंने आईफोन हार्डवेयर की कमान संभाली और फिर साल 2021 में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट बना दिया गया।

## टर्नस 1 सितंबर 2026 से एप्पल के सीईओ टीम का पदभार संभालेंगे

### डिजाइन और क्वालिटी निर्धारित करने में प्रमुख भूमिका

जॉन टर्नस फिलहाल एप्पल के हार्डवेयर इंजीनियरिंग विभाग के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट हैं। यह वही विभाग है, जो एप्पल आईफोन से लेकर तमाम प्रोडक्ट की डिजाइन और क्वालिटी निर्धारित करने में प्रमुख भूमिका निभाता है। खुद टिम कुक ने उनकी तारीफ करते हुए कहा है कि जॉन दिमाग से इंजीनियर और आत्मा से इनोवेटर हैं। इसका मतलब है कि उनका स्वभाव ही कुछ नया खोजने और करने का है। उनकी अगुवाई में ही एप्पल की इंजीनियरिंग इतनी शानदार हो गई है, जिसे आज दुनिया की कोई टेक कंपनी टक्कर नहीं दे पाती है।



### डेड स्टार्टअप से शुरू किया था करियर

जॉन टर्नस ने साल 1997 में यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिलवेनिया से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की और लगभग खत्म हो चुके एक स्टार्टअप वर्चुअल रिसर्च सिस्टम में बतौर मैकेनिकल इंजीनियर अपना करियर शुरू किया। इस स्टार्टटप के लिए भी टर्नस ने वर्चुअल रियलिटी हेडसेट डिजाइन किए। इससे पहले पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने सिर के मूवमेंट से चलने वाला मैकेनिकल फीडिंग ऑर्म डिजाइन किया, जो शुरुआत से ही उनके प्रैक्टिकल अप्रोच को दिखाता है।

## खबर संक्षेप




### बायोकॉन को दो जैविक दवाओं के लिए नोटिस

**नई दिल्ली।** बायोकॉन लिमिटेड को कनाडा की स्वास्थ्य नियामक संस्था हेल्थ कनाडा से अपनी जैविक दवाओं बोसाया और वेवजुओ के लिए अनुपालन नोटिस मिला है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ये दवाएं ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की कमजोरी) और कैंसर से जुड़ी हड्डी संबंधी जटिलताओं के इलाज में उपयोग होती हैं। कंपनी के अनुसार, हेल्थ कनाडा ने तीन अप्रैल 2026 को बोसाया (डेनोसुमैब) और वेवजुओ (डेनोसुमैब) के लिए नोटिस दिया, जो क्रमशः प्रोलेया और एक्सजीवा की जैविक दवाएं (बायोसिमिल) हैं।

### अदाणी पावर की परमाणु ऊर्जा के लिए इकाई गठित

**नई दिल्ली।** अदाणी पावर ने परमाणु स्रोतों से प्राप्त बिजली के उत्पादन, पारेषण और वितरण के लिए एक इकाई का गठन किया है। सरकार का लक्ष्य 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करना है। इस क्षेत्र में निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए कई विधायी बदलाव किए गए हैं। अदाणी पावर ने शेयर बाजार को सोमवार को दी सूचना में बताया कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी अदाणी एटॉमिक एनर्जी लिमिटेड (एएईएल) ने 20 अप्रैल 2026 को रावतभाटा-राज एटॉमिक एनर्जी लिमिटेड (आरआरएईएल) नामक एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी का गठन किया है।



### एनसीएलएटी ने इंटेल पर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी इंटेल कॉरपोरेशन पर लगाए गए 27.38 करोड़ रुपये के जुर्माने पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। अपीलीय न्यायाधिकरण की दो-सदस्यीय पीठ ने इंटेल को यह राहत देते हुए कहा कि कंपनी पहले ही जुर्माने की 25 प्रतिशत राशि जमा कर चुकी है।



### रक्षा मंत्रालय से बीईएमएल को 590 करोड़ का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बीईएमएल लिमिटेड को भारतीय सेना को 'ट्रॉल असेंबली' की आपूर्ति के लिए 590 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि इस संबंध में राष्ट्रीय राजधानी में रक्षा मंत्रालय और बीईएमएल के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच औपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। बयान के अनुसार, यह अनुबंध भारतीय सेना के 'टी-72' और 'टी-90' टैंक पर तैनाती के लिए 'ट्रॉल असेंबली' की आपूर्ति से जुड़ा है।

### जेएसडब्ल्यू स्टील ने पॉस्को से किया उद्यम समझौता

**नई दिल्ली।** सज्जन जिंदल के नेतृत्व वाली जेएसडब्ल्यू स्टील ने दक्षिण कोरिया की इस्पात कंपनी पॉस्को के साथ संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत ओडिशा में 60 लाख टन सालाना क्षमता वाला इस्पात संयंत्र स्थापित किया जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी में भारत-कोरिया व्यापार मंच की बैठक में यह घोषणा की गई। बयान में, जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा कि परियोजना के लिए भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है।




## संयुक्त राष्ट्र के ईएससीएपी ने जारी की रिपोर्ट

# भारत की अर्थव्यवस्था के इस वर्ष 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमानः संयुक्त राष्ट्र

एजेंसी ▸▸| संयुक्त राष्ट्र

भारत की अर्थव्यवस्था के इस वर्ष 6.4 प्रतिशत और 2027 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग एशिया व प्रशांत (ईएससीएपी) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि दक्षिण एवं दक्षिण-पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाएं 2025 में 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ीं जबकि 2024 में वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत थी। इसमें भारत की मजबूत वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा। 'इकोनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक 2026' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की वृद्धि दर 2025 में बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई। इस मजबूत खपत, विशेष रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मांग, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती और अमेरिका के शुल्क लागू होने से पहले निर्यात में तेजी ने समर्थन दिया।

- दक्षिण-पश्चिम की अर्थव्यवस्था 2025 में 5.4 फीसदी की दर से बढ़ी

**खास बातें**

- एशिया की अर्थव्यवस्था वर्ष 2024 में वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत रही
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मांग और जीएसटी दरों में कटौती से समर्थन मिला



### अमेरिका को निर्यात में 25 फीसदी की गिरावट

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में 2025 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ीं क्योंकि अगस्त 2025 में 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद अमेरिका को निर्यात में 25 प्रतिशत की गिरावट आई। सेवा क्षेत्र प्रमुख वृद्धि चालक बना रहा। इसमें अनुमान लगाया गया है कि भारत 2026 में 6.4 प्रतिशत और अगले वर्ष 6.6 प्रतिशत की दर से वृद्धि करेगा।

### मुद्रास्फीति 4.4 प्रतिशत रहने के आसार

देश में मुद्रास्फीति के इस वर्ष 4.4 प्रतिशत और 2027 में 4.3 प्रतिशत रहने के आसार हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि व्यापार तनाव एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच विकासशील एशियाई एवं प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह घटा है। 2024 में 0.6 प्रतिशत वृद्धि के बाद 2025 में इस क्षेत्र में एफडीआई दो प्रतिशत घटा जबकि वैश्विक प्रवाह में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

### प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सबसे अधिक आकर्षित

इसमें कहा गया, '' एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहले तीन तिमाहियों में जिन देशों ने नए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को सबसे अधिक आकर्षित किया... वे भारत, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया गणराज्य और कजाखस्तान हैं... जहां क्रमशः 50 अरब डॉलर, 30 अरब डॉलर, 25 अरब डॉलर और 21 अरब डॉलर के निवेश की घोषणाएं हुईं।''

### व्यक्तिगत धन प्रेषण बढ़ा

रिपोर्ट में कहा गया कि अपने देश से बाहर कार्यरत एशिया और प्रशांत के श्रमिकों द्वारा भेजा जाने वाला व्यक्तिगत धन प्रेषण (रेमिटेंस) लगातार बढ़ रहा है जिससे घरेलू रोजगार की कमजोर परिस्थितियों के प्रभाव को कम करने में मदद मिली।

### प्रतिवर्ष आठ लाख नौकरियां सृजित हुई

इसमें अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी (आईआरईएनए) के अनुमान का भी उल्लेख किया गया जिसके अनुसार वैश्विक स्तर पर लगभग 1.66 करोड़ हरित नौकरियां थीं और 2012 से 2024 के बीच प्रतिवर्ष लगभग आठ लाख नई नौकरियां सृजित हुईं जो सात प्रतिशत वार्षिक वृद्धि को दर्शाती हैं। इन 1.66 करोड़ नौकरियों में से 73 लाख चीन में, 13 लाख भारत में और 25 लाख एशिया के अन्य हिस्सों में सृजित हुईं जो वैश्विक कुल का क्रमशः 44 प्रतिशत, 8 प्रतिशत और 15 प्रतिशत हैं।

# एआई से तैयार सामग्री पर लगातार दिखाना होगा पहचान चिन्ह

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार सामग्री के लिए सख्त खुलासा मानदंड प्रस्तावित करते हुए ऐसी सामग्रियों पर अनिवार्य, लगातार और स्पष्ट रूप से दिखने वाला पहचान चिन्ह लगाने का मंगलवार को सुझाव दिया।

- सख्त खुलासा मानदंड प्रस्तावित करते हुए सरकार ने रखा प्रस्ताव

मंत्रालय की तरफ से जारी मसौदा संशोधनों के तहत, अब 'प्रमुख रूप से दिखाई देने' की जगह पूरे वीडियो या विजुअल कंटेंट की अवधि के दौरान निर्धारित पहवान चिन्ह को लगातार और स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना होगा। इन संशोधनों में स्वतंत्र रूप से समाचार सामग्री तैयार करने वाले निर्माताओं को भी नियामकीय दायरे में लाने और उनके लिए सरकारी परामर्शों का पालन अनिवार्य करने का प्रावधान किया गया है। मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों में संशोधन के मसौदे में इन बदलावों को प्रस्तावित किया है। मंत्रालय ने हितधारकों से सुझाव और टिप्पणियां आमंत्रित करने की समय-सीमा को भी बढ़ाकर सात मई कर दिया है, जो पहले 29 अप्रैल निर्धारित था। मंत्रालय ने मसौदा दस्तावेज जारी करते हुए कहा, नियम 3(3)(ए)(आईआई) में संशोधन कर 'विजुअल प्रदर्शन में प्रमुख रूप से दिखाई देने' वाले शब्दों की जगह यह सुनिश्चित करने का प्रावधान किया गया है कि ऐसे पहचान चिन्ह उस सामग्री की पूरी अवधि के दौरान लगातार और स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हों।

### पहचान को अधिक पारदर्शी बनाना

मंत्रालय ने कहा कि इन अतिरिक्त संशोधनों को सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया गया है ताकि हितधारक पहले से जारी मसौदे के साथ इन नए प्रस्तावों पर भी अपने सुझाव दे सकें। प्रस्तावित बदलावों का उद्देश्य एआई-जनित या कृत्रिम रूप से तैयार सामग्री की पहचान को अधिक पारदर्शी बनाना और उपयोगकर्ताओं को भ्रामक कंटेंट से बचाना है।

# नेस्ले का मुनाफा 27 फीसदी बढ़कर 1,110 करोड़ रुपए




एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

चॉकलेट, कॉफी, मैगी जैसे दैनिक उपयोग की चीजें बनाने वाली कंपनी नेस्ले इंडिया का 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 27.18 प्रतिशत बढ़कर 1,110.9 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 873.46 करोड़ रुपये था। नेस्ले इंडिया ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जनवरी-मार्च तिमाही में उत्पादों की बिक्री से नेस्ले इंडिया का राजस्व 6,723.75 करोड़ रुपये रहा जो सालाना आधार पर 23.42 प्रतिशत अधिक है। चौथी तिमाही में परिचालन आय 6,747.79 करोड़ रुपये रही जबकि एक वर्ष पहले इसी तिमाही में यह 5,503.88 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कुल खर्च सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 5,217.48 करोड़ रुपये हो गया। कुल आय (जिसमें अन्य आय भी शामिल है) 22.73 प्रतिशत बढ़कर 6,766.24 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में घरेलू बिक्री 23.11 प्रतिशत बढ़कर 6,445.07 करोड़ रुपये रही।

- कंपनी कॉफी, चॉकलेट, मैगी जैसे दैनिक उपयोग की चीजें बनाती है

### निर्यात से राजस्व 31 प्रतिशत बढ़ा

कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनीष तिवारी ने कहा, ''नेस्ले इंडिया ने दहाई अंकों की मजबूत वृद्धि दर्ज की और 6,445 करोड़ रुपये की अपनी अब तक की सबसे अधिक घरेलू बिक्री हासिल की...।'' निर्यात से राजस्व 31 प्रतिशत बढ़कर 278.68 करोड़ रुपये रहा।

# कच्चे जूट की भंडारण सीमा घटाकर शून्य

**नई दिल्ली।** सरकार ने कच्चे जूट की जमाखोरी रोकने और मिलों को पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए व्यापारियों और बैलरों (गांठ बनाने वालों) के लिए भंडारण सीमा घटाकर शून्य कर दी। कपड़ा मंत्रालय ने बयान में कहा कि पिछले कुछ महीनों में कच्चे जूट की कीमतों में तेज बढ़ोतरी और इनके 2025-26 के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से ऊपर बने रहने को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। कीमतों में उतार-चढ़ाव और उपलब्धता को लेकर विभिन्न पक्षों ने चिंता जताई थी। संशोधित नियमों के मुताबिक, जूट आयुक्त के साथ पंजीकृत और परिसर में बैलिंग प्रेस रखने वाले बैलरों को अपने पास मौजूद पूरा कच्चा जूट पांच मई, 2026 तक बेचना होगा और इसकी भौतिक आपूर्ति 15 मई तक पूरी करनी होगी।



# तीसरे दिन बाजार में तेजी, सेंसेक्स 753 अंक उछला

एजेंसी ▸▸| मुंबई

कच्चे तेल में नरमी और ईरान-अमेरिका के बीच शांति वार्ता में प्रगति की उम्मीदों से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 753 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी 212 अंक की बढ़त में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 753.03 अंक की बढ़त के साथ 79,273.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 846.78 अंक चढ़कर 79,367.08 के स्तर तक पहुंच गया था। वहीं, निफ्टी 211.75 अंक बढ़कर 24,576.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में ट्रेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एनटीपीसी के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.75 प्रतिशत गिरकर 94.76 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। विशेषज्ञों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई।

- शांति वार्ता की प्रगति से बाजार में बढ़ी उम्मीदें



### एफएमसीजी खंड में सर्वाधिक बढ़त

व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.73 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में एफएमसीजी खंड सर्वाधिक 2.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ जबकि रियल्टी खंड में 2.17 प्रतिशत एवं निजी बैंक सूचकांक में 1.67 प्रतिशत की तेजी रही।

### सबकी नजरें शांति वार्ता पर टिकी

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, /''अमेरिका-ईरान युद्धविराम की समयसीमा खत्म होने के पहले सबकी नजरें दूसरे दौर की शांति वार्ता पर टिक गई हैं। बाजारों ने इससे उम्मीदें लगा रखी हैं लेकिन अगर तनाव बढ़ता है तो गिरावट का जोखिम भी है।

# परसिस्टेंट सिस्टम्स का लाभ 33.7 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी परसिस्टेंट सिस्टम्स का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 33.73 प्रतिशत बढ़कर 529.26 करोड़ रुपये रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 395.76 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय करीब 25 प्रतिशत बढ़कर 4,055.93 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 3,242.11 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने बताया कि नए श्रम संहिताओं के लागू होने के कारण 89 करोड़ रुपये का वैधानिक प्रभाव पड़ा है। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का शुद्ध लाभ 33.20 प्रतिशत बढ़कर 1,865.12 करोड़ रुपये हो गया।




# देश को 100 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखना चाहिए

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि देश को निकट भविष्य में 100 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए, क्योंकि पश्चिम एशिया संकट के बीच तेल आपूर्ति की अनिश्चितता ने देश के लिए ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना जरूरी कर दिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक अप्रैल से लागू होने वाले कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता-तीन मानकों का इलेक्ट्रिक और 'फ्लेक्स-फ्यूल' वाहनों पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। 'फ्लेक्स फ्यूल' वाहन एक ऐसा वाहन है जिसमें पेट्रोल/डीजल इंजन लगा होता है और इसे एक से अधिक प्रकार के ईंधन पर चलने के लिए डिजाइन किया गया है। आमतौर पर पेट्रोल को एथनॉल या मेथनॉल के साथ मिलाकर 'फ्लेक्स फ्यूल' के रूप में इसका उपयोग किया जाता है। गडकरी ने इंडियन फेडरेशनल ऑफ ग्रीन एनर्जी के हरित परिवहन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश इस समय पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है, इसलिए ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना जरूरी है। गडकरी ने बताया कि वर्ष 2023 में नरेन्द्र मोदी ने 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई-20) की शुरुआत की थी और वर्तमान में वाहन मामूली बदलाव के साथ इस पर चल सकते हैं। ब्राजील जैसे देशों में 100 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण पहले से लागू है। गडकरी ने कहा कि भारत अपनी जरूरत का करीब 87 प्रतिशत तेल आयात करता है और हर साल लगभग 22 लाख करोड़ रुपये का जीवाश्म ईंधन आयात किया जाता है।

- केंद्रीय सड़क मंत्री गडकरी ने कहा, देश को आत्मनिर्भर बनना जरूरी




### पेट्रोल, डीजल के उपयोग को हतोत्साहित करना जरूरी

गडकरी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल वाहनों के उपयोग को हतोत्साहित करना जरूरी है, लेकिन लोगों को इन्हें खरीदने से जबरन नहीं रोका जा सकता। उन्होंने वाहन कंपनियों से लागत के बजाय गुणवत्ता पर ध्यान देने को कहा, ताकि वे नए बाजारों में बेहतर तरीके से अपनी पहुंच बना सकें।

## चीनी कंपनी चेरी ने प्रीमियम सब-ब्रांड इक्सीड ईएक्स7 पेश की

# सिंगल चार्ज में 1,520 किमी रेंज, खास ब्रेकिंग सिस्टम वाली पहली ईवी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

चीनी ऑटोमोबाइल कंपनी चेरी ने अपने प्रीमियम सब-ब्रांड एक्सीड की नई एसयूवी एक्सीड ईएक्स 7 पेश की है। यह कार खास तौर पर इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट में नई टेक्नोलॉजी और लंबी रेंज के साथ लांच की गई है। इस एसयूवी की सबसे बड़ी खासियत इसकी बेहद लंबी ड्राइविंग रेंज है। कंपनी का दावा है कि यह गाड़ी एक बार चार्ज करने पर 1520 किलोमीटर तक चल सकती है। इसमें दो तरह के पावरट्रेन ऑप्शन मिलते हैं, पहला पूरी तरह इलेक्ट्रिक और दूसरा एक्सटेंडेड रेंज इलेक्ट्रिक (ईआरईवी) है। ईआरईवी वर्जन में बैटरी के साथ एक छोटा इंजन भी होता है जो जरूरत पड़ने पर बैटरी को चार्ज करता रहता है, जिससे गाड़ी लंबी दूरी तय कर पाती है और ड्राइवर को बार-बार चार्जिंग की चिंता नहीं रहती।

- एसयूवी की सबसे बड़ी खासियत इसकी बेहद लंबी ड्राइविंग रेंज




### ईवी की दुनिया में बड़ा बदलाव

यह बैटरी तकनीक मौजूदा लिथियम-आयन बैटरियों से ज्यादा सुरक्षित, ज्यादा एनर्जी स्टोर करने वाली और लंबी लाइफ वाली मानी जाती है। अगर यह तकनीक बड़े स्तर पर लागू होती है, तो ईवी की दुनिया में बड़ा बदलाव आ सकता है। कुल मिलाकर, इक्सीड ईएक्स7 एक ऐसी एसयूवी है जो लंबी रेंज, नई ब्रेकिंग टेक्नोलॉजी, और प्रीमियम फीचर्स के साथ भविष्य की इलेक्ट्रिक गाड़ियों की झलक दिखाती है। यह न सिर्फ टेक्नोलॉजी के लिहाज से खास है बल्कि कंपनी के लिए भी एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, जिससे वह ईवी मार्केट में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है।

### कार में मिलते हैं ये खास फीचर्स

इस कार में एक और खास तकनीक दी गई है, जिसे इलेक्ट्रो-मैकेनिकल ब्रेकिंग सिस्टम (ईएमबी) कहा जाता है। नॉर्मल ब्रेकिंग सिस्टम में हाइड्रोलिक मैकेनिज्म होता है, लेकिन ईएमबी पूरी तरह इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल पर काम करता है। इसका फायदा यह है कि ब्रेक ज्यादा तेजी से काम करते हैं, जिससे सेफ्टी बढ़ती है और गाड़ी की परफॉर्मेंस भी बेहतर होती है। यह तकनीक अभी बहुत नई है और धीरे-धीरे भविष्य की गाड़ियों में ज्यादा देखने को मिल सकती है।

### डिजाइन और इंटीरियर

डिजाइन और इंटीरियर की बात करें तो ईएक्स7 को प्रीमियम एसयूवी के रूप में तैयार किया गया है। इसमें लग्जरी इंटीरियर, बड़ा और आधुनिक इंफोटेनमेंट सिस्टम, डिजिटल डिस्प्ले, और आरामदायक सीटिंग दी गई है। इसके अलावा इसमें कई एडवांस फीचर्स और ड्राइवर असिस्टेंस टेक्नोलॉजी भी मिलती हैं, जो ड्राइविंग को ज्यादा सुरक्षित और सुविधाजनक बनाती हैं। कंपनी भविष्य में इस एसयूवी में और भी एडवांस सेमी-सॉलिड-स्टेट बैटरी देने की योजना बना रही है।

## चिंतन

# सुरक्षा के लिए संतुलित रणनीति बेहद जरूरी

पहलगाम हमले की पहली बरसी केवल एक दर्दनाक स्मृति नहीं, बल्कि सुरक्षा नीति की गंभीर परीक्षा भी है। 22 अप्रैल 2025 को बैसरन घाटी में हुई आतंकी वारदात ने देश को झकझोर दिया था। एक साल बाद हालात अपेक्षाकृत शांत हैं, लेकिन असली चुनौती इस शांति को स्थायी सुरक्षा और सामान्य जीवन में बदलने की है। इस हमले को एक साल बीत चुका है। इस अवधि में एक-दो वारदात को छोड़ दें तो घाटी शांत ही रही है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि उन इलाकों को भी खोल दिया जाए जो पहलगाम हमले के बाद बंद किए गए थे। चूंकि ये लोगों की आजीविका का जरिया हैं। बदलते कश्मीर में अब लोगों में मुख्यधारा से जुड़ने की ललक है। ऐसे में सरकार और खुफिया एजेंसियों को भी चाहिए कि वे लोगों को सुरक्षित महसूस करवाएं। बलों की तैनाती इस तरह से हो कि गलत मंसूबे लेकर आने वाले हमले जैसी वारदातों की हिमाकत न करें। अब जरूरी है कि सरकार सुरक्षा और शांति के लिए एक संतुलित रणनीति बनाए। केवल जम्मू-कश्मीर ही नहीं, देश के अन्य भागों में भी व्यापक सतर्कता जरूरी है। सुरक्षा किसी भी संवेदनशील क्षेत्र की पहली जरूरत होती है, खासकर जम्मू-कश्मीर जैसे इलाके में। बीते एक साल में सुरक्षा एजेंसियों और सेना ने सतर्कता बनाए रखते हुए बड़े हमलों को रोकने में सफलता पाई है। यह दिखाता है कि मजबूत सुरक्षा तंत्र ही शांति की बुनियाद बन सकता है। यह भी उतना ही जरूरी है कि सुरक्षा के नाम पर आम नागरिकों के जीवन और रोजगार पर अनावश्यक प्रतिबंध न लगे। बैसरन घाटी जैसे इलाकों का लंबे समय तक बंद रहना स्थानीय अर्थव्यवस्था पर सीधा असर डाल रहा है। पर्यटकों की संख्या पहले ही 30-40% तक घट चुकी है, जिससे लोगों में नाराजगी स्वाभाविक है। ऐसे में जरूरी है कि सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए चरणबद्ध तरीके से इन क्षेत्रों को फिर से खोला जाए। संतुलित रणनीति का मतलब यही है कि सुरक्षा "दिखे भी" और "भरोसा भी दे"। इसके लिए आधुनिक तकनीक, खुफिया तंत्र की मजबूती, स्थानीय लोगों की भागीदारी और सीमित, लेकिन प्रभावी बल तैनाती जरूरी है। ऐसा माहौल बनाना होगा, जिसमें पर्यटक बिना डर के आएं और स्थानीय लोग खुद को सुरक्षित महसूस करें। देश के अन्य हिस्सों में भी सुरक्षा को लेकर लापरवाही की गुंजाइश नहीं है। हाल ही में राजस्थान की एक रिफाइनरी में लगी आग की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। यदि इसमें किसी साजिश के संकेत मिलते हैं, तो यह साफ है कि खतरे का दायरा व्यापक है। और यदि यह हादसा है, तब भी सुरक्षा मानकों की समीक्षा जरूरी हो जाती है। किसी भी रूप में देश को नुकसान पहुंचाने वाली घटनाएं सुरक्षा तंत्र के लिए चेतावनी हैं। आतंकवाद के खिलाफ सख्ती जरूरी है, लेकिन इसका उद्देश्य केवल खतरे को खत्म करना नहीं, बल्कि सामान्य जीवन को बहाल करना भी होना चाहिए। जिस तरह नक्सलवाद के खिलाफ रणनीतिक और बहुआयामी प्रयास किए गए, उसी तरह आतंक के खिलाफ भी सुरक्षा, विकास और विश्वास तीनों को साथ लेकर चलना होगा। भारतीय सेना का संदेश "भारत कुछ नहीं भूला" यह स्पष्ट करता है कि सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं होगा। पहलगाम की यह बरसी याद दिलाती है कि मजबूत सुरक्षा और सामान्य जीवन एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। सही रणनीति वही होगी, जो दोनों को साथ लेकर चले, तभी देश सुरक्षित भी होगा और सच में सामान्य भी।



मुद्दा
मनीष कुमार चौधरी

# भारत में क्यों जरूरी है परिसीमन

भले ही संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित नहीं हो पाया, परंतु परिसीमन से जुड़े मुद्दों की प्रासंगिकता अब भी बरकरार है। भारत का लोकतंत्र विशाल आकार और विविधता के लिए जाना जाता रहा है। फिर भी प्रतिनिधित्व की मूल संरचना दशकों से काफी हद तक स्थिर बनी हुई है। लोकसभा का आगामी परिसीमन, उस संतुलन को गहरे स्तर पर बदलने की क्षमता रखता है। परिसीमन तकनीकी या प्रशासनिक प्रक्रिया ही है और अपने मूल रूप में परिसीमन का उद्देश्य राजनीतिक प्रतिनिधित्व को जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना है। दशकों से भारत सीटों की एक निर्धारित संख्या के साथ ही काम करता रहा है, जबकि इस दौरान उसकी जनसंख्या में भारी वृद्धि हुई है।

महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण व लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 करने और 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन के लिए केंद्र सरकार की ओर से लाया गया संविधान (131वां) संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित नहीं हो पाया। भले ही विधेयक पारित न हो पाया हो, परंतु परिसीमन से जुड़े मुद्दों की प्रासंगिकता अब भी बरकरार है। भारत का लोकतंत्र विशाल आकार और विविधता के लिए जाना जाता रहा है। फिर भी प्रतिनिधित्व की मूल संरचना दशकों से काफी हद तक स्थिर बनी हुई है। लोकसभा का आगामी परिसीमन, जिसके 2029 के आम चुनावों को आकार देने की उम्मीद है, उस संतुलन को गहरे स्तर पर बदलने की क्षमता रखता है। यूं देखा जाए तो परिसीमन एक तकनीकी या प्रशासनिक प्रक्रिया ही है और अपने मूल रूप में परिसीमन का उद्देश्य राजनीतिक प्रतिनिधित्व को जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना है। दशकों से भारत सीटों की एक निर्धारित संख्या के साथ ही काम करता रहा है, जबकि इस दौरान उसकी जनसंख्या में भारी वृद्धि हुई है।

संवैधानिक रूप से प्रत्येक दशक के बाद जनसंख्या जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्वितरण अनिवार्य था। पुनर्वितरण अंतिम बार 1971 की जनगणना के बाद ही किया गया था। देश में जनसंख्या नियंत्रण उपायों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार सरकारों ने सीटों के पुनर्वितरण को रोक दिया। वर्ष 2000 के दशक की शुरुआत में प्रत्येक राज्य के भीतर जनसंख्या को सामान्य करने के लिए निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से तैयार किया गया था, लेकिन इस अभ्यास ने प्रत्येक राज्य को आवंटित निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया। 1971 के बाद से भारत की जनसंख्या में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। लेकिन यह वृद्धि पूरे देश में समान रूप से नहीं हुई है। असमान वृद्धि इसलिए हुई, क्योंकि दक्षिणी राज्य अपनी प्रजनन दर को तेजी से नीचे लाने में सक्षम रहे। उत्तरी राज्यों का जनसंख्या हिस्सा 43 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि दक्षिणी राज्यों का हिस्सा 1971 और 2026 के बीच 25 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत हो गया है। इससे यह आशंका उठ खड़ी हुई है कि पूरी तरह से जनसंख्या के आधार पर संसद की सीटों का पुनर्वितरण करने से दक्षिणी राज्य संसद में अपनी सीटों का हिस्सा खो देंगे, जबकि यह तकनीकी रूप से देशभर में प्रतिनिधित्व को निष्पक्ष बना देगा, खासकर कम प्रतिनिधित्व वाले उत्तरी राज्यों के लिए। उदाहरण के लिए, केरल का एक सांसद लगभग 18 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, वहीं राजस्थान का सांसद करीब 33 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। दक्षिणी राजनीतिक दलों की चिंता इसी को लेकर है। उन्हें डर है कि इससे उत्तरी राज्यों को अधिक शक्ति मिलेगी, जो न केवल भारतीय जनता पार्टी के गढ़ हैं, बल्कि हिंदी-बेल्ट या हिंदी भाषी क्षेत्र के रूप में भी लोकप्रिय हैं। उनका मानना है कि पुनः आवंटन योजना से उन्हें अच्छी नीतियों और शासन के लिए दंडित किया जाएगा, जबकि उत्तरी राज्यों को पुरस्कृत किया जाएगा, जहां जनसंख्या वृद्धि काफी हद तक अनियंत्रित रही है। वर्ष 1952 में जब देश में पहली बार लोकसभा चुनाव हुए, तब संसद में 489



सीटें थीं और आबादी थी करीब 36 करोड़। आज आबादी 140 करोड़ पार कर चुकी है, लेकिन पिछले 50 साल से सीटें 543 पर जमी हैं। इसका एक स्वाभाविक परिणाम सामने आया है- सीमित सीटों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा। इसका लाभ उन लोगों को मिलता है जिनके पास पहले से ही राजनीतिक पूंजी मौजूद है, जैसे नाम की पहचान, सांगठनिक समर्थन या वंशानुगत पृष्ठभूमि। सीटों की संख्या में विस्तार केवल सीटों की संख्या नहीं बढ़ाता, बल्कि यह चुनावी क्षेत्र में प्रवेश की बाधाओं को भी कम करता है। एक विशाल संसद उन नए चेहरों के लिए जगह बनाती है, जो अन्यथा हाशिए पर ही रह जाते। भारतीय राजनीति में समय के साथ स्थिरता के कुछ क्षेत्र बन गए हैं, ऐसे निर्वाचन क्षेत्र कुछ खास व्यक्तियों, परिवारों या पार्टियों के लिए 'सुरक्षित सीटों' के तौर पर काम करते हैं। परिसीमन इस जड़ व्यवस्था पर चोट करता है। जब सीमाएं बदलती हैं, तो मतदाताओं की बनावट भी बदल जाती है।

कोई ऐसा निर्वाचन क्षेत्र, जो कभी किसी खास जातिगत समीकरण, सामुदायिक जुड़ाव या राजनीतिक नैरेटिव के पक्ष में रहा हो, हो सकता है कि अब वैसा न रहे। देश तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है। वर्ष 2029 तक भारत के मतदाताओं की बनावट आज या कुछ बरस पहले से काफी अलग होगी। जैसे-जैसे शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में नए निर्वाचन क्षेत्र उभरेंगे, उनके भीतर चुनावी प्रतिस्पर्धा का स्वरूप भी बदलेगा। जब मुकाबले का ढांचा बदलता है, तो पार्टियों को भी उसके हिसाब से ढलना पड़ता है, वरना उनके अप्रासंगिक हो जाने का खतरा रहता है।

इस तरह का बदलाव सिर्फ ऊपरी तौर पर नहीं होता। प्रतिनिधित्व में आया पीढ़ीगत बदलाव स्वाभाविक रूप से राजनीतिक विमर्श में भी बदलाव लाता है। जैसे-जैसे संसद में उनकी मौजूदगी बढ़ती जाएगी, राजनीतिक बहसों का समग्र स्वरूप भी बदल सकता है। इस तरह परिसीमन के आधार पर गठित 2029 की संसद भारत के भविष्य को लेकर एक ज्यादा जटिल और प्रगतिशील संवाद को दर्शा सकती है। हमें यह समझना भी बेहद जरूरी है कि परिसीमन कोई आसान सुधार नहीं है। इसके साथ कई किंतु-परंतु और राजनीतिक डर व आशंकाएं जुड़ी हैं। जो राज्य जनसंख्या वृद्धि को स्थिर करने में सफल रहे हैं, उन्हें अब राजनीतिक रूप से हाशिए पर जाने का डर है, जबकि तेजी से जनसंख्या बढ़ने वाले राज्य यह तर्क देते हैं कि प्रतिनिधित्व को वर्तमान वास्तविकताओं को दर्शाना चाहिए। राज्यों के बीच एक नैतिक मुकाबला मानने से एक संरचनात्मक संवैधानिक मुद्दे को राजनीतिक शिकायत में बदलने का जोखिम है। संसदीय सीटों का पूरी तरह से जनसंख्या-आधारित पुनर्वितरण संख्यात्मक समानता को संतुष्ट कर सकता है, लेकिन यह संघीय संतुलन को भी बिगाड़ सकता है। चुनौती यह नहीं है कि परिसीमन होना चाहिए या नहीं, बल्कि इसके गुणावगुण प्रभावों का संतुलन कैसे साधा जाए, इस बात का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। भारत के इतिहास में परिसीमन को इसकी राजनीतिक संवेदनशीलता के कारण बार-बार टाला गया है। इस तरह के सुधार को आगे बढ़ाने के लिए ऐसी राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होती है जो तात्कालिक चुनावी हितों से कहीं आगे की सोच रखती हो। परिसीमन को केवल नक्शों को फिर से बनाने की प्रक्रिया के रूप में देखना इसके व्यापक महत्व को नजरअंदाज करना होगा। असल में यह लोकतांत्रिक चुनावी मैदान का एक पुनर्समायोजन है। लोकतंत्र सिर्फ गणित नहीं होता। जब मतदाता वर्ग स्वयं बदल रहा हो, तो उसके साथ कदम मिलाकर चलने के लिए प्रतिनिधित्व को भी विकसित होना पड़ता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विश्व पृथ्वी दिवस
रोहित कौशिक



# हमारी समझदारी से ही बच सकेगी पृथ्वी

एक नए अध्ययन में बताया गया है कि महासागरों के तेजी से गर्म होने के कारण मौसम के चक्र में बदलाव का अनुमान है। वर्तमान में हिंद महासागर और इसके आसपास के देश वैश्विक स्तर पर प्राकृतिक आपदाओं के सबसे अधिक खतरे वाले क्षेत्र के रूप में उभरे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि आज पृथ्वी को बचाने के लिए भाषणबाजी तो बहुत होती है, लेकिन धरातल पर काम नहीं हो पाता है। यही कारण है कि पर्यावरण की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। इस दौर में जिस तरह से मौसम का चक्र बिगड़ रहा है, वह हम सबके साथ-साथ समाज के उस वर्ग के लिए भी चिन्ता का विषय है जो ग्लोबल वार्मिंग पर चर्चा करने को एक फैशन मानने लगा था। दरअसल इन दिनों सम्पूर्ण विश्व में पृथ्वी और पर्यावरण बचाने के नारे जोर-शोर से सुने जा सकते हैं, लेकिन जब नारे लगाने वाले ही इस अभियान की हवा निकालने में लगे हुए हों तो पृथ्वी और पर्यावरण पर संकट के बादल मंडराने तय हैं। आज विभिन्न देशों में अनेक मंचों से जो पर्यावरण बचाओ आन्दोलन चलाया जा रहा है, उसमें एक अजीब विरोधाभास दिखाई दे रहा है। पर्यावरण सभी बचाना चाहते हैं, लेकिन अपने त्याग की कीमत पर नहीं बल्कि दूसरों के त्याग की कीमत पर। स्थायी विकास एग्रीन इकोनॉमी और पर्यावरण सम्बन्धी विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा जरूरी है, लेकिन इसका फायदा तभी होगा, जब हम व्यापक दृष्टि से सभी देशों के हितों पर ध्यान देंगे। गौरतलब है कि ग्रीन इकोनॉमी के तहत पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना सभी वर्गों की तरक्की वाली अर्थव्यवस्था का निर्माण करना शामिल है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हरित अर्थव्यवस्था के उद्देश्यों के क्रियान्वयन के लिए विकसित देश विकासशील देशों की अपेक्षित सहायता नहीं करते हैं।

स्पष्ट है कि विकसित देशों की हठधर्मिता की वजह से पर्यावरण के विभिन्न मुद्दों पर कोई स्पष्ट नीति नहीं बन पाती है। दरअसल इस दौर में पर्यावरण की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। हालात यह है कि मौसम का समस्त चक्र भी अनियमित हो गया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि मौसम की यह अनिश्चितता और तापमान का उतार-चढ़ाव जलवायु परिवर्तन के कारण है। जलवायु परिवर्तन के कारण एक ही ॠतु में किसी एक जगह पर ही मौसम में उतार-चढ़ाव या परिवर्तन हो सकता है। वास्तव में हम पिछले अनेक दशकों से भ्रम में ही जी रहे हैं। यही कारण है कि पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के बारे में सोचने की फुर्सत किसी को नहीं है। पुराने जमाने में पर्यावरण के हर अवयव को भगवान का दर्जा दिया जाता था। इसीलिए हम पर्यावरण के हर अवयव की इज्जत करना जानते थे। नए जमाने में पर्यावरण के अवयव वस्तु के तौर पर देखे जाने लगे और हम इन्हें मात्र भोग की वस्तु मानने लगे। उदारीकरण की आंधी ने तो हमारे समस्त ताने-बाने को ही नष्ट कर दिया। इस प्रक्रिया ने पर्यावरण के अनुकूल समझ विकसित करने में बाधा पहुंचाई। यह समझ विकसित करने के लिए एक बार फिर हमें नए सिरे से सोचना होगा। हमें यह मानना होगा कि जलवायु परिवर्तन की यह समस्या किसी एक शहर, राज्य या देश के सुधरने से हल होने वाली नहीं है। पर्यावरण की कोई ऐसी परिधि नहीं होती है कि एक जगह प्राकृतिक संसाधनों का दोहन या प्रदूषण होने से उसका प्रभाव दूसरी जगह न पड़े। इसीलिए इस समय सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति चिन्ता देखी जा रही है। हालांकि इस चिन्ता में खोखले आदर्शवाद से लिपटे हुए नारे भी शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन पर होने वाले सम्मेलनों में हम इस तरह के नारे अक्सर सुनते रहते हैं। सवाल यह है कि क्या खोखले आदर्शवाद से जलवायु परिवर्तन का मुद्दा हल हो सकता है। यह सही है कि ऐसे सम्मेलनों के माध्यम से विभिन्न बिन्दुओं पर सार्थक चर्चा होती है और कई बार कुछ नई बातें भी निकलकर सामने आती हैं। यदि विकसित देश एक ही लीक पर चलते हुए केवल अपने स्वार्थों को तरजीह देने लगें तो जलवायु परिवर्तन पर उनकी बड़ी-बड़ी बातें बेमानी लगने लगती हैं। दरअसल जब हम प्रकृति का सम्मान नहीं करते हैं तो वह प्रत्यक्ष रूप से तो हमें हानि पहुंचाती ही है, परोक्ष रूप से भी हमारे सामने कई समस्याएं खड़ी करती है।

ज्यादातर विकासशील देशों में जलवायु परिवर्तन के प्रति सफलतापूर्वक अनुकूलन के लिए आर्थिक एवं प्रोद्यौगिकीय स्त्रोतों का अभाव है। दरअसल हरेक परिस्थितिक तंत्र के लिए अनुकूलन विशिष्ट होता है। गौरतलब है कि विभिन्न तौर-तरीकों से जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित किया जा सकता है। इन तौर-तरीकों में ऊर्जा प्रयोग की उन्नत क्षमता एवनों के काटने पर नियंत्रण और जीवाष्म इंधन का कम से कम इस्तेमाल जैसे कारक प्रमुख हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित
दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नहीं है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

# मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात को लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें। राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### भीषण गर्मी का प्रकोप, तपते शहर

उत्तर भारत से लेकर पश्चिम और मध्य भारत तक इन दिनों गर्मी ने अपना विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है। तापमान लगातार नए रिकॉर्ड की ओर बढ़ रहा है और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है, हवा में तपिश घुली हुई है और दोपहर का समय तो जैसे आग उगलता प्रतीत होता है। हालात ऐसे हैं कि लोग जरूरी कामों के अलावा घर से बाहर निकलने से बच रहे हैं। जो निकल भी रहे हैं, वे छाता, गमछा या कपड़े से खुद को ढककर ही बाहर कदम रख रहे हैं। बच्चे, बुजुर्ग और मजदूर वर्ग इस भीषण गर्मी की सबसे ज्यादा मार झेल रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार यह तापमान सामान्य से कई डिग्री अधिक है, जिससे गर्मी की तीव्रता और भी अधिक महसूस हो रही है। *- संजय खोखर, रोहतक*

## ट्रेंड

### कांग्रेस का असली चेहरा



जब कांग्रेस पार्टी मुद्दों पर घिर जाती है, तो उसके नेताओं की भाषा उनका असली चेहरा उजागर कर देती है। प्रधानमंत्री के विरुद्ध अपशब्दों का प्रयोग यह दर्शाता है कि विपक्ष के पास न कोई नीति है, न संकल्प।
**- शिवराज सिंह चौहान,** कृषिमंत्री

### मासूम की जागरूकता



एक आठ वर्षीय मासूम बच्ची की जागरूकता ने 1098 पर एक कॉल करके बाल विवाह को रोक दिया और एक बच्ची का बचपन बचा लिया। एक सही कदम बड़ा बदलाव ला सकता है। बाल विवाह एक अपराध है: सतर्क रहें, 1098 का उपयोग करें।
**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय** महिला विकास मंत्री

### 'मुन्ना' का निधन दुःखद



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह 'मुन्ना' के निधन की खबर अत्यंत दुःखद है। उन्होंने अपना पूरा जीवन जनसेवा और कांग्रेस पार्टी के मूल्यों के लिए समर्पित कर दिया। दुख की इस घड़ी में, मेरी गहरी संवेदनाएं उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं।
**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**


### ममता को भय का सहारा



एनडीए 20 राज्यों में सत्ता में है, लेकिन कहीं भी किसी के बोलने, खाने या पूजा करने पर प्रतिबंध नहीं है। ममता बनर्जी पिछले 15 वर्षों में कोई उपलब्धि हासिल नहीं कर पाई हैं, इसलिए वे भय, भ्रम और अफवाहें फैलाने का सहारा ले रही हैं।
**-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा**

## करंट अफेयर


# घर के आंगन में उतरा हॉट बैलून, 13 लोग थे सवार



दक्षिणी कैलिफोर्निया में एक हॉट एयर बलून को आपात स्थिति में एक घर के परिसर में उतारना पड़ा, जिसमें 13 लोग सवार थे। यह घटना शनिवार को हुई जब एक विशाल हॉट एयर बलून, जिसमें पायलट और यात्री सवार थे, टेमेकुला के एक घर की संकरी घास वाली पट्टी पर बिल्कुल सही तरीके से उतारा गया। घर के मालिक हंटर पेरिन के मुताबिक उन्हें इन मेहमानों के आने की सूचना तब मिली जब एक पड़ोसी ने इसकी जानकारी दी। पेरिन ने 'केएबीसी-टीवी' को बताया, मैंने स्लाइडिंग कांच का दरवाजा खोला और पाया कि मेरे घर के आंगन में 13 लोगों से भरी एक टोकरी है! उसने कहा, पायलट बहुत माहिर था। बलून न तो किसी चीज से टकराया, न ही कोई घायल हुआ। ब्रियाना अवालोस, जो अपने पति के साथ शादी की दसवीं सालगिरह मनाने के लिए बलून पर सवार हुई थीं, ने बताया कि पायलट ने यात्रियों को सूचित किया कि कम ईंधन और कमजोर हवाओं के कारण उसे आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ेगी।

## ऑफ बीट

# रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं



पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है। लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंतःस्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे। उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। ऐसा माना जाता है कि एस्ट्रोजन के स्तर में बदलाव से नॉरपेनेफ्रिन और सेरोटोनिन के स्तर पर प्रभाव पड़ता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# भारत की चमत्कारी चोटी, जहां से निकलती हैं साढ़े 7 नदियां

**इंदौर।** मध्य प्रदेश का इंदौर सिर्फ स्वादिष्ट खान-पान और जीवंत माहौल के लिए ही नहीं, बल्कि आसपास मौजूद प्राकृतिक और धार्मिक स्थलों के लिए भी जाना जाता है। इन्हीं में से एक खास जगह है जानापाव पहाड़ी, जिसे प्रकृति, आस्था और रहस्यों का अनोखा संगम माना जाता है। इंदौर जिले की महू तहसील में स्थित यह पहाड़ी शहर से लगभग 45 किलोमीटर दूर है। करीब 854 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह विंध्याचल की प्रमुख चोटियों में गिनी जाती है। इंदौर-मुंबई हाईवे के पास होने की वजह से यहां पहुंचना आसान है, जिससे पर्यटकों की आवाजाही सालभर बनी रहती है। खासकर मानसून में यहां का नजारा बेहद खूबसूरत हो जाता है। चारों तरफ हरियाली, ठंडी हवाएं और बादलों से ढकी पहाड़ियां इसे ट्रेकिंग और नेचर लवर्स के लिए परफेक्ट डेस्टिनेशन बना देती हैं।

धार्मिक नजरिए से भी इस स्थान की खास पहचान है। मान्यता है कि परसुराम का जन्म यहीं हुआ था। हर साल कार्तिक पूर्णिमा पर यहां भव्य मेला लगता है, जिसमें दूर-दूर से



श्रद्धालु शामिल होते हैं। कहा जाता है कि भगवान परशुराम ने जन्म के बाद कैलाश पर्वत जाकर भगवान शिव से शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा प्राप्त की थी। पहाड़ी की चोटी पर उनके पिता जमदग्नि का आश्रम भी बताया जाता है, जो इस स्थान की पौराणिक महत्ता को और बढ़ाता है। इस पहाड़ी की सबसे अनोखी पहचान यह है कि इसे 'साढ़े सात नदियों का उद्गम स्थल' माना जाता है।

यहां मौजूद एक कुंड से कई नदियों की शुरुआत होती है, जिनमें चंबल, अजनार, सुमरिया, बालम, चोरल, कारम और नेकेड़ेश्वरी प्रमुख हैं। दिलचस्प बात यह है कि कारम और नेकेड़ेश्वरी एक ही धारा में बहती हैं, इसलिए इन्हें मिलाकर आधी नदी माना जाता है। इसी वजह से यहां 'साढ़े सात नदियों'की मान्यता प्रचलित है।स्थानीय लोगों के अनुसार, यह क्षेत्र औषधीय पौधों से भी समृद्ध है। मान्यता है कि माता रेणुका ने यहां कई दुर्लभ जड़ी-बूटियां उगाई थीं। आज भी आयुर्वेद से जुड़े लोग इस इलाके में औषधीय वनस्पतियों की खोज के लिए आते हैं। जानापाव पहाड़ी सिर्फ एक खूबसूरत पहाड़ी नहीं, बल्कि आस्था, इतिहास और प्राकृतिक रहस्यों का ऐसा संगम है, जो इसे मध्य प्रदेश के खास पर्यटन स्थलों में शामिल करता है।

# महातूफान सिनलाकु का खौफनाक मंजर आया सामने, सैटेलाइट ने खींची तस्वीरें


**न्यूयार्क।** साल 2026 में क्या फिर कोई महातूफान तबाही मचाने वाला है? अंतरिक्ष में तैनात इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से कुछ ऐसी ही तस्वीरें सामने आई हैं जो डरा देने वाली हैं। इस समय उत्तर प्रशांत महासागर में उठा तूफान सिनलाकु सबसे शक्तिशाली तूफान बन गया है। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से आई तस्वीरें इस तूफान की भयावहता को दिखाती हैं। तस्वीरों में तूफान की आंख बहुत ही स्पष्ट और डरावनी नजर आ रही है, जो इसके खतरनाक होने का संकेत है।

जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार सिनलाकु तूफान अब एक कैटेगरी-5 के लेवल का बहुत ही हिंसक तूफान बन गया है। इसकी हवाओं की रफ्तार 280 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक यह इस साल का अब तक का सबसे शक्तिशाली तूफान बन गया है। अप्रैल के मध्य में विकसित हुए इस तूफान ने मारियाना द्वीप समूह की तरफ बढ़ते समय बहुत ही कम समय में अपनी ताकत दोगुनी कर ली है। सैटेलाइट से मिले डेटा के मुताबिक बीते 14 और 15 अप्रैल को इस टायफून ने सायपन, टिनियन और रोटा जैसे द्वीपों पर भयंकर तबाही मचाई है। सुपर टाइफून सिनलाकु ने बुधवार को सुबह होने से पहले कई घंटों तक उत्तरी मारियाना द्वीप समूह पर हमला किया. यह धीमा होकर भी टिनियन और सैपान द्वीपों पर ज्यादा नुकसान पहुंचाता रहा. इन द्वीपों पर लगभग 50,000 लोग रहते हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि अब कुछ दिनों में यह कमजोर होकर धीमा पड़ने की उम्मीद है।

### बहुत अलग है इस साल का मौसम

मौसम विभाग के जानकार इस बात को लेकर हैरान हैं कि साल 2026 के शुरुआत में ही इतने शक्तिशाली तूफान देखने को मिल रहे हैं। सिनलाकु इस साल का दूसरा कैटेगरी-5 तूफान है, इससे पहले चक्रवात होरासियो आया था। ज्यादातर उत्तर-पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में अप्रैल के महीने में इतने घातक तूफान नहीं आते। अभी दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में मैला और वियानु जैसे तूफान एक्टिव हैं जो एक असामान्य और तीव्र चक्रवात सीजन की ओर इशारा कर रहे हैं।

**समंदर के ऊपर बादलों का तांडव!**





### वैज्ञानिकों के लिए बना शोध का विषय

सिनलाकु न सिर्फ अपनी विनाशकारी क्षमता बल्कि अपनी बनावट की वजह से भी चर्चा में है। नोआ-20 सैटेलाइट ने रात के समय इस तूफान के ऊपर ग्रेविटी वेव्स यानी गुरुत्वाकर्षण लहरें को रिकार्ड किया है। ये लहरें अंतरिक्ष की ऊपरी परतों में चमकती हुई झुर्रियों जैसी दिखाई दे रही हैं, जिसे वैज्ञानिक भाषा में एयरग्लो कहते हैं।

# परलोक में मर्सिडीज की सवारी!

## बाप की मय्यत पर बेटों ने जमीन में गाड़ दी डेढ़ करोड़ की लग्जरी कार

**बीजिंग।** चीन के लियाओनिंग प्रांत से एक ऐसी खबर आई है, जिसने सोशल मीडिया पर 'तहलका' मचा दिया है। यहां एक 70 साल के बुजुर्ग का इंतकाल हुआ, जिन्हें गाड़ियों का बड़ा शौक था। उनके बेटों ने सोचा कि पिता को जन्नत में भी कोई कमी न रहे, इसलिए उन्होंने उनकी पसंदीदा मर्सिडीज-बेंज S450L, जिसकी कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपए है, उसे ही कब्र बनाकर दफन कर दिया. हद तो तब हो गई जब उस गाड़ी पर '8888' नंबर की वीआईपी प्लेट भी लगी थी, जिसकी अपनी कीमत लाखों में है। गाड़ी को लाल कपड़े और रिबन से सजाकर ऐसे जमीन में उतारा गया, जैसे कोई नया शोरूम खुल रहा है। गांव वालों ने भी मदद की और बदले में उन्हें भारी-भरकम



'शगुन' के लिफाफे थमाए गए, लेकिन ये खुशियां बस एक ही दिन की मेहमान थीं। ये अनोखी विदाई अब उनके गले की फांस बन गई है, क्योंकि सरकार ने इसे अंधविश्वास करार देकर तगड़ा एक्शन ले लिया है। आखिर क्या था इस दौलत की नुमाइश के पीछे का असली राज?

### कागज की गाड़ियां नहीं, सीधे असली मर्सिडीज!

चीन में वैसे तो रिवाज है कि मय्यत के वक्त कागज के घर या गाड़ियां जलाई जाती हैं, ताकि मृतक को परलोक में आराम मिले, लेकिन इस परिवार ने तो 'नहले पर दहला' मारते हुए असली कीमती धातु ही मिट्टी में मिला दी। एक पोस्ट के मुताबिक, इस अजीबोगरीब दफन प्रक्रिया ने पर्यावरण विशेषज्ञों की भी चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि जमीन के अंदर गाड़ी के तेल और बैटरी से जहर घुलने का खतरा था।

### मिट्टी में मिले 1.5 करोड़ रुपए!

अगले ही दिन प्रशासन की नींद खुली और उन्होंने इस हरकत को 'सामंती अंधविश्वास' बताकर परिवार की क्लास लगा दी। हुकूमत ने साफ कह दिया कि ये पर्यावरण के साथ खिलवाड़ है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परिवार को न सिर्फ सबके सामने माफी मांगनी पड़ी, बल्कि अब उन्हें उस कार को जमीन से खोदकर बाहर निकालने और जगह को साफ करने का भारी जुर्माना भी भरना होगा। पड़ोसियों और सोशल मीडिया यूजर्स का गुस्सा सातवें आसमान पर है। कोई इसे 'अमीरी का भौकाल' बता रहा है, तो कोई कह रहा है कि ऊपर मर्सिडीज नहीं, सिर्फ नेकियां साथ जाती हैं।

# नासा की तस्वीरों में दुनिया का सबसे रोशन इलाका बना यूपी-बिहार

**वॉशिंगटन।** धरती को रात में अंतरिक्ष से देखने पर कैसी दिखती है? इसका जवाब हाल ही में सामने आए एक खास नक्शे ने दे दिया है। नासा द्वारा जारी इस नक्शे में भारत का यूपी-बिहार इलाका इतनी तेज रोशनी में चमकता नजर आया कि दुनिया भर के लोग हैरान रह गए। यह सिर्फ एक तस्वीर नहीं, बल्कि बदलते भारत की कहानी भी बता रही है। सोशल मीडिया पर इन दिनों नासा का एक नया नाइट टाइम सैटेलाइट मैप तेजी से वायरल हो रहा है। इस मैप ने पूरी दुनिया, खासकर भारतीयों को चौंका दिया है। नासा की ब्लैक मार्बल डेटा सीरीज की नई तस्वीरों में उत्तर भारत का उत्तर प्रदेश-बिहार बेल्ट रात के समय दुनिया के सबसे चमकीले क्षेत्रों में से एक बनकर उभरा है। यह चमक इतनी ज्यादा है कि इसने शंघाई, न्यूयॉर्क और लंदन जैसे महानगरों को भी पीछे छोड़ दिया है।




### कैसे बनाई गई यह तस्वीर

इस नक्शे को तैयार करने के लिए वैज्ञानिकों ने एक खास यंत्र का इस्तेमाल किया, जिसे विअर्स कहा जाता है। यह हर रात धरती की तस्वीरें लेता है और छोटी-छोटी रोशनी को भी पकड़ सकता है। यहां तक कि किसी सुनसान सड़क पर लगे एक टोल बूथ की लाइट भी। इन तस्वीरों को एक नए एल्गोरिदम की मदद से जोड़ा गया और फिर यह समझा गया कि किस इलाके में रोशनी बढ़ रही है और कहां घट रही है।

### दुनिया के दूसरे हिस्सों का हाल

इस नक्शे में सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की तस्वीर सामने आई है। चीन, मध्य पूर्व और सेंट्रल अमेरिका के कई इलाके भी काफी चमकदार नजर आए। वहीं, यूरोप के कुछ हिस्सों में रोशनी कम होती दिखाई दी। इसमें अमेरिका के भी अलग-अलग हिस्सों में अलग तस्वीर दिखी, जिसमें कुछ इलाके ज्यादा चमकदार तो कुछ जगहों पर रोशनी कम दिखाई दे रही है।

### यूपी-बिहार क्यों बना सबसे चमकदार इलाका

इस नक्शे में सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाली बात यह रही कि उत्तर प्रदेश और बिहार का बड़ा हिस्सा सोने जैसी चमक में नजर आया। इसका मतलब है कि यहां रात के समय रोशनी काफी तेजी से बढ़ी है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इसके पीछे तेजी से बढ़ता शहरीकरण, गांवों तक पहुंची बिजली और लगातार बढ़ती आबादी बड़ा कारण हैं। पहले जहां कई इलाकों में घंटों बिजली नहीं रहती थी, वहीं अब ज्यादातर जगहों पर रात भर रोशनी रहती है।

### क्या है यह नासा का खास नक्शा

नासा ने हाल ही में एक ग्लोबल मैप जारी किया है, जिसमें 2014 से 2022 के बीच धरती पर रात के समय रोशनी में आए बदलाव को दिखाया गया है। यह नक्शा लाखों सैटेलाइट तस्वीरों के आधार पर तैयार किया गया है। इसके लिए वैज्ञानिकों ने करीब 16 लाख तस्वीरों का विश्लेषण करके यह समझने की कोशिश की कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में रात की रोशनी कैसे बदली है।

# गजब की जालसाजी!

## भालू बनकर किया करोड़ों का इंश्योरेंस फ्रॉड, अब चक्की पीस रहे हैं आरोपी

**न्यूयार्क।** जब इंसान के दिमाग पर लालच का पर्दा पड़ता है, तो वो अक्सर ऐसी हिमाकत कर बैठता है, जो सुनने में किसी कॉमेडी सर्कस का हिस्सा लगती है। कैलिफोर्निया के लेक एरोहेड इलाके में चार दोस्तों ने मिलकर एक ऐसा



ताना-बाना बुना, जिसे पुलिस ने 'ऑपरेशन बेयर क्लॉ' का नाम दिया। इन लोगों ने अपनी रोल्स-रॉयस घोस्ट और मर्सिडीज जैसी करोड़ों की कारों को खुद ही नुकसान पहुंचाया, लेकिन ट्विस्ट ये है कि नुकसान किसी हथौड़े या पत्थर से नहीं, बल्कि एक नकली भालू से करवाया गया। जी हां, एक आरोपी ने भालू का कॉस्ट्यूम पहना और गाड़ियों की महंगी सीटों को मांस काटने वाले चाकुओं से चीर दिया, ताकि लगे कि किसी जंगली जानवर ने हमला किया है। आरोपियों ने बड़े ही शातिराना अंदाज में इंश्योरेंस कंपनी को फुटेज भेजी और दावा किया कि, भालू ने उनकी गाड़ियों का कचरा कर दिया है। उन्होंने करीब 1.42 लाख डॉलर (यानी करीब 1.2 करोड़ रुपए) का क्लेम ठोक दिया। पहली नजर में तो कंपनी भी चकरा गई, लेकिन जब वीडियो की बारीकी से जांच हुई, तो 'भालू' की चाल-ढाल कुछ इंसानी सी लगी। एक्सपर्ट्स ने जब वीडियो को खंगाला, तो पता चला कि वो कोई खूंखार जानवर नहीं, बल्कि भालू की खाल में छिपा हुआ एक 'सफेदपोश जालसाज' था। पुलिस ने जब आरोपियों के घर दबिश दी, तो वहां से वो बदनाम भालू वाला सूट और चाकू भी बरामद हो गए।

# चीते की चाल और एआई का दिमाग!

## चीन के लाइटनिंग रोबोट ने रचा इतिहास, मैराथन में सबको पीछे छोड़ा

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग में रविवार को नजारा कुछ जुदा था। वहां मैराथन तो पहले भी हुई थीं, लेकिन इस बार मैदान में हाड़-मांस के इंसानों को टक्कर देने उतरा था होनोर कंपनी का बनाया 'लाइटनिंग' रोबोट। 169 सेंटीमीटर ऊंचे इस ह्यूमनॉइड रोबोट ने 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन को महज 50 मिनट 26 सेकंड में लपेट दिया। ताज्जुब की बात ये है कि इंसानों का वर्ल्ड रिकॉर्ड 57 मिनट 20 सेकंड का है, यानी इस मशीन ने इंसान को करीब 7 मिनट के फासले से पछाड़ दिया.

लाल रंग का ये रोबोट जब सड़क पर उतरा, तो इसके हाथ हवा में वैसे ही लहरा रहे थे, जैसे कोई प्रोफेशनल एथलीट बैलेंस बनाता है। इसकी बैटरी और कूलिंग सिस्टम को इस तरह डिजाइन किया गया था कि ये लंबी दूरी तक बिना गर्म हुए दौड़ सके। आयोजकों का कहना है कि इसके अंदर लगा नेविगेशन सिस्टम इसे रास्ता भटकने नहीं देता और इसकी बर्स्ट पावर इसे चीते जैसी रफ्तार देती है। पिछले साल तक जो रोबोट लड़खड़ा रहे थे, इस बार उन्होंने अपनी ताकत का लोहा मनवा लिया।



### सुपरपावर बनने की होड़ और रोबोटिक्स क्रांति

चीन असल में 2015 से ही इस मिशन पर है कि उसे दुनिया की रोबोटिक फैक्ट्री बनना है। मैराथन में इस बार 100 से ज्यादा टीमों ने हिस्सा लिया, जो दिखाती है कि ड्रैगन अब सिर्फ सस्ते खिलौने नहीं, बल्कि दिमाग वाले रोबोट बनाने में अमेरिका को सीधी चुनौती दे रहा है। हालांकि, फिनिश लाइन पर ये रोबोट थोड़ा सा डगमगाया जरूर, लेकिन इसकी टाइमिंग ने ये साफ कर दिया कि आने वाला वक्त मशीनों और इंसानों की इस अनोखी रेस का गवाह बनेगा। आज भले ही ये महज एक खेल लगे, लेकिन रोबोट की ये रफ्तार भविष्य की आहट है।

**रेगिस्तान में उगेगा अनाज अब होगी बंपर**

# चिपचिपे जीव ने बदल दी बंजर जमीन की किस्मत

झुलसाती गर्मी, उड़ती रेत और बंजर जमीनस अभी तक रेगिस्तान की यही पहचान रही है। लेकिन भारत के पड़ोसी मुल्क चीन के वैज्ञानिकों ने कुछ ऐसा कमाल किया है कि ये धारण बदलने वाली है।



**बीजिंग।** चीन के शापोटौ डेजर्ट स्टेशन के रिसर्चर्स ने एक जादुई सूक्ष्मजीव के जरिए से रेगिस्तान की उड़ती रेत को उपजाऊ मिट्टी में बदलने का कारनामा कर दिखाया है। चीनी वैज्ञानिकों ने प्रकृति के एक छिपे हुए रहस्य साइनोबैक्टीरिया को लैब में तैयार कर एक ऐसा जादुई फॉर्मूला बना लिया है, जो रेत के कणों को गोंद की तरह आपस में जोड़े रखता है। चीन के इस तकनीक ने मिट्टी बनने की सदियों लंबी प्रक्रिया को मात्र कुछ ही महीनों में समेट दिया है। भारत के पड़ोसी मुल्क चीन के शापोटौ डेजर्ट एक्सपेरिमेंटल रिसर्च स्टेशन के रिसर्चर्स ने दावा किया है कि उनकी टीम ने मात्र 10 महीनों के अंदर बंजर और उड़ती हुई रेत को खेती योग्य उपजाऊ मिट्टी में बदलने का तरीका खोज लिया है।

### रेगिस्तान का नया 'सुपरहीरो'


इस पूरे प्रोसेस में साइनोबैक्टीरिया नाम के छोटे जीव हैं। ये ऐसे विशेष जीव हैं जो प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से ऊर्जा बनाते हैं। चीनी वैज्ञानिकों ने इन बैक्टीरिया का इस्तेमाल करके बायोलॉजिकल सॉइल क्रस्ट यानी जैविक मृदा परत तैयार की है। जब इन बैक्टीरिया को लैब में तैयार कर रेगिस्तान की रेत पर बिखराया, तो ये एक विशेष प्रकार का चिपचिपा पदार्थ छोड़ते हैं। यह पदार्थ रेत के कणों को आपस में मजबूती से जोड़े रखते हैं, जिससे रेत का उड़ना लगभग बंद हो जाता है और वह ठोस और स्थिर अवस्था में बदल जाती है।

### 10 महीनों में हुआ कमाल

मिट्टी बनने में वैसे तो सैकड़ों साल का समय लग जाता है, लेकिन इस तकनीक ने इस समय को घटाकर एक साल से भी कम कर दिया है। रिसर्च के मुताबिक यह कृत्रिम परत प्राकृतिक प्रक्रिया की तुलना में- कार्बन सिंक 3.2 गुना तेजी से करती है। नाइट्रोजन का स्तर लगभग 15 गुना तक तेजी से बढ़ाती है। नाइट्रोजन और फास्फोरस जैसे पोषक तत्वों की भारी बढ़ोतरी होने के कारण यह सैंडबेड घास, झाड़ियों और दूसरे पौधों के उगने के लिए परफेक्ट बन जाता है।

# ये है दुनिया की सबसे हल्की इंसान, जानें संघर्ष, शोहरत और दर्दनाक अंत की कहानी

**मैक्सिको सिटी।** दुनिया में कई ऐसे लोग हैं, जिनका असामान्य वजन उन्हें सुर्खियों में ले आया। लेकिन, क्या आपने कभी यह सोचा है। कि सबसे कम वजन वाला इंसान कौन रहा होगा? आज हम आपको एक ऐसी लड़की के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसका वजन इतना कम था, जितना आमतौर पर किसी नवजात शिशु या छोटी बिल्ली का होता है। यह कोई कल्पना नहीं, बल्कि हकीकत है।, जिसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया है। कुछ साल पहले तक एक लड़की का नाम 'धरती पर सबसे हल्के इंसान' के रूप में रिकॉर्ड में शामिल था। 17 साल की उम्र में 'लुसिया जाराटे' का वजन महज 2 किलो के आसपास था, जो किसी के लिए भी यकीन कर पाना मुश्किल लगता है। यह लड़की मैक्सिको के सैन कार्लोस में 2 जनवरी 1863 को पैदा हुई थी। जन्म के समय ही उसका वजन केवल 1 किलो के आसपास था। जैसे-जैसे उम्र बढ़ी, उसकी



लंबाई और वजन में बहुत कम वृद्धि हुई। 17 साल की उम्र में उसकी लंबाई करीब 67 सेंटीमीटर थी और वजन इतना कम था कि कोई भी व्यक्ति उसे आसानी से एक हाथ से उठा सकता था। हालांकि, 20 साल की उम्र तक बेहतर देखभाल और खान-पान के कारण उसका वजन थोड़ा बढ़कर लगभग 5-6 किलो तक पहुंच गया, लेकिन यह भी सामान्य बच्चों के मुकाबले बेहद कम था।

### दुर्लभ बीमारी बनी वजह

डॉक्टरों के अनुसार, वह एक बेहद दुर्लभ स्थिति के साथ जन्मी थीं, जिसे माइक्रोसेफेलिक ऑस्टियोडिस्प्लास्टिक प्राइमॉर्डियल ड्वार्फिज्म टाइप-2 कहा जाता है।। इस बीमारी के कारण शरीर का विकास सामान्य रूप से नहीं हो पाता। बावजूद इसके, उनकी बुद्धिमत्ता और फुर्ती लोगों को है।रान कर देती थी।

### सर्कस से मिली पहचान

अपनी अनोखी कद-काठी के कारण उन्हें अमेरिका और यूरोप में पहचान मिली। 1876 में वह अमेरिका पहुंचीं और वहां सर्कस व साइड शो का हिस्सा बनीं। लोग उन्हें 'मैक्सिकन लिलीपुटियन' के नाम से जानने लगे। खास बात यह थी कि वह न केवल अपनी शारीरिक विशेषता के लिए, बल्कि अपनी शिक्षा और कई भाषाएं बोलने की क्षमता के लिए भी मशहूर थीं। उनके शो देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ती थी और वह उस दौर की सबसे चर्चित और महंगी कलाकारों में गिनी जाती थीं।

### दुखद अंत

उनकी जिंदगी जितनी अनोखी थी, अंत उतना ही दुखद रहा। साल 1889 में वह ट्रेन से सफर कर रही थीं, तभी ट्रेन बर्फीले तूफान में फंस गई। कड़ाके की ठंड के कारण उन्हें हाइपोथर्मिया हो गया और मात्र 26 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। आज भी मेडिकल इतिहास में उनका नाम सबसे कम वजन वाले इंसान के रूप में दर्ज है।, और उनकी कहानी दुनिया को यह याद दिलाती है। कि अलग होना भी एक तरह की पहचान बन सकता है।

# शंकराचार्य साक्षात शिवावतार: ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्द

## आदि शंकराचार्य जयंती पर सिविक सेंटर मठ में भक्ति-ज्ञान का संगम

**जबलपुर।** सिविक सेंटर मढाताल स्थित श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में वैशाख शुक्ल पंचमी के पावन अवसर पर भगवत्पाद आद्य शंकराचार्य जी की जयंती अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मठ परिसर में दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों और प्रवचनों का क्रम चलता रहा, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत आदि शंकराचार्य जी की पावन पादुका के विधिवत पूजन से हुई। तत्पश्चात भगवान सदाशिव का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रूद्राभिषेक संपन्न कराया गया। श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ पूजन-अर्चन में भाग लेकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही।



### आध्यात्मिक परंपरा को किया विश्व पटल पर प्रतिष्ठित

ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्द जी महाराज एवं ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित धार्मिक संगोष्ठी और प्रवचनमाला इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। अपने उद्बोधन में ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्द जी ने कहा कि भगवत्पाद आदि शंकराचार्य केवल एक दार्शनिक ही नहीं, बल्कि साक्षात भगवान शिव के अवतार थे, जिन्होंने सनातन धर्म को नई चेतना और दिशा प्रदान की। उन्होंने भारत की आध्यात्मिक परंपरा को सुदृढ़ करते हुए उसे विश्व पटल पर प्रतिष्ठित किया।प्रवचन के दौरान उन्होंने अद्वैत वेदांत के मूल सिद्धांत "ब्रह्म सत्यं, जगत मिथ्या, जीवो ब्रह्मैव नापरः" की गहन व्याख्या करते हुए कहा कि ब्रह्म ही इस सृष्टि का मूल अधिष्ठान है। परमात्मा के बिना जगत का अस्तित्व उसी प्रकार शून्य है, जैसे दीवार के बिना चित्र। ब्रह्म निरपेक्ष और शाश्वत है, जबकि जगत सापेक्ष और परिवर्तनशील है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जीव और ब्रह्म में कोई भेद नहीं है, केवल अविद्या के कारण यह भिन्नता प्रतीत होती है।

### आत्मबोध और मोक्ष की ओर जाता है मानव

ब्रह्मचारी जी ने आगे कहा कि जब जीव अपनी अविद्या को त्याग देता है, तब वह अपने वास्तविक स्वरूप शुद्ध ब्रह्म को प्राप्त करता है। इसी प्रकार ईश्वर भी माया की उपाधि से परे शुद्ध ब्रह्म स्वरूप में स्थित हैं। यही अद्वैत का सार है, जो मानव को आत्मबोध और मोक्ष की ओर ले जाता है।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं ने धर्म, ज्ञान और भक्ति के इस अद्भुत संगम की सराहना की। आयोजन में भरत सिंह यादव, संदीप जैन, सुधांशु गुप्ता, राघवेन्द्र यादव, सच्चिदानन्द शेकटकर, तरुण कटहल, सुभाष कुदरहा, मनोज सेन सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# 32 हजार कार्डधारी राशन से वंचित!

### राशन की खाली बोरियां लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**जबलपुर।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जबलपुर में राशन वितरण में अनियमितता को लेकर बीपीएल कार्डधारी खासे नाराज हो गए और खाली बोरियां लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच गए और प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया। जनसेवक अधिवक्ता रोहित कुरील ने प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए बताया कि अप्रैल का राशन वितरण 30 अप्रैल तक होना था, लेकिन इसे 15 अप्रैल तक ही बांटा गया. 16 अप्रैल से वितरण अचानक बंद कर दिया गया. इस कारण जिले के 32 हजार से अधिक कार्डधारक राशन से वंचित रह गए. उन्होंने कहा कि डेढ़ से दो लाख हितग्राही प्रभावित हुए हैं, जिन्हें समय पर अनाज नहीं मिल पाया. प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की योजनाओं में कहीं भी यह उल्लेख नहीं है कि राशन केवल 15 तारीख तक ही वितरित किया जाएगा.प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि अप्रैल में अचानक एक नया आदेश जारी किया गया, जिसमें मई और जून का राशन भी अप्रैल में ही वितरित करने की बात कही गई. जबकि खुद अप्रैल का राशन ही हजारों लोगों को नहीं मिल पाया था।

# महिलाओं के साथ छल कर रही मोदी सरकार

### पत्रकारवार्ता : युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने साधा निशाना

**जबलपुर।** मप्र युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए मोदी सरकार की नीयत साफ नहीं है। महिलाओं को लोकसभा में 35 प्रतिशत आरक्षण देने का विधेयक पारित हो चुका है। अब उसमें सरकार परिसीमन का पेंच फंसाकर उसे पेचीदा बनाने की कोशिश कर रही है। केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार की महिला विरोधी मंशा को कांग्रेस जन-जन तक पहुंचायेगी। श्री घनघोरिया यहां पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने महिला आरक्षण बिल को लेकर आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महिलाओं के अधिकारों के साथ छल कर रही है और उन्हें वास्तविक राजनीतिक भागीदारी से वंचित किया जा रहा है।




यश घनघोरिया ने कहा कि भाजपा की नीतियां महिला विरोधी हैं और महिला आरक्षण बिल केवल दिखावे तक सीमित है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बिल के जरिए महिलाओं को वास्तविक अधिकार देने के बजाय इसे राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि महिला सशक्तिकरण के नाम पर सरकार सिर्फ प्रचार कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

उन्होंने राहुल गांधी के संसद में दिए गए बयान का भी उल्लेख करते हुए कहा कि सदन में श्री गांधी ने महिला आरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा था कि महिलाओं को बराबरी का हक मिलना चाहिए और उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना जरूरी है।

युवा कांग्रेस ने सरकार से मांग की है कि महिला आरक्षण बिल को प्रभावी और पारदर्शी तरीके से लागू किया जाए, ताकि महिलाओं को वास्तविक अधिकार और प्रतिनिधित्व मिल सके।

# जयघोषों व पुष्प वर्षा के बीच निकली कलश यात्रा, राममय हुआ फुहारा क्षेत्र

**जबलपुर।** श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत छोटा फुहारा स्थित सार्वजनिक शिव मंदिर, सूजी मोहल्ला से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा बड़ा फुहारा क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। सिर पर कलश धारण किए महिलाओं की आस्था, युवाओं का उत्साह और भक्ति गीतों ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। ढोल-नगाड़ों, जयघोषों एवं पुष्प वर्षा के साथ यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।



कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', विनोद गोटिया, सतीश उपाध्याय, राम दुबे, योगेंद्र दुबे, वीरेंद्र साहू, पार्षद कविता रैकवार, सुबोध साहू, दीप महदेले, राजा सराफ व सीताराम सेन सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने भगवान श्रीराम के दरबार में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन समिति अध्यक्ष प्रवीण साहू ने बताया कि क्षेत्रवासियों के सहयोग से यात्रा ऐतिहासिक रूप से सफल रही। महोत्सव के अंतर्गत आगामी दिनों में प्राण प्रतिष्ठा, महाआरती व प्रसाद वितरण के कार्यक्रम होंगे। इस दौरान अमित राय, संतोष लालवानी, राजेश द्विवेदी, अनूप शुक्ला, प्रणव साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### 10वीं में 98.4% प्रतिशत के साथ अथर्व ने किया टॉप

**हरिभूमि, जबलपुर।** जबलपुर के लिटिल वर्ल्ड स्कूल के छात्र अथर्व मानकर ने सीबीएसई कक्षा 10वीं में 98.4% अंक हासिल कर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किया है। अथर्व के पिता बुधराव मानकर नर्मदा टीवीएस में प्राइवेट जॉब करते हैं, जबकि माता श्रीमती खुशबू मानकर गृहणी हैं। अथर्व धनवंतरी नगर स्थित कृष्ण विहार कॉलोनी का निवासी है। उसकी इस सफलता ने पूरे परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है। अथर्व ने बताया कि नियमित पढ़ाई, माता-पिता के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह संभव हुआ। उसका लक्ष्य आगे भी मेहनत जारी रखना है।



# कछपुरा रेलवे गुड्स शेड की सहमति रद्द की जाए

### 3 वर्ष बीतने के बाद भी शर्तों का उल्लंघन, रहवासी परेशान

**जबलपुर।**

रेलवे के कछपुरा गुड्स शेड को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 5 अप्रैल 2023 को प्रदान किए गए सहमति को अब तीन वर्ष बीत गए, इस अवधि में सहमति में उल्लेखित पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित रेग्युलेशन को भी ताक पर रख दिया गया है। फिर भी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा न तो नोटिस जारी किया गया, न ही सहमति पर पुनर्विचार किया गया है। नतीजन कछपुरा मालगोदाम से 2 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले रहवासी धूल प्रदूषण से परेशान हैं। अतः इस गुड्स शेड को प्रदान की गई सहमति पर पुनर्विचार कर उसे रद्द किया जाए। यह मांग पत्र नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के प्रतिनिधियों ने केपी सोनी, क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर को सौंपी है। पत्र की प्रतिलिपि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल को भी ई-मेल से भेजी है। मंच ने आरोप लगाया कि सहमति पत्र में ही स्पष्ट रुप से उल्लेखित किया गया है, कि यदि शर्तों का उल्लंघन किया गया तो सहमति को रद्द किया जायेगा, किंतु पिछले तीन वर्षों से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड चुप बैठा है। अब क्षेत्रीय नागरिकों को इस रेलवे गुड्स शेड से हो रहे धूल प्रदूषण को और भी झेलना पड़ेगा, क्योंकि सहमति की मियाद 2 मार्च 2027 तक है।

### क्षेत्रीय अधिकारी ने स्वयं स्वीकारा

चर्चा के दौरान क्षेत्रीय अधिकारी केपी सोनी ने स्वयं स्वीकारा कि इस मालगोदाम के आजू-बाजू में कहीं भी अनिवार्य वृक्षारोपण नहीं किया गया है, जिसके कारण जनता भारी धूल तथा ध्वनि प्रदूषण से परेशान है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वायु, ध्वनि तथा जल प्रदूषण की मॉनीटरिंग की जाएगी तथा संबंधितों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। इस अवसर पर डॉ.पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, मनीष शर्मा तथा एड.ब्रजेश साहू आदि उपस्थित थे।



# सिविल सेवा केवल नौकरी नहीं देश सेवा का माध्यमः शुक्ल

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर द्वारा "राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस" के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यवक्ता के रुप में अभिषेक पिल्ले ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि सिविल सर्विस की तैयारी के लिए बेहतर रणनीति और टाइम मैनेजमेंट बहुत जरुरी है। इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल, सिविल सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि सिविल सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि देश सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत, कु. प्रियंका शर्मा के साथ महाविद्यालय के लगभग 42 विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# पमरे जीएम ने किया जबलपुर-मानिकपुर रेलखंड का निरीक्षण

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के नवागत महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने मंगलवार, 21 अप्रैल 2026 को जबलपुर–मानिकपुर रेलखंड पर अपना पहला विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलवे ट्रैक से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे पुलों (रेलवे ब्रिजों), ट्रैक की गुणवत्ता,ओएचई (ओएचई) लाइनों, समपार फाटक (लेवल क्रॉसिंग), कर्व, टर्नआउट, सिग्नलिंग प्रणाली एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं का गहन एवं सूक्ष्म अवलोकन किया। इस निरीक्षण का प्रमुख उद्देश्य रेल संरक्षा को सुदृढ़ करना, ट्रैक की गुणवत्ता बनाए रखना तथा ट्रेन संचालन को अधिक सुचारू बनाना रहा। महाप्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए ट्रैक मेंटेनेंस, सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन तथा समयबद्ध संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर कमल कुमार तलरेजा सहित वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे तथा निरीक्षण के दौरान आवश्यक तकनीकी एवं संचालन संबंधी जानकारी दी गई।





# 66वें वर्ष में लघु उद्योग संघ की बड़ी उपलब्धि, अब अपने भवन में होंगी बैठकें

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश लघु उद्योग संघ की तृतीय कार्यकारिणी बैठक भोपाल में संपन्न हुई, जिसमें संघ के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष सुबोध कुमार जैन ने भवन का उद्घाटन करते हुए कहा कि अब संघ की सभी गतिविधियां जसवंत टावर, विद्यानगर फेज-2 स्थित अपने सभागार में संचालित होंगी, जो संगठन के लिए गौरव का विषय है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने इसे संघ की 66 वर्षों की यात्रा की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया तथा नेतृत्व की सराहना की। महासचिव विपिन कुमार जैन ने संघ की सफल यात्रा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सचिव सुनील भार्गव ने किया, जबकि उपाध्यक्ष सुधीर मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।



# भक्ति और संगीत से सजा माँ बगलामुखी सपर्या महोत्सव

**जबलपुर।** माँ बगलामुखी सपर्या महोत्सव का भव्य आयोजन श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ, शंकराचार्य मठ में अक्षय तृतीया के अवसर पर संस्कार सेवा उत्सव समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। महोत्सव का मुख्य आकर्षण मुंबई के भजन गायक प्रमोद त्रिपाठी रहे, जिन्होंने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से भक्तिमय वातावरण निर्मित किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष डॉ. सुधांशु गुप्ता का जन्मदिवस भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में महापौर अनु सिंह, राजकुमार पटेल, विधायक अशोक रौहाणी, रिंकू विझ, विवेक शर्मा, लेखराज सिंह, संदीप जैन, प्रभात साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। ब्रह्मचारी चैतन्यनंद जी महाराज के आशीर्वचन ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊँचाई प्रदान की। समिति के सदस्यों भवानी अग्रवाल, विवेक दुबे, कुमार सदानी, सौरभ जैन, संकेत चोपड़ा व आशिष श्रीवास्तव ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में डॉ. सुधांशु गुप्ता ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# परशुराम खेल रत्न अलंकरण से रॉबर्ट मार्टिन सम्मानित

**जबलपुर।** परशुराम प्रकटोत्सव समारोह के अंतर्गत कॉरपोरेशन एमेच्योर कुश्ती संघ जबलपुर एवं क्रीड़ा भारती महानगर के संयुक्त तत्वावधान में शांति नगर रांझी स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अशोक रोहाणी, विशिष्ट अतिथि प्रकाश धीरावाणी, प्रशांत मिश्रा एवं तजिंदर सिंह टीटू की उपस्थिति में शहर की प्रतिष्ठित खेल विभूतियों को शाल, साफा व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इसी क्रम में जबलपुर के पूर्व एथलीट रॉबर्ट मार्टिन को स्कूल, ओपन, यूनिवर्सिटी एवं ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट उपलब्धियों तथा खेल, समाज व शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए "परशुराम खेल रत्न अलंकरण" से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कोच सुनील पटेल ने किया। इस अवसर पर तजिंदर सिंह टीटू, सुनील पटेल, एडवोकेट जेम्स एन्थोनी, हेमंत ठाकरे, राजेश सहारिया सहित अनेक लोगों ने रॉबर्ट मार्टिन को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





# समापन दिवस पर सुदामा चरित्र से भावुक हुए श्रद्धालु, उमड़ी अपार भीड़

**जबलपुर।** श्रीमद् भागवत कथा के समापन दिवस पर तिकोना गार्डन, एसबीआई कॉलोनी में आयोजित कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्री बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित कथा में व्यास पंडित अतुल शास्त्री ने सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोह का मार्मिक प्रसंग सुनाया। भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता का वर्णन सुन श्रद्धालु भावुक हो उठे। कथा में जीवन में सच्ची मित्रता, समर्पण और भगवान के प्रति अटूट विश्वास का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के.एन. सिंह, गायत्री सिंह, कृष्ण गुप्ता, प्रभात मिश्रा, अनिता मिश्रा, पल्लवी शुक्ला, अमरीश मिश्रा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। डॉ. अरुण मिश्रा, पं. शिवगणेश गौतम, वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर शर्मा, पं. दीपांशु शुक्ला, कविता दुबे, राजेश बर्मन सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। समिति अध्यक्ष ललिता दीदी ने अतिथियों का सम्मान किया, जबकि सचिव रणजीत सिंह ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।



## हॉन्टेड 3डी का मोशन पोस्टर आउट फिर साथ आए विक्रम और आनंद...

**मुंबई।** 2008 में रिलीज हुई फिल्म 1920 के 18 साल बाद विक्रम भट्ट और आनंद पंडित फिर से एक हॉरर फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है 'हॉन्टेड 3डी'। मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया, जो काफी डरावना है। पोस्टर में डरावनी गुड़िया, एक सफेद कपड़ों में भटकती आत्मा, डरावने चेहरे और घने कोहरे के बीच भयानक चीख, किसी के भी रोंगटे खड़े कर देगी। विक्रम भट्ट अपनी हॉरर फिल्मों के लिए काफी मशहूर हैं, अपनी नई फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज करने जा रहे हैं। यह फिल्म उनके पुराने स्टाइल की वापसी है। यह भारत की पहली स्टीरियोस्कोपिक 3डी हॉरर फिल्म है।

लाइफ Style

# दिशा

## आवारापन के सीक्वल में आएंगी नजर

29 जून 2007 में रिलीज हुई इमरान हाशमी की फिल्म आवारापन के सीक्वल आवारापन 2 की रिलीज डेट सामने आ गई है। इसी के साथ मेकर्स ने इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के नाम से भी पर्दा उठा दिया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इमरान हाशमी इस फिल्म में फिर से शिवम का किरदार निभाएंगे। प्रमोशनल पोस्टर में एक हाथ का क्लोज-अप दिखाया गया है, जिसमें चिड़िया का टैटू बना है। यह टैटू आजादी और मुक्ति की भावना को दिखाता है। इस सीक्वल में दिशा पाटनी भी मुख्य भूमिका में इमरान हाशमी के साथ काम करेंगी। यह दिशा पटानी का विशेष फिल्म्स के साथ पहला प्रोजेक्ट है। विशेष फिल्म्स ने आज 21 अप्रैल को आधिकारिक तौर पर आवारापन 2 की घोषणा कर दी है। यह 2007 की हिट फिल्म आवारापन का सीक्वल है। मेकर्स ने बताया कि फिल्म का प्रोडक्शन का में आखिरी चरण में है।

'आवारापन 2' 14 अगस्त को देश-विदेश के सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो स्वतंत्रता दिवस के वीकेंड पर पड़ रहा है। फिल्म 'आवारापन 2' का निर्देशन नितिन कक्कड़ कर रहे हैं। फिल्म को लेकर निर्माता विशेष भट्ट ने कहा, 'आवारापन एक गहरा एहसास है, जो बड़े पर्दे के लिए ही बना है। इसमें शानदार जगहों पर शूटिंग, बड़े सीन, मजबूत किरदार और अच्छा संगीत होगा। इमरान हाशमी शिवम के किरदार में पूरी तरह फिट हो गए हैं। अब दिशा पाटनी के जुड़ने से फिल्म में नई जान आ गई है।'




हॉलीवुड मसाला

## सैंड्रा-निकोल साथ करेंगी काम



**लॉस एंजिल्स।** प्रैक्टिकल मैजिक 2 का ट्रेलर सामने आ चुका है। इस फिल्म में सैंड्रा बुलक और निकोल किडमैन साथ नजर आएंगी। दोनों लगभग 28 साल बाद बड़े पर्दे पर दर्शकों को नजर रही हैं। यह फिल्म 11 सितंबर को रिलीज होगी। लेकिन, कुछ जगहों पर इसका प्रीमियर 18 सितंबर को होगा। साल 1998 में हॉलीवुड फिल्म प्रैक्टिकल मैजिक रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट 28 साल बाद रिलीज हो रहा है। प्रैक्टिकल मैजिक 2 के ट्रेलर में विक्टोरियन दौर का एक घर दिखाया जाता है।



## नाबालिग की हत्या मामले में हुई सिंगर डी-4वीडी की पेशी

**लॉस एंजिल्स।** डेविड बर्क 21 साल के एक म्यूजिशियन हैं, जो डी4वीडी के नाम से जाने जाते हैं। सिंगर पर पर 14 साल की नाबालिग की हत्या का आरोप लगे हैं। मंगलवार को इसी मामले में लॉस एंजेलिस में कोर्ट में उनकी पेशी हुई, जहां उनके वकील ने उनकी ओर से सभी आरोपों से इनकार किया। हालांकि, जज ने इसके बावजूद कड़ा फैसला सुनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, डेविड बर्क पर फर्स्ट-डिग्री मर्डर, 14 साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन शोषण और शव के टुकड़े करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जज ने आदेश दिया है कि उन्हें बिना जमानत के हिरासत में रखा जाएगा। डी4वीडी को 2022 में पहचान मिली, जब उन्होंने अपने फोन पर गाने रिकॉर्ड करके फॉर्नाइट गेमिंग वीडियो में इस्तेमाल किए, जो टिकटॉक पर वायरल हो गए।



## सूरज की फिल्म में पहली बार करेंगे काम

**मुंबई।** सूरज बड़जात्या ने आखिरी फिल्म ऊंचाई डायरेक्ट की थी। अब इन दिनों वे अपनी अगली फिल्म बनाने में व्यस्त हैं। सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म का नाम आधिकारिक तौर पर 'ये प्रेम मोल लिया' रखा गया है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस राजश्री फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की और इसे एक फैमिली एंटरटेनर बताया है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया तैयार कर रहे हैं। राजश्री फिल्म्स इस फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। सूरज की फिल्म में पहली बार आयुष्मान खुराना काम करेंगे। यह पहली बार होगा जब आयुष्मान खुराना और शरवरी एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे।



## है जवानी तो... होगी आखिरी फिल्म

**मुंबई।** डेविड धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, लेकिन इससे पहले डायरेक्टर ने बड़ा बयान दिया जो चर्चा का विषय बन गया है। एक इंटरव्यू में डेविड धवन ने कहा कि 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है। अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अब मुझे और फिल्में करना चाहिए। ये मेरी आखिरी फिल्म हो सकती है। इसके बाद मैं बस वरुण का पिता रहूंगा।' तीन दशकों से भी ज्यादा लंबे करियर और 45 से ज्यादा फिल्मों के साथ, डेविड धवन ने अपने सफर को लेकर संतुष्टि जताई। उन्होंने संजय दत्त, अनिल कपूर, गोविंदा और सलमान खान जैसे बड़े सितारों के साथ काम किया है।

टीवी मसाला



## कराची से आया था मटका किंग रतन, मुंबई में बनाया सामाज्य

**नई दिल्ली।** हाल ही ओटीटी पर विजय वर्मा की नई सीरीज 'मटका किंग' रिलीज हुई, जो चर्चा में है और काफी पसंद भी की गई। सीरीज की कहानी असली मटका किंग पर आधारित है। इसमें सट्टेबाजी की खतरनाक दुनिया को दिखाया गया। रतन खत्री की कहानी उस दौर की है, जब नंबरों में किस्मत सिमटी होती थी और एक सही चाल भी आदमी को बादशाह बना देती थी। रतन खत्री एक ऐसे शख्स था, जिसने भारत में सट्टेबाजी की शुरुआत की और फिर उसे नई ऊंचाइयों पर ले गया। उसे सट्टेबाजी का 'किंग पिन' और 'मटका किंग' कहा जाता था। रतन खत्री ने मटका को देश की सबसे मुनाफे वाली अंडरग्राउंड इंडस्ट्री में से एक बना दिया था। रमन खत्री शुरुआत में कोई बड़ी शख्सियत नहीं था। वह तो बल्कि प्रवासी था, जो सिंधु से ताल्लुक रखता था और विभाजन के बाद भारत आया था। लेकिन, देखते ही देखते वह कब सट्टेबाजी के खेल का बादशाह बन गया, पता ही नहीं चला और फिर 'मटका किंग' कहलाया। रतन खत्री कराची से सिंधी हिंदू परिवार में पैदा हुए और विभाजन के बाद परिवार के साथ भारत आ गए। यहां उन्होंने मुंबई (तब बंबई) में अपना डेरा जमाया। रतन जब किशोरावस्था में पहुंचे तो कपड़ा बाजारों और मिलों में काम करना शुरू कर दिया। वहीं उनका राब्ता सट्टेबाजी से बुआ। वह कपास के एक्सचेंज नंबर्स पर सट्टा लगाया जाता था। उसी दौरान मुंबई में सट्टेबाजी का एक नया रूप शुरू हुआ था, जिसे 'मटका' कहा जाता था। इससे रतन खत्री जुड़ गए और इसे सट्टे के एक बड़े नेटवर्क में बदल दिया।

### घर से निकलने में भी लगता है डर

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। बीते दिनों समय रैना ने जहां उन्हें अपने नए स्पेशल में रोस्ट किया, वहीं उससे पहले वह एक इवेंट में हुई बेइज्जती को लेकर चर्चाओं में रहे। अब साल 2024 की किडनैपिंग मामले में मेरठ कोर्ट पहुंचे कॉमेडियन का दर्द उस समय छलक पड़ा, जब वह आरोपियों की शिनाख्त करने पहुंचे थे। यह केस दिसंबर 2024 का है, जब नेशनल हाईवे से उन्हें कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था। करीब 24 घंटे बंधक बनाए जाने के बाद उन्हें छोड़ा गया था।



कॉमेडियन तब हरिद्वार के इवेंट में परफॉर्म करने के लिए बुलाए गए थे, जो असल में एक झांसा था। सुनील पाल ने मेरठ कोर्ट में जहां 2 आरोपियों की पहचान की, वहीं इस वारदात के 16 महीने बाद भी अपने डर और घबराहट का जिक्र करते हुए भावुक आपबीती बताई। सुनील पाल ने कहा कि वह अपहरण की वारदात के बाद से ही डरे हुए हैं। यहां तक कि अब वह घर से बाहर निकलने में भी खौफ खाते हैं।

## कपिल शर्मा का शो कॉमेडी फिल्मों के लिए बन रहा खतरा : परेश रावल

*परेश रावल जिन्होंने अपने करियर में कई कॉमेडी फिल्मों में काम किया है और सबको खूब हंसाया है। उनका कहना है कि कपिल शर्मा का शो आज के समय में कई कॉमेडी मूवीज को टक्कर दे रहा है। परेश रावल हाल ही में फिल्म भूत बंगला में नजर आए हैं। इस फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है और इसमें अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, तब्बू और राजपाल यादव हैं। फिल्म को ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिला है।*

**नई दिल्ली।** अब परेश ने हाल ही में बताया कि कैसे आज कल कॉमेडी फिल्मों को टीवी और डिजिटल शोज से टफ कॉम्पटीशन झेलना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, परेश ने सुनील ग्रोवर की भी तारीफ की और उन्हों टैलेंट का ज्वालामुखी बताया है। परेश ने मनीकंट्रोल से बात करते हुए कहा, 'ये कॉमेडी के लिए काफी मुश्किल समय है। हर सीन कॉम्पटीशन है। कपिल शर्मा शो तो हर कॉमेडी फिल्म के लिए कॉम्पटीशन है। कभी-कभी वो भी ओवर टॉप जाते हैं, लेकिन यह बात मायने नहीं रखती।' एक्टर ने आगे कहा, 'अगर आप कपिल शर्मा शो देखते हैं और सुनील ग्रोवर को देखें कि क्या टैलेंट हैं उनमें। ये सब बहुत बड़े टैलेंटेड हैं। वो तो ज्वालामुखी हैं यार कॉमेडी के।



आपको उस कॉमेडी के साथ कॉम्पीट करना है तो आपको सोच बदलनी पड़ेगी नहीं तो नहीं होता है। कॉमेडी लिखना और उसे मेन्टेन करना काफी मुश्किल है। वहां भी जो कॉमेडी लिखी जाती है, उनकी 10-15 लोगों की टीम होती है। हमारे यहां तो एक राइटर को रखने का माल नहीं होता है प्रोड्यूसर के पास तो 15 लोगों को कहां से देगा।' बता दें कि सुनील ग्रोवर तो पिछले कुछ दिनों से अपने मिमिक्री स्टाइल के लिए छाए हुए हैं। उनके कई किरदार हिट रहे हैं जैसे एस एस राजामौली, आमिर खान, सलमान खान और कादर खान। कादर खान के तो उनके मिमिक्री वीडियो को बहुत ज्यादा प्यार मिला। कई ने तो उनके इस एक्ट को शेयर कर उनकी तारीफ की थी सोशल मीडिया पर। भूत बंगला के बाद परेश अब हेरा फेरी 3 और वेलकम टू द जंगल में नजर आने वाले हैं। वेलकम टू द जंगल में परेश के साथ अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, अनिल कपूर, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी हैं। वहीं हेरा फेरी 3 में अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी लीड रोल में हैं।

## मोहित की मूवी में फिर रोमांस करते नजर आएंगे अहान-अनीत

**मुंबई।** सैयारा फिल्म की बड़ी सफलता के बाद, अहान पांडे और अनीत पड्डा एक बार फिर यश राज फिल्म्स के लिए काम कर रहे हैं। वे निर्देशक मोहित सूरी के साथ नई रोमांटिक ड्रामा फिल्म बना रहे हैं। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा पिछले हफ्ते हुई थी। एक खबर के अनुसार, फिल्म का अस्थायी नाम 'सतरंगा' रखा गया है। यह नाम अभी पक्का नहीं है, क्योंकि यह टी-सीरीज के पास पहले से रजिस्टर्ड है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह नाम फिल्म की कहानी से अच्छी तरह मेल खाता है। यह फिल्म भी 'सैयारा' की तरह ही एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म हो सकती है। सैयारा में अहान और अनीत को जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस नई फिल्म में अहान और अनीत रोमांस के और गहरे और अलग तरह के पहलुओं को दिखाएंगे। मोहित सूरी अभी स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है और इसे 2027 के अंत तक रिलीज करने का प्लान है। मोहित सूरी ने इस प्रोजेक्ट पर खुशी जताते हुए कहा, 'मेरे



लिए प्रेम कहानियां हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रही हैं। जब भावनाएं बहुत गहरी और बेकाबू हो जाती हैं, तब प्यार को सचमुच महसूस किया जा सकता है।' सैयारा फिल्म में भी यही बात बेबाकी से दिखाई गई है। सैयारा की टीम के साथ वापस आना मेरे लिए बहुत खास है। लगता है यह किस्मत में लिखा था। आगामी फिल्म को लेकर मोहित ने कहा, 'इस बार मैं खुद को एक नए कलाकार की तरह महसूस कर रहा हूं। कहानी को लेकर बहुत उत्साहित और थोड़ा घबराया हुआ भी। उम्मीद है कि इस फिल्म का संगीत भी लोगों के दिल को छू सकेगा।'

## बाबुल की दुआएं लेती जा... इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर

# एक मुस्लिम गीतकार, जिसने बेटी की विदाई का दर्द गीत में उतार दिया

***नई दिल्ली।** 'बाबुल की दुआएं लेती जा' लिखने वाले इस मुस्लिम गीतकार ने कभी नहीं की थी शादी। गाने में उतार दिया बेटी की विदाई करने वाले पिता का दर्द। इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर। आज भी उतना ही दर्दभरा है ये गाना। 1968 में एक फिल्म आई थी नील कमल। इस फिल्म में वहीदा रहमान, राज कुमार और मनोज कुमार ने लीड किरदार निभाया था। फिल्म राम महेश्वरी ने डायरेक्ट की थी और किदार शर्मा ने लिखी। वैसे तो फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की की थी जो नींद में चलती है और अपनी पुरानी जिंदगी में चली जाती है। इस कहानी ने उस समय के लोगों को प्रभावित किया था। लेकिन गाने अलग ही माहौल बनाते थे। इसी फिल्म का वो गाना था 'बाबुल की दुआएं लेती जा'। एक ऐसा गाना जिसे सुनने वाले लोग और गाने वाला सिंगर रो पड़ा था। इस गाने को लिखने वाले ने ऐसे भावों को अपनी राइटिंग में दिखाया जो उसने खुद कभी महसूस नहीं किया।*



### इस गाने को सुन रो पड़ते हैं लोग

फिल्म नील कमल ये गाना तब बजता है जब बलराज साहनी का किरदार अपनी बेटी सीता की विदाई करता है। स्क्रीन पर नजर आने वाला वो विदाई का सीन आंखें गीली कर देता है। एक पिता अपनी बेटी को घर से डोली तक छोड़ने आता है। बैकग्राउंड में रवि का म्यूजिक और वो खास मन को कटोचने वाली धुन बजती है। ये सीन जितनी बार देखा जाता है उतनी बार आंखें गीली हो जाती हैं। इस गाने को उस दौर के मशहूर गीतकार साहिर लुधियानवी ने लिखा था। साहिर ने खुद कभी शादी नहीं की, उनकी कोई संतान नहीं थी। लेकिन, जब ये गीत उन्होंने एक पिता के दर्द को अपनी लेखनी में उतारते हुए लिखा तो गाने वाले मोहम्मद रफी रो पड़े।

### लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए

फिल्म में जब ये गाना दिखाया गया तो इसे सुनने और देखने वाले लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए। ऐसा ही किस्सा फिल्म धड़कन के गाने 'दूल्हे का सेहरा' गाने वाले नुसरत फतेह अली खान के साथ हुआ था। वो भी गाने की एक लाइन को गाते समय खूब रोए थे।


### रफी की आवाज हो गई थी रुआंसी

इस गाने को रवि ने कंपोज़ किया था। गाने के अंतरे में सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज रुआंसी हो जाती है। अंत में उन्होंने म्यूजिक कंपोजर रवि से कहा कि उन्हें एक बार फिर से रिकॉर्ड करना चाहिए क्योंकि वो गाना गाते समय रो गए हैं। ये सुनते ही म्यूजिक बनाने वाले रवि ने कहा कि वो ये गाना ऐसे ही रखेंगे। इस गाने को रिकॉर्ड करते समय मोहम्मद रफी इसलिए भी रो पड़े थे क्योंकि कुछ समय पहले ही उन्होंने अपनी बड़ी बेटी की शादी की थी। बेटी को याद कर उनकी आवाज रुआंसी हो गई।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 1 | 11 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| राजस्थान | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 6 |
| दिल्ली | 5 | 3 | 2 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| लखनऊ | 6 | 2 | 4 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |

**ऑरेंज कैप**



हेनरिक क्लासेन
283 रन
हैदराबाद

**पर्पल कैप**



अंशुल कंबोज
13 विकेट
चेन्नई

# तिलक को समझाने में आ गया था चक्कर : हार्दिक

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

आईपीएल 2026 में सोमवार को नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) और मुंबई इंडियंस (एमआई) बीच खेले गए मुकाबले में फैंस को तिलक वर्मा का विस्फोटक और यादगार शतक देखने को मिला। तिलक ने अपने शतक के मुंबई को जीटी पर 99 रनों से जीत दिलाई और पिछले 4 मैचों में मिले हार के क्रम को तोड़ा। तिलक वर्मा मैच के दौरान एक समय बेहद धीमी बल्लेबाजी कर रहे थे। वह एक समय 22 गेंदों पर सिर्फ 19 रन बनाकर खेल रहे थे। इस समय ऐसा लग रहा था कि एमआई एक और हार की तरफ बढ़ रही है। तिलक वर्मा के साथ क्रीज पर कप्तान हार्दिक पांड्या मौजूद थे। हार्दिक ने तिलक को समझाया कि उन्हें कैसे खेलना है और वह क्या कर सकते हैं। इस दौरान हार्दिक तिलक पर गुस्से में नजर आए थे, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हार्दिक ने मैच के बाद खुलासा किया कि उन्होंने तिलक से क्या कहा था। हार्दिक ने कहा, मैंने उससे कहा कि तुम बस गेंद को देखो और हिट करो, चाहे कुछ भी हो। मुझे सच में लगता है कि उसके बल्ले से जिस तरह से गेंद निकलती है वह सच में कुछ खास है। समय आ गया था कि वह कुछ करे। हां, मुझे लगता है कि कुछ बार मैं इतनी जोर से चिल्लाया कि मुझे चक्कर आ गया। ग्रुप के लिए इसकी बहुत जरूरत थी।

### मुंबई इंडियंस को जीत की थी बहुत जरूरत

तिलक के लिए इसकी बहुत जरूरत थी। मुंबई इंडियंस के लिए इसकी बहुत जरूरत थी। एक कप्तान के तौर पर भी, उस तरह की एनर्जी चीजों को बदल देती है। हार्दिक के समझाने के बाद तिलक वर्मा ने ऐसी बल्लेबाजी की जो कभी-कभार ही देखने को मिलती है। ऐसा लग रहा था कि तिलक ने कप्तान की बात को अपनी अहम पर ले लिया और फिर उसके बाद सिर्फ छक्के और चौकों में बात करने लगे। 22 पर 19 वाले तिलक 45 गेंदों पर 101 पर पहुंच गए। इस दौरान बाएं हाथ के इस युवा बल्लेबाज ने 7 छक्के और 8 चौके मारे। यह तिलक का पहला आईपीएल शतक था जो लंबे समय तक याद रहेगा।



# वर्मा ने कहा- कप्तान बढ़ा रहे थे मेरा आत्मविश्वास

**अहमदाबाद।** मुंबई इंडियंस की पारी के दौरान जब तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या एक साथ बल्लेबाजी कर रहे थे, तो हार्दिक ने तिलक को ऊंची आवाज में बेहतर बल्लेबाजी के लिए प्रेरित किया था। मैच के बाद तिलक ने बताया कि आखिर कप्तान हार्दिक ने उनसे क्या कहा था। तिलक ने कहा, सब जानते हैं कि हार्दिक भाई बहुत एनर्जेटिक हैं। वह मेरा आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तुम कर सकते हो, तुम करोगे। मैंने उनसे बस शांत रहने के लिए कहा क्योंकि मुझे ध्यान केंद्रित करने की जरूरत थी। मैंने उन्हें भरोसा दिलाया कि मैं बाकी सब संभाल लूंगा।तिलक ने कहा, यह टीम और मेरे लिए बहुत जरूरी था। पिछले चार या पांच मैच में, एक बात लगातार मेरे दिमाग में चल रही थी कि मैंने क्रीज पर ज्यादा समय नहीं बिताया था और ज्यादा गेंदों का सामना नहीं किया था, इसलिए मेरा मकसद विकेट पर कुछ समय बिताना और फिर टीम की स्थिति के हिसाब से खुद को ढालना था। मैं शुक्रगुजार हूं कि यह इस तरह से काम कर गया। हालांकि, हमें बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना चाहिए और एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहिए। हर गेम हमारे लिए लगभग नॉकआउट जैसा है। हम जानते हैं कि हम क्या कर सकते हैं।

### मुझे नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना पसंद

अहमदाबाद की पिच और अपनी पसंदीदा बल्लेबाजी क्रम पर तिलक ने कहा, जब भी एमआई अहमदाबाद आती है, तो वे आमतौर पर हमें काली मिट्टी वाली विकेट देते हैं, जो थोड़ी धीमी होती है। ऐसा नहीं है कि हमारे बल्लेबाज नहीं खेल सकते। हम जानते हैं कि अगर ज्यादा बाउंस हो तो हम क्या कर सकते हैं। यह धीमी और नीची थी, इसलिए हमें संतुलन बनाना पड़ा और सीधे हिट करने की कोशिश करनी पड़ी। ज्यादा बाउंस नहीं था। मैंने कंडीशन को अच्छी तरह से समझा और सीधे हिट करने का फैसला किया। शुक्र है, मैं कुछ रन बना पाया। मुझे नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना बहुत पसंद है।

## खबर संक्षेप

### कांगो गोल्फ टूर्नामेंट: संयुक्त बढ़त पर तुषार और मन्नत



**लुबुम्बाशी।** युवा गोल्फर तुषार पन्नू और मन्नत बरार ने एएम ग्रीन आईजीपीएल आमंत्रण कांगो गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दिन छह अंडर 67 का समान स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की। पिछले साल पेशेवर बनने वाले 21 वर्षीय पन्नू ने पांच बर्डी, एक ईगल और एक बोगी की जबकि हाल ही में महिला गोल्फ एसोसिएशन की पेशेवर बनी 19 वर्षीय बरार ने पहले दौर में एक भी बोगी नहीं की। इन दोनों के बाद सुखमन सिंह का नंबर आता है, जिन्होंने पांच अंडर 68 का स्कोर बनाया। वह अकेले तीसरे स्थान पर हैं जबकि अमन राज ने हरेंद्र गुप्ता संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इन दोनों ने चार अंडर 69 का स्कोर बनाया। उदयन माने, मानव शाह और सैयद साकिब अहमद ने तीन अंडर 70 का स्कोर बनाया और वे संयुक्त छठे स्थान पर हैं।

### 19 सितंबर से सोनी पर स्ट्रीम होंगे एशियाई खेल




**नई दिल्ली।** सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया ने 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले 20वें एशियाई खेलों के प्रसारण के विशेष अधिकार हासिल किए हैं। प्रसारण अधिकार हासिल करने के संबंध में किए गए समझौते के अनुसार इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के चैनलों पर किया जाएगा। इसे पूरे भारत और उपमहाद्वीप में सोनी लिव पर स्ट्रीम किया जाएगा। भारत ने पिछले एशियाई खेलों में रिकॉर्ड 107 पदक हासिल किए थे और वह इस बार इससे बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। एशियाई खेलों में ओलंपिक में शामिल 32 खेलों सहित 41 खेलों में खिलाड़ी अपना भाग्य आजमाएंगे। इस बार इन खेलों में मिश्रित मार्शल आर्ट और सर्फिंग जैसे नए खेल भी शामिल किए गए हैं। इसके अलावा एशियाई खेलों में क्रिकेट, टेनिस, ईस्पोर्ट्स, कबड्डी, सेपक टकरा और कुराश जैसे खेल भी शामिल हैं।

### रात 7.30 बजे से पंत और पराग की टीमों में भिड़ंत

# हार का सिलसिला तोड़ने उतरेगा आरआर लड़खड़ाती एलएसजी से आज मुकाबला

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लगातार दो हार से आहत राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने शुरुआती प्रदर्शन से प्रेरणा लेकर लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बुधवार को होने वाले आईपीएल के मैच में जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगी। राजस्थान रॉयल्स की टीम अभी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। इस 2008 की चैंपियन टीम ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार चार जीत के साथ की थी, लेकिन उसके बाद पिछले दो मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा।

सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 57 रन से करारी शिकस्त दी। इस मैच में तेज गेंदबाजों के सामने उसका शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया और उसने 9 रन के अंदर पांच विकेट गंवा दिए। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ पिछले मैच में राजस्थान अच्छी स्थिति में था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। केकेआर के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच का रुख पलट दिया।



### आरआर के लिए फील्डिंग चिंता का विषय

राजस्थान रॉयल्स के लिए उसकी फील्डिंग चिंता का विषय बनी हुई है। पिछले मैच में रिंकू सिंह जब आठ रन पर खेल रहे थे तब नांद्रे बर्गर ने उनका कैच छोड़ दिया, जो टीम के लिए महंगा साबित हुआ। रिंकू ने अनुकूल रॉय के साथ मिलकर अंतिम ओवरों में मैच केकेआर के पक्ष में कर दिया। राजस्थान रॉयल्स की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव है। सनराइजर्स के खिलाफ उसका शीर्ष क्रम नहीं चल पाया जबकि केकेआर के खिलाफ मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज सलामी बल्लेबाजों वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल से मिली अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 81 रन जोड़े थे। पिछले दो मैच में हार के बावजूद राजस्थान रॉयल्स की टीम एलएसजी के सामने मजबूत नजर आती है।

### तीन हार के बाद नौवें स्थान पर एलएसजी

एलएसजी लगातार तीन हार के बाद नौवें स्थान पर है। सूर्यवंशी और जायसवाल ने इस सत्र में राजस्थान रॉयल्स को अच्छी शुरुआत दी है और अगर एलएसजी को मुकाबले में बने रहना है तो उसके गेंदबाजों को इन दोनों पर अंकुश लगाना होगा और शुरुआत में विकेट हासिल करने होंगे। लेकिन एलएसजी के गेंदबाजों के हाल के प्रदर्शन को देखते हुए यह आसान नहीं होगा क्योंकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में उसके गेंदबाज नहीं चल पाए थे। प्रियांश आर्य और कूपर कॉनोली की शानदार पारियों से पंजाब किंग्स ने सात विकेट पर 254 रन बनाकर एलएसजी को 54 रन से हराया था।

### एलएसजी तय नहीं कर पाया सर्वश्रेष्ठ एकादश

एलएसजी के लिए उसकी बल्लेबाजी भी चिंता का विषय है, जिसके कारण वह अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ अंतिम एकादश तय नहीं कर पाया है। पिछले मैच में आयुष बडोनी को मिचेल मार्श के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए भेजने का फैसला कारगर साबित नहीं हुआ। मार्श अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं वहीं कप्तान ऋषभ पंत भी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। निकोलस पूरन की खराब फॉर्म ने एलएसजी की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। एलएसजी को अगर अपनी संभावना बनाए रखनी तो उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों को मिलकर अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

**मैच का समय : शाम 7.30 बजे**

### आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग

# शेफाली ने मारी छलांग स्मृति को नुकसान





एजेंसी ▶▶| लखनऊ

सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा 5 मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में अर्धशतक की बदौलत आईसीसी की नवीनतम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से छठे पायदान पर पहुंच गईं। शेफाली ने रविवार को डरबन में खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में 38 गेंद पर 57 रन बनाए थे। भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना अब तक खेले गए दोनों मैच में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद एक स्थान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई हैं। तीसरे स्थान पर अब वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज हैं। हरमनप्रीत कौर दो स्थान ऊपर चढ़कर अब शीर्ष 10 में शामिल होने के करीब हैं। वह फिलहाल 11वें स्थान पर हैं।

### जेमिमा को चार स्थान का नुकसान

जेमिमा रोड्रिग्स को चार स्थान का नुकसान हुआ है। खराब फॉर्म के चलते वह अब बल्लेबाजों की सूची में 14वें स्थान पर खिसक गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने बल्लेबाजों की सूची में अपना पांचवां स्थान बरकरार रखा है। ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल शीर्ष पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की एनेरी डर्कसेन (18 स्थान के फायदे से 33वें स्थान पर) और सुने लुस (आठ स्थान के फायदे से 35वें स्थान पर) ने भी रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है।

### दीप्ति, रेणुका और अरुंधति नीचे खिसकी

भारत की प्रमुख गेंदबाज दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर और अरुंधति रेड्डी गेंदबाजों की रैंकिंग में नीचे खिसक गई हैं। दीप्ति दो स्थान नीचे पांचवें जबकि रेणुका चार स्थान नीचे नौवें स्थान पर हैं। अरुंधति भी तीन स्थान के नुकसान से 12वें स्थान पर खिसक गई हैं और शीर्ष 10 गेंदबाजों की सूची से बाहर हो गई हैं।

**आयुष के हैमस्ट्रिंग में खिंचाव, रहना होगा रिहैबिलिटेशन**

# सीएसके को करारा झटका म्हात्रे पूरे सीजन से बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं, जो पांच बार की चैंपियन टीम के लिए करारा झटका है।

म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सीएसके के पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और उन्हें 6 से 12 सप्ताह तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरना पड़ेगा। सीएसके ने कहा, 'आयुष म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान बल्लेबाजी करते समय बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आने के कारण आईपीएल 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं।' फ्रेंचाइजी ने कहा, 'आयुष को चोट से उबरने के लिए 6 से 12 सप्ताह तक रिहैबिलिटेशन पर रहना होगा।'



### सनराइजर्स के खिलाफ हुए थे चोटिल

18 वर्षीय बल्लेबाज आयुष सनराइजर्स के खिलाफ इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतरा था। हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण वह काफी असहज महसूस कर रहे थे। म्हात्रे को मैदान पर ही उपचार दिया गया। दर्द के बावजूद उन्होंने खेलना जारी रखा था लेकिन इसके तुरंत बाद वह आउट हो गए थे। सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइक हसी ने कहा था, ' दुर्भाग्य से उसकी स्थिति काफी खराब दिख रही है। उसका बाहर होना हमारे लिए बहुत बड़ा नुकसान होगा क्योंकि वह बहुत अच्छी फॉर्म में है।' म्हात्रे ने इस सत्र में छह मैचों में 177.87 के स्ट्राइक रेट से 201 रन बनाए।



# बोस्टन मैराथन में दौड़ी चेल्सी और सुनीता

एजेंसी ▶▶| बोस्टन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पुत्री चेल्सी क्लिंटन और भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने बोस्टन मैराथन पूरी की। क्लिंटन फाउंडेशन की उपाध्यक्ष 46 वर्षीय चेल्सी ने 26.2 मील (42.195 किलोमीटर) की दौड़ 3 घंटे, 40 मिनट और 52 सेकंड में पूरी की। चेल्सी के पिता बिल क्लिंटन और मां पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने फिनिश लाइन पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर 2014 के चैंपियन मेब केफ्लेजघी भी उपस्थित थे, जो इस दौड़ को जीतने वाले अंतिम अमेरिकी पुरुष धावक हैं। चेल्सी क्लिंटन न्यूयॉर्क मैराथन सहित छह अन्य मैराथन में भाग ले चुकी हैं और उन्होंने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# रियाल मैड्रिड फिर बना यूरोपीय चैंपियन




एजेंसी ▶▶| लॉज़ेन

रियाल मैड्रिड ने पेनल्टी शूटआउट में क्लब ब्रुग को हराकर यूईएफए यूथ लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीतकर एक बार फिर यूरोपीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

इस टूर्नामेंट में अंडर19 टीम भाग लेती है, जिसे जूनियर वर्ग की चैंपियंस लीग भी कहा जाता है। रियाल मैड्रिड के लिए यह खिताब राहत की बात है क्योंकि उसकी सीनियर टीम चैंपियंस लीग से बाहर हो गई है। स्विट्जरलैंड में खेला गया फाइनल मैच अतिरिक्त समय के बाद भी 1-1 से बराबरी पर रहा, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। रियाल मैड्रिड के गोलकीपर जेवियर नवारो ने पेनल्टी शूटआउट में अपनी टीम को 4-2 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने ब्रुग के नईम अमेनगई और टियान कोरेन के शॉट को बचाया। यूईएफए यूथ लीग के 12 साल के इतिहास में स्पेनिश टीम ने यह दूसरा खिताब उसकी सीनियर टीम के चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के पांच दिन बाद जीता।

### लॉरियस पुरस्कारः फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन सर्वश्रेष्ठ टीम

# अल्काराज-सबालेंका चुने गए 'प्लेयर ऑफ द ईयर'

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और एरीना सबालेंका ने लॉरियस पुरस्कारों में क्रमशः वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया, जबकि फ्रांस के फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित किया गया। अल्काराज ने पिछले साल फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन के अलावा इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब भी जीता था। विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी सबालेंका ने पिछले साल लगातार दूसरी बार यूएस ओपन जीता था। पीएसजी 2025 में पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट चैंपियंस लीग का खिताब जीतने में सफल रहा था।





### यामल ने जीता सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार

इस महीने मास्टर्स खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाले गोल्फर रोरी मैकलॉय को वर्ष में शानदार वापसी करने वाले खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। बार्सिलोना और स्पेन के स्टार फुटबॉलर 18 वर्षीय लामिन यामल ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। फॉर्मूला वन चैंपियन लैंडो नॉरिस को विश्व का सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार मिला।

### जिम्नास्ट कोमानेसी को मिला 'लाइफटाइम अचीवमेंट'

जर्मनी के महान फुटबॉलर टोनी क्रूस ने विश्व खेल प्रेरणा पुरस्कार हासिल किया जबकि अपने जमाने की दिग्गज जिम्नास्ट नादिया कोमानेसी को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार दिया गया। अमेरिका के स्नोबोर्डर क्लो किम को 'वर्ल्ड एक्शन स्पोर्ट्सपर्सन' का पुरस्कार दिया गया। ब्राजील के गैब्रियल अराउजो को दिव्यांग वर्ग में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। स्पेन की राजधानी में आयोजित किए गए इस पुरस्कार समारोह की मेजबानी दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और फ्रीस्टाइल स्कीयर एलीन गु ने की।

### अल्काराज चोटिल, फ्रेंच ओपन खेलने पर संशय

**मैड्रिड।** दो बार के मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज का दाहिनी कलाई में चोट के कारण फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलना संदिग्ध है। अल्काराज ने कहा कि अगले कुछ दिनों में उन्हें कुछ चिकित्सा परीक्षण कराने हैं, जिसके बाद यह पता चल पाएगा कि वह एक महीने बाद होने वाले इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेल पाएंगे या नहीं। अल्काराज से जब पूछा गया कि क्या वह फ्रेंच ओपन में खेलेंगे, उन्होंने कहा, ' देखते हैं। अगला मेडिकल टेस्ट काफी महत्वपूर्ण होगा।' स्पेन के इस खिलाड़ी ने मैड्रिड में लॉरियस पुरस्कार समारोह में भाग लिया और उनकी दाहिनी कलाई में पट्टी बंधी हुई थी। उन्होंने पिछले सप्ताह मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया था।

# एएफसी चैंपियंस लीग के फाइनल में अल-अहली



**जेद्दा।** इवान टोनी के दूसरे हाफ में किए गए निर्णायक गोल की मदद से सऊदी अरब के क्लब अल-अहली सऊदी ने जापान के विसेल कोबे को 2-1 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। जेद्दा में शनिवार को होने वाले फाइनल में अल-अहली सऊदी का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल-अहली और जापान के माचिदा ज़ेलविया के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। विसेल कोबे के 32वें मिनट में युशिनोरी मुटो के गोल से बढ़त बनाई। अल-अहली सऊदी ने 62वें मिनट में ब्राजील के विंगर गैलेनो के गोल से बराबरी की। टोनी ने इसके आठ मिनट बाद अल-अहली सऊदी की तरफ से दूसरा गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।




### जनहित याचिका : हाईकोर्ट ने डीईओ से रिपोर्ट मांगी

# दिव्यांग बच्चों के साथ भेदभाव स्वीकार नहीं

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायाधीश विनय सराफ की संयुक्तपीठ ने एक मामले में सुनवाई करते हुए अपने अंतरिम आदेश के तहत दिव्यांग (स्पेशल) बच्चों के अधिकारों को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए जबलपुर के 2 निजी स्कूलों द्वारा ऐसे छात्रों को निकाले जाने पर तत्काल रोक लगा दी है। सोमवार को जारी अपने अंतरिम आदेश में संयुक्तपीठ ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि विशेष बच्चों के साथ भेदभाव किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उक्त आदेश विशेष रूप से जबलपुर के विजडम वैली स्कूल और जीडी गोयनका स्कूल के खिलाफ सामने आई शिकायतों के बाद दिया गया है, आरोप था कि दोनों स्कूलो से स्पेशल बच्चों को निकाला जा रहा है। उच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए स्पेशल बच्चों को निकाले जाने पर तत्काल रोक लगाने के साथ ही उक्त आदेश के पालन की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को सौंपते हुए जबलपुर के सभी स्कूलों में पढ़ रहे विशेष बच्चों पर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। मामले में अगली सुनवाई 29 अप्रैल को निर्धारित की गई है।



जबलपुर नगर के सौरभ सुबैया की ओर से दायर जनहित याचिका में उल्लेख किया गया है कि जबलपुर में लगभग 50 सरकारी और 200 निजी स्कूल संचालित हैं। यहां पढ रहे कई छात्र सुनने और बोलने में अक्षम (दिव्यांग) हैं। याचिका में आगे कहा गया है कि कानून के बावजूद इनमें से अधिकांश स्कूलों में ऐसे बच्चो को पढाने विशेष शिक्षक नियुक्त नहीं हैं। याचिका में यह भी कहा गया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 जैसे कानूनों का पालन जमीनी स्तर पर नहीं हो रहा, जो पूरी तरह अवैधानिक है। मामले में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शिवेन्द्र पाण्डेय ने संयुक्तपीठ को अवगत कराया कि दो निजी स्कूलों द्वारा स्पेशल बच्चों को बाहर किया जा रहा है। यह सीधे तौर पर उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। इस पर न्यायालय ने मामले को गंभीर मानते हुए तुरंत हस्तक्षेप कर उक्त आदेश जारी किया।

### विवाद के समाधान हेतु रिट नहीं, चुनाव याचिका ही रास्ता : हाईकोर्ट

# हाईकोर्ट में खुले बैलेट बाक्स, तो गड़बड़ियां मिली

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने रीवा जिले के सिरमौर बार एसोसिएशन के चुनाव में उपाध्यक्ष और ग्रंथपाल पद के परिणामों को लेकर दायर मामले में सुनवाई के बाद उक्त चुनाव से संबंधित बैलेट बॉक्स को मंगवाकर अपने समक्ष खुलवाया और वोटों की दोबारा गिनती कराई। सुनवाई के दौरान सामने आई अनियमितताओं पर न्यायालय ने कहा कि इस विवाद का समाधान रिट याचिका के जरिए संभव नहीं है— इसके लिए विधिवत चुनाव याचिका दायर करनी होगी।

उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायाधीश विनय सराफ की संयुक्तपीठ ने सुनवाई के दौरान सोमवार को जब बैलेट बॉक्स की स्थिति देखी तो कई गंभीर खामियां उजागर हुईं। न्यायालय ने जहां मतदान पेटी की सील टूटी हुई पाई गई वहीं उसमें रखे मतों के साथ छेड़छाड़ की आशंका भी सामने आई।

उक्त चुनाव के लिए नियुक्त सहायक चुनाव अधिकारी राजेश पाण्डेय ने स्वयं न्यायालय के समक्ष स्वीकार किया कि बॉक्स को मतदान के बाद विधिवत सील किया गया था, लेकिन पेश किए गए बॉक्स में सील टूटी हुई थी और कागज भी फटा हुआ है। यह सीधे तौर पर प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करता है। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए संयुक्तपीठ ने रजिस्ट्रार आशीष तिवारी को मतों की गिनती करने के निर्देश दिए।

भोजनावकाश के बाद न्यायालय में पेश की गई रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि चुनाव अधिकारी द्वारा बताए गए आंकड़ों और रजिस्ट्रार की गिनती में अंतर पाया गया। इस अंतर ने पूरे चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने मामले में एक विकल्प यह भी रखा कि यदि सभी पक्ष सहमत हों तो नए सिरे से चुनाव कराया जा सकता है लेकिन चार में से तीन उम्मीदवार तो तैयार थे जबकि एक उम्मीदवार की अनुपस्थिति के कारण सर्वसम्मति नहीं बन पाई। इस पर मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली संयुक्तपीठ ने स्पष्ट कर दिया कि सभी उम्मीदवारों की सहमति के बिना पुनर्मतदान संभव नहीं है।

उक्त याचिका उपाध्यक्ष पद के निर्वाचित प्रत्याशी मणिकामना प्रसाद पाण्डेय और ग्रंथपाल पद के सतीश कुमार मिश्रा की ओर से दायर की गई थी। उनका आरोप था कि 9 मई 2025 को हुए चुनाव में जीत के बावजूद उन्हें पदभार नहीं सौंपा गया। हालांकि न्यायालय ने स्पष्ट किया कि इस तरह के विवाद, जिनमें साक्ष्य और तथ्यों की विस्तृत जांच जरूरी हो, उन्हें रिट याचिका के तहत नहीं सुलझाया जा सकता। इसके लिए उचित मंच चुनाव याचिका है, जहां विस्तार से साक्ष्यों की जांच हो सके।

### जमतरा कांड : लाश रखकर प्रदर्शन, घंटों लगा जाम

# युवक की मौत पर मुआवजा के लिए अड़े ग्रामीण



**जबलपुर।** सोमवार 20 अप्रैल को खिरैनी जमतरा में अवैध खननकारियों पर छापेमारी के दौरान मची भगदड़ में आकाश बर्मन नामक युवक की नर्मदा नदी में डूबने से हुई मौत के मामले में मंगलवार को ग्रामीणों ने गौर-एकता मार्केट के पास हाईवे पर मृतक का शव रखकर जाम लगा दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि मृतक के परिजनों को 10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता दी जाए तथा मौत के लिए दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। स्थिति को देखतें हुए एसडीएम सहित पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर मामले को शांत कराया। वहीं मृत युवक के परिजनों को एक लाख की आर्थिक सहायता तत्काल दी गई। इसके साथ ही शासन की अन्य योजनाओं के माध्यम से भी आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का लिखित आश्वासन दिया। एसडीएम ने युवक की मौत के कारणों की जांच कराए जाने का भरोसा ग्रामीणो को दिलाया।

यहां उल्लेखनीय है कि गौर पुलिस चौकी के अंतर्गत नर्मदा नदी के खिरैनी जमतरा घाट में अवैध रेत उत्खनन की सूचना जिला प्रशासन को मिली थी, जिस पर कार्रवाई करने एसडीएम के नेतृत्व में एक टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची थी। इसी दौरान टीम को देख कर मौके पर भगदड़ की स्थिति बनी और कुछ युवक नदी की ओर भागे। इसी दौरान आकाश बर्मन नामक युवक नदी में गिर गया और गहराई में चले जाने के कारण वह बाहर नहीं आ सका। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा उसे बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। ग्रामीणों का आरोप था कि युवक को जानबूझकर नदी में गिराया गया था जिसके बाद से ग्रामीण आक्रोशित थे।

## मैदान में जमे फड़ से 10 जुआडी गिरफ्तार, 50 हजार रुपए जब्त

**जबलपुर।** हनुमानताल पुलिस ने आंगनबाड़ी केंद्र के पास मैदान में बिजली खंबे के नीचे चल रहे एक जुए के फड़ पर छापा मारकर 10 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी 50 हजार 300 रुपए जब्त किए है। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस मुखबिर की सूचना पर हनुमानताल आंगनबाड़ी केन्द्र के पास मैदान बिजली खम्बे के नीचे लाईट में जुआ मन्ना खेल रहे अनिकेत जांगड़े उर्फ अनिकेत खटीक, आदित्य खटीक, सुमित खटीक, अंकित खटीक, अनुराग विश्वकर्मा, अंकित कुमार बेन, शिव खटीक, धर्मेन्द्र खटीक, शिवम सोनी, अभिषेक खटीक को गिरफ्तार कर उनके पास से ताश के पत्ते एवं 50 हजार 300 रूपये जप्त करते हुये जुआड़यों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।




अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 911100352, दमोह नाका 911100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बदिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बदिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलर: पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुर्ना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, पटासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरूकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी : श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल, 9617241112, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, 83058099514, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, रामपुर नैकिन (सीधी): लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 9406782277, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुन्नौर: मधुवन मोटर्स, 8959050501, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240